

अंबेडकर जयंती आज

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 | अंक 195 | पृष्ठ 12

रीवा, मंगलवार 14 अप्रैल, 2026

वैशाख कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2083

नगर | मूल्य 5 रुपए


# यूसीसी कमेटी के गठन को कैबिनेट की मंजूरी

## 5 सदस्यीय कमेटी उत्तराखंड-गुजरात मॉडल का अध्ययन कर दो माह में सौंपेगी रिपोर्ट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** उत्तराखंड और गुजरात के बाद मध्य प्रदेश में भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यूसीसी लागू करने के लिए समिति गठन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। समिति में अध्यक्ष के अलावा पांच सदस्य शामिल होंगे। इसके लिए नामों का एलान भी जल्द किया जाएगा। यह समिति उत्तराखंड और गुजरात के यूसीसी मॉडल का अध्ययन कर 60 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। कैबिनेट ने इसके लिए विधि एवं विधायी विभाग को अधिकृत करने का भी अनुमोदन किया है। हालांकि तत्कालिक परिस्थितियों के हिसाब से समिति को रिपोर्ट देने के लिए और समय दिया जा सकता है। समान नागरिक संहिता अधिनियम को तैयार करने के लिए समिति में सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को अध्यक्ष बनाया जाएगा। जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा के एसीएस व पीएस स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ता, महिला अधिकार और सामाजिक क्षेत्र के विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्त्ता के अलावा किसी विश्वविद्यालय के कुलगुरू या वरिष्ठ प्रोफेसर को भी सदस्य बनाया जाएगा।

बैठक में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंत्रियों से यूसीसी को लेकर प्रचार-प्रसार करने को कहा है। उन्होंने कहा विशेष तौर पर प्रभारी मंत्री जब भी अपने जिलों में जाएं, तो यूसीसी को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने का प्रयास करें। इसके लिए बुद्धिजीवियों और वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ युवाओं से भी संवाद किया जाए। इसके लिए अलग-अलग बैठकें बुलाई जाएं।

## प्रदेश में 6 और मेडिकल कॉलेज खुलेंगे

- छह जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद ने मुहर लगाई। इसके लिए 12 सौ करोड़ की राशि भी मंजूर की गई है।
- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने बताया कि राजगढ़, मंडला, नीमच, मंदसौर, शिवपुरी और सिंगरौली में नए मेडिकल कॉलेज शुरू करने का निर्णय लिया गया है।
- 8 नए वन स्टॉप सेंटर मैहर, मऊगंज, पांढुर्णा, धार में मनावर और पीथमपुर, इंदौर में लसूडिया और सांवेर एवं झाबुआ में पेटलावद में संचालित किए जाएंगे।
- सागर की मिडवासा मध्यम सिंचाई परियोजना पर सहमति जताई गई।
- भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग और लोकनिर्माण विभाग के विभिन्न प्रस्तावों और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के लिए बजट स्वीकृति भी दी।




अत्यंत प्रिय, महान पार्श्व गायिका को श्रद्धांजलि!

### उन्नत कृषि मेला के समापन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने की घोषणा

# रायसेन में बनेगा रिंग रोड, सौंदर्यीकरण भी

**जागरण, रायसेन।** खेती का भविष्य अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेदर स्टेशन, सैटेलाइट आधारित सूचना, ड्रोन, नैनो यूरिया और आधुनिक कृषि तकनीकों से जुड़ चुका है, इसलिए किसानों को समय के साथ बदलना होगा। ज्ञान रूपी शक्ति को संपत्ति में बदलना आज कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि इस मेले में लगाए गए मॉडल, आधुनिक तकनीकों, नवाचार, सफल प्रयोगों को किसान अपनी खेती में अपनाएं। ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन संभव हो सके। किसान केवल अन्नदाता नहीं रहेगा, बल्कि ऊर्जा दाता, ईंधन दाता, हवाई ईंधन दाता, डामर दाता और हाइड्रोजन दाता भी बनेगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रायसेन में तीन दिवसीय उन्नत कृषि मेला का समापन करते हुए यह बात कही। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर, हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



**सीएम ने भोपाल स्टेट हैंगर पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंटकर उनका स्वागत किया।**

### यह समापन नहीं, नई शुरुआत है: शिवराज

इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने उन्नत कृषि मेला को किसानों की किस्मत बदलने वाली नई शुरुआत बताते हुए कहा कि एकीकृत खेती के मॉडल के माध्यम से छोटे खेत के टुकड़े पर भी अधिक आमदनी प्राप्त की जा सकती है। सरकार किसानों की आय बढ़ाकर ही चैन की सांस लेगी। मेले में जारी किए गए प्रदेश के चार जिलों के रोडमैप की मॉनिटरिंग के लिए टास्क फोर्स बनाई जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति भी गठित की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार की टीमें मिलकर यह सुनिश्चित करेंगी कि जो संकल्प यहां लिये गए हैं, वे केवल घोषणा बनकर न रह जाएं, बल्कि पूरी ताकत के साथ जमीन पर उतर सकें।

### कांग्रेस अध्यक्ष जीतू को नहीं जाने दिया कृषि मेले में

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** रायसेन में आयोजित में कृषि मेले में शामिल होने जा रहे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पुलिस प्रशासन ने रास्ते में रोक दिया। जिससे पटवारी और पुलिस अधिकारियों के बीच जमकर बहस हुई। कांग्रेस नेता ने कहा कि वे किसी टकराव के लिए नहीं,बल्कि संवाद के लिए मेले पर जाना चाहते थे,किन्तु सरकार विपक्ष की आवाज दबाने पर तूली हुई है। कृषि मेले में शामिल होने का एलान करने के बाद प्रशासन और पुलिस ने उनके आवास से लेकर रायसेन रोड तक जमकर घेराबंदी कर दी। जगह-जगह बेरीकेट्स लगाए गए। पटवारी रायसेन के लिए रवाना हुए तो उन्हें भोपाल में ही एक स्कूल के पास पुलिस ने रोक दिया। पुलिस से बहस करने के उपरांत पटवारी को वापस लौटना पड़ा। इस पर पटवारी ने कहा कि उन्होंने मेले में शामिल होने की अनुमति के लिए पत्र लिखा था, लेकिन उन्हें मंजूरी नहीं दी गई। पुलिस तैनात कर मेले को विपक्ष की मौजूदगी से बचने की कोशिश की गई।

### भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता, पाक की भूमिका पर सवाल

# संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में पहलगाम आतंकी हमले से टीआरएफ का लिंक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी कूटनीतिक जीत मिली है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक ताजा रिपोर्ट में द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ा गया है। टीआरएफ को पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का फ्रंट माना जाता है।

संयुक्त राष्ट्र की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम की 36वीं रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी। इस हमले में 26 नागरिकों की मौत हुई थी हमले के बाद टीआरएफ ने घटना स्थल की तस्वीर भी जारी की थी। हालांकि बाद में टीआरएफ ने अपने दावे से पीछे हटने की कोशिश की, लेकिन रिपोर्ट में यह भी दर्ज है कि किसी अन्य संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली।

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह रिपोर्ट



पाकिस्तान की उस रणनीति को कमजोर करती है, जिसमें वह आतंकी संगठनों को 'नए और सेक्युलर नाम' देकर उनकी पहचान छिपाने की कोशिश करता है। टीआरएफ और 'पीपुल अगेंस्ट फासिस्ट फ्रंट' जैसे नामों के जरिए आतंकवादी गतिविधियों को स्थानीय और अलग दिखाने की कोशिश की जाती रही है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय पहल की थी। भारतीय अधिकारियों ने अमेरिका और अन्य देशों में जाकर जानकारी साझा की। यूएन की 1267 सैंक्शंस कमेटी को टीआरएफ के खिलाफ डोजियर सौंपा गया।

### कई साल बाद पाकिस्तान-आधारित संगठनों का जिक्र

रिपोर्ट की खास बात यह है कि कई सालों के बाद पहली बार यूएनएससी की रिपोर्ट में एलईटी और पाकिस्तान-आधारित आतंकी नेटवर्क का स्पष्ट उल्लेख हुआ है। इससे पहले जब पहलगाम हमले पर संयुक्त राष्ट्र ने बयान जारी किया था, तब पाकिस्तान ने टीआरएफ का नाम शामिल होने से रोक दिया था।

### भारत के दावे को मिली मजबूती

रिपोर्ट में यह भी संकेत दिया गया कि एक सदस्य देश ने कहा कि यह हमला एलईटी के समर्थन के बिना संभव नहीं था। दूसरे देश ने टीआरएफ को एलईटी का ही दूसरा नाम बताया। हालांकि एक अन्य देश (संकेततः पाकिस्तान) ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि एलईटी अब निष्क्रिय है।




प्रफुल और साकिब के कहर ने रोका रॉयल्स का विजयी रथ (पेज : 11)



## राज्यसभा में सिंधी समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए: दिलीप



**रीवा।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता दिलीप थारवानी एड.ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राष्ट्रीय महासचिव नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पत्र लिख कर मांग की है कि सिंधी समाज को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व दिया जाए इससे कांग्रेस पार्टी के प्रति सिंधी समाज अल्पसंख्यक वर्ग का जुड़ाव और बढ़ेगा। उन्होंने प्रेषित पत्र में कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कई वर्षों से कार्य कर रहा हूं, मेरा पूरा परिवार कांग्रेस पार्टी के लिए कई वर्षों से समर्पित रहा है लेकिन पार्टी द्वारा कभी भी उचित महत्व नहीं दिया गया। थारवानी ने कहा कि यदि मेरे जैसे कार्यकर्ता को कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्यसभा में जाने का अवसर दिया तो मध्य प्रदेश ही नहीं देश के हजारों हजार सिंधी व्यापारी समाज के युवा साथी पार्टी के विचारधारा से जुड़कर पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करेंगे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर (अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599, 9399312433

# कल से गेहूं खरीदी, दूरस्थ खरीदी केंद्रों में नहीं पहुंचे बारदाने



## पोर्टल पर किसानों के नाम भी नहीं दर्शा रहे, ऐसे में भला कैसे होगी खरीदी

**जागरण, रीवा।** बुधवार से शहर सहित जिले, संभाग भर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होना है, किन्तु अभी तक खरीदी केन्द्रों में बारदाने ही नहीं पहुंचे। सिर्फ चना और मसूर के लिए बारदाने भिजवाए गए हैं, वह भी नाममात्र। ऐसे में खरीदा गया गेहूं कहां रखेंगे? क्योंकि मण्डी के अधिकतर शेडों में व्यापारियों का ही माल रखा रहता है, जिससे वहां स्थानाभाव है। किसानों की मानें तो पोर्टल पर रजिस्टर्ड किसानों के नाम भी नहीं दर्शा रहे, ऐसे में खरीदी करने वालों के सामने कौन से किसानों से गेहूं खरीदी करें की समस्या भी पैदा होगी। फिलहाल गेहूं खरीदी को लेकर मण्डी में कोई तैयारी देखने को नहीं मिली। यहां सिर्फ मसूर और चने के लिए बारदानों की दो-चार गठानें रखी हुई हैं।

**किसानों के लिए नहीं कोई व्यवस्था :** मण्डी में उपस्थित कर्मचारी व हम्मालों ने बताया कि मण्डी में न तो किसानों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था है न ही यहां बने सुविधाघर खोले जाते हैं। ये समस्या आज से नहीं बल्कि लंबे समय से चली आ रही है, हर बार किसानों को उम्मीद रहती है कि इस बार उन्हें यहां पीने के पानी और सुविधाघर की व्यवस्था मिलेगी, किन्तु इस बार भी ऐसी कोई तैयारी देखने को नहीं मिली। खाद वितरण के दौरान भी किसानों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा था उस समय यहां पंचायत से पानी का टैंकर बुलवाकर खड़ा किया जाता था, जो अभी यहीं खड़ा धूल फांक रहा है, बताते हैं कोई असामाजिक तत्व टैंकर में तोड़फोड़ भी कर गया।

## नये कोर्ट परिसर में 2000 लीटर क्षमता वाले आरओ वाटर एटीएम का शुभारंभ



### महापौर के पहल की अधिवक्ताओं ने की सराहना

**रीवा।** शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नवीन कोर्ट कार्यालय परिसर में 2000 लीटर क्षमता वाले आरओ वाटर एटीएम का शुभारंभ किया गया। महापौर अजय मिश्रा बाबा की उपस्थिति में वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा इस सुविधा का शुभारंभ किया गया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि न्यायालय परिसर में आने वाले आमजन एवं अधिवक्ताओं को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। यह स्थान नागरिकों की सुविधाओं मीठे जल की आवश्यकता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी अधिवक्ताओं ने भी इस व्यवस्था को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे न्यायालय परिसर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की बहुत आवश्यकता थी। इस एटीएम के खुलने से परिसर में आने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस पहल से न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों को अब आसानी से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान कार्यक्रम में सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद अशोक पटेल झब्बू, ओमप्रकाश तिवारी, अमृतलाल मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता, अधिवक्ता संघ के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन कल

**रीवा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के शुभ अवसर पर बुधवार को कोल भवन चिरहुला कॉलोनी में सुबह 9 बजे से मप्र शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल के तत्वावधान में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री मप्र शासन राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे, अध्यक्षता सांसद रीवा जनार्दन मिश्रा करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह, सेमरिया विधायक अभय मिश्रा, सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी व विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति रहेंगे। सुबह 9 से 10 बजे तक हितग्राहियों का आगमन होगा, 10 से 11 बजे अतिथियों का आगमन, 11 से 12 बजे कार्यक्रम व 12 से दोपहर 1 बजे प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## 18.70 लाख की आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण का भूमिपूजन



**रीवा।** नगर निगम के जोन क्रमांक-3 अंतर्गत वार्ड-13 में 18.17 लाख की लागत से होने वाले आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन सोमवार को शिवशरण शर्मा व रमेश पाण्डेय द्वारा किया गया। निर्दलीय वार्ड पार्षद नम्रता संजय सिंह बघेल ने बताया कि उनके द्वारा अपने वार्ड में लगातार रोड, नाली, पार्क बनवाने के लिए प्रयासरत हैं और लगातार इस संबंध में पत्र लिखती हूं। पार्षद ने निगम कमिश्नर सौरभ सोनवणे को धन्यवाद प्रेषित किया कि वे कलेक्टर बनने के पूर्व चार करोड़ रूपए की नाली, रोड को मंजूरी दे गए। वार्ड वासियों ने कर्मवीर शर्मा, सौरभ सुमन, संस्कृति जैन, श्री मीणा को धन्यवाद दिया है।

## उचित मूल्य दुकान संचालक समूह पर लगाया अनियमितता का आरोप

**रीवा।** ग्राम पंचायत नगमा की सरपंच सुशीला, कमलकांत तिवारी, रविकरण उपाध्याय, बृजेन्द्र द्विवेदी, बृजलाल सोनी सहित अन्य ग्रामवासियों ने कलेक्टर को शिकायत कर बताया कि ग्राम में स्थित सहकारी उचित मूल्य दुकान का संचालक समूह अनियमितता बरतते हुए भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसके द्वारा उपभोक्ताओं को अनाज कम तौल कर दिया जा रहा है, मशीन से पर्ची निकालकर रख लेना व हितग्राही को खाद्यान्न नहीं देना, दुकान समय पर नहीं खोली जाती, उपभोक्ताओं द्वारा पूछे जाने पर अभद्र व्यवहार व गाली,गलौच कर उन्हें भगाने जैसे आरोप लगाए हैं। ग्रामवासियों ने दुकान की जिम्मेदारी किसी अन्य समूह अथवा सरकारी एजेन्सी को दिए जाने की मांग की है।

## एसडीईआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**रीवा।** जिला सेनानी मीनाक्षी चौहान के निर्देशानुसार गोविन्दगढ़ अनुभाग के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर प्लाटून कमांडर विकास कुमार पांडेय एवं एसडीइआरएफ जवानों द्वारा समस्त अस्पताल स्टाफ को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बाढ़, भूकंप, अग्नि आदि के समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं इंप्रोवाइज तरीके से निदान के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में फायर एक्सटिंग्विशर का इस्तेमाल करने की समझाईश दी गई एवं आपदा के दौरान इस्तेमाल होने वाले स्टैंडर्ड उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रशिक्षण में सीबीएमओ सुधाकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान निर्माता की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस करेगी आयोजन



**रीवा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वावधान मे संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर आज 14 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष जिला ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू सहित समस्त कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पंजलि अर्पित कर नमन किया जाएगा। इंजी. राजेन्द्र शर्मा द्वारा सभी कांग्रेस जनों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी जायेगी एवं उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जावेगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा व शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने सभी कांग्रेस जनों से कलेक्ट्रेट स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष पहुंचने की अपील की है।

# मैं कलेक्टर हूं! आपके गांव समस्याओं को समझने व निराकरण करने आया हूं

### रीवा में पहली बार किसी कलेक्टर ने बस से किया क्षेत्र का भ्रमण

### जवा के जतरी गांव पहुंचे, लोगों की समस्या सुनी व निराकरण भी किया



**जागरण, रीवा**

रीवा में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी कलेक्टर ने ज्वाइन करते क्षेत्र का भ्रमण बस से किया हो, वह भी पूरे विभागीय कुनबे के साथ। दर असल नवागत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी जिले में अपनी उपस्थिति देने के उपरांत प्रथम दिन ही बस में सवार होकर जिला अधिकारियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में जमीनी हकीकत जानने पहुंचे। उन्होंने जवा विकासखण्ड अन्तर्गत जतरी गांव में शासन की योजनाओं से लाभांवित हो रहे हितग्राहियों से रूबरू चर्चा की तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। जतरी ग्राम में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने अपना परिचय दिया तथा कहा कि मैं गांव में जिले के अन्य अधिकारियों के साथ आया हूँ। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय सीमा में मिले यह हमारी प्राथमिकता है। गांव की समस्याओं को जानने समझने व शासन के संकल्प को पूरा करने का यह सिलसिला जिले में अनवरत चलता रहेगा। जतरी गांव के निवासियों ने भी अपने गांव में पहली बार पहुंचे जिले के कलेक्टर से बेझिझक अपनी और गांव की समस्यायें बताई जिनका कलेक्टर ने निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। राजस्व विभाग अन्तर्गत सीमांकन के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर लगाकर सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में पूछा, उन्होंने आंगनवाड़ी भवन के समय पर खुलने तथा बच्चों की उपस्थिति की ग्रामीणजनों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। खाद की उपलब्धता ,से संबंध में ई माध्यम से ही खाद लेंने तथा अपने खेतों की नरवाई कदापि न जलाने की समझाइश दी। वहीं किशोरी बालिकाओं को एचपीव्ही टीका लगाकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये जागरूक किया। ग्रामीणजनों ने डॉक्टर्स की कमी की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट किया जिस पर उन्होंने कहा कि शासन स्तर से डॉक्टर्स की कमी को दूर किया जा रहा है। कलेक्टर ने एफआरए के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश एसडीएम को दिये। ग्रामीण विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कलेक्टर ने पीएम आवास के हितग्राहियों से चर्चा की तथा कहा कि स्वीकृत आवास तत्काल बनाना प्रारंभ करें। उन्होंने शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग कर जल संचय के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीणजनों से अपेक्षा की कि जल संरक्षण के लिये घरों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवायें। इस दौरान बताया गया कि गांव में स्वीकृत 3 खेत तालाब में से दो का कार्य पूर्ण हो गया है। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी को बिगड़े हैण्डपंप बनाने तथा जिन हैण्डपंप में जल स्तर नीचे चला गया है उनमें राइजिंग पाइप तत्काल बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीण जनों से अपेक्षा की कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिये जागरूक रहें तथा गांव व जिले के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल सहित जनपद स्तरीय अधिकारी तथा विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों से पढ़वाया, पहाड़ा पूछा और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता देखी



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने वनांचल ग्राम जतरी के भ्रमण के दौरान विद्यालय में छात्रा अंतिमा से पाठ पढ़वाया तथा उत्तम प्रसाद से 7 का पहाड़ा पूछा। उन्होंने बच्चों के साथ जमीन में बैठकर उनसे पढ़े जाने वाले विषयों के विषय में जानकारी ली। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालय भवन का सुधार कार्य प्रारंभ करायें तथा जर्जर भवन को हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने विद्यालय में बन रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी देखी। कलेक्टर ने किताबों एवं साइकिल वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अभिभावकों से अपेक्षा की कि अपने बच्चों का स्कूल में प्रवेश अवश्य करायें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा, डीपीसी राजेश तिवारी उपस्थित रहे।

## व्यापारियों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी



### 65 साल पुरानी रोजी-रोटी बिना विस्थापन छीनना अन्यायः प्रमोद

**रीवा।** सुपर स्पेशलिटी मार्केट के व्यापारियों की दुकानों को अतिक्रमण के नाम पर जमींदोज किए जाने की कोसिस के विरोध में व्यापारियों का धरना चौथे दिन भी जोश और आक्रोश के साथ जारी रहा। अपनी आजीविका की लड़ाई लड़ रहे इन व्यापारियों के समर्थन में आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा पहले दिन से ही डटे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि वे यहाँ पिछले 65 वर्षों से अपनी दुकानें संचालित कर रहे थे। प्रशासन ने बिना किसी ठोस पुनर्वास योजना के वर्षों पुरानी दुकानों को उजाड़ने की सोच ने सैकड़ों परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। धरने को संबोधित करते हुए आप नेता प्रमोद शर्मा ने कहा कि यह केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि गरीबों और मध्यम वर्गीय व्यापारियों की कमर तोड़ना है। जब तक प्रशासन इन व्यापारियों को उचित स्थान और न्याय नहीं दिलाता, हम पीछे नहीं हटेंगे। भारी गर्मी और प्रशासनिक उदासीनता के बावजूद व्यापारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। धरने में शामिल बुजुर्ग व्यापारियों की आंखों में अपनी 6 दशकों की मेहनत को उजड़ते देखने का दर्द साफ झलका।

## सिलेण्डर बुक करने नहीं लग रहे नंबर कभी बंद तो कभी बता रहा व्यस्त

### पहले से परेशान उपभोक्ता और परेशान, व्यापारियों को आसानी से हो रहे उपलब्ध



**जागरण, रीवा।** शहर में घरेलू रसोई गैस सिलेण्डर की किल्लत ने उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ा दी है, कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे लोग पिछले सप्ताह भर से सिलेण्डर बुक करवाने मोबाइल नंबर पर कॉल कर रहे हैं, लेकिन नंबर ही नहीं लग रहा, अधिकतर समय नंबर बंद ही बताया जाता है या फिर व्यस्त बता रहा है, जिससे लोगों को भोजन पकाने के लिए इंडक्शन, चूल्हे, सिगड़ी आदि का जुगाड़ करना पड़ रहा है, रीवा गैस एजेन्सी में सिर्फ सुबह के समय सिलेण्डर बआंटे जा रहे हैं, सुबह के बाद यदि कोई उपभोक्ता यहां सिलेण्डर लेने पहुंचे तो उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सोमवार को भी कई लोग यहां से सिलेण्डर लिए बिना ही लौटे, उपभोक्ताओं में किसी का नंबर लग चुका है किन्तु उन्हें सिलेण्डर नहीं दिया गया। नियानुसार जिन लोगों के सिलेण्डर बुक हो चुके हैं, उनके लिए सिलेण्डर की व्यवस्था करके रखना चाहिए, उपभोक्ता जब चाहे एजेन्सी से सिलेण्डर प्राप्त कर सकता है, किन्तु ऐसा न कर सुबह सिलेण्डर बांटने के बाद एजेन्सी के जिम्मेदार नदारद हो जाते हैं। जबकि घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग करने वाले होटल, रेस्टोरेंट, ठेला संचालकों को आसानी से गैस सिलेण्डर उपलब्ध हो रहे हैं।

## चोरहटा रानी तालाब एवं झिरिया कुंड में चला सफाई अभियान

**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा क्षेत्र जोन 01 में स्थित चोरहटा रानी तालाब एवं जोन 02 झिरिया कुंड में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तालाब एवं कुंड के आसपास फैली गंदगी की सफाई की गई तथा जल में फैली जलकुंभी की निकासी कर जल स्रोत को स्वच्छ बनाने का कार्य किया गया। झिरिया कुंड में विशेष रूप से व्यापक सफाई करते हुए कुंड के चारों ओर जमा कचरे एवं अवांछित पदार्थों को हटाया गया। वही रानी तालाब के किनारे फैले प्लास्टिक कचरे, सड़ी-गली वनस्पतियों एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाकर जल स्रोत की सफाई सुनिश्चित की गई। इस दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री, स्वास्थ्य अधिकारी, उपयंत्री एवं स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान कर सक्रिय सहभागिता निभाई।

### गंदगी न फैलाने की सामूहिक शपथ भी ली

अभियान के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों द्वारा जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने एवं गंदगी न फैलाने की सामूहिक शपथ भी ली गई। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, उपयंत्री रमेश सिंह, श्याम सुंदर मिश्रा, हरेराम मिश्रा, निखिल रजक, नरेंद्र कुमार जोगी, स्वच्छता निरीक्षक, आईईसी हेड विवेक परमार सहित नगर निगम के स्वच्छता कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनावः फिर शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया, 41 ने भरा नामांकन

### आरक्षण के बाद महिला वकीलों में दिखा उत्साह



**जागरण, रीवा।** संभाग के सबसे बड़े जिला अधिवक्ता संघ रीवा के संघ पदाधिकारियों हेतु चुनाव प्रक्रिया शुरू होगई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में नामांकन दाखिले के बाद चुनाव से एक दिन महिला आरक्षण को लेकर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। आरक्षण प्रक्रिया लागू होने के बाद सोमवार 13 अप्रैल से फिर से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिला अधिवक्ता संघ रीवा निर्वाचन 2026 के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूर्यनाथ पाण्डेय द्वारा बताया गया है कि सोमवार को सुबह 11 बजे से शायं 5 बजे तक अध्यक्ष पद हेतु कामता प्रसाद तिवारी, बीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, देवी शंकर ओझा, विजय विक्रम सिंह, नीरज वर्मा कुल 6 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद हेतु मानवेन्द्र द्विवेदी, रामाधार कुशवाहा, राजकिशोर चतुर्वेदी कुल 3 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। सचिव पद हेतु शिव कुमार तिवारी, हेमलता पाण्डेय, मनीष सोहगौरा, दिनेश कुमार सेन, सुलभ पाण्डेय, धीरेन्द्र चतुर्वेदी, त्रिगुणसेन तिवारी, कमलभान सिंह, दिनेश कुमार त्रिपाठी कुल 9 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। सह सचिव पद हेतु विवेक कुमार पाण्डेय, इन्द्रेश मिश्रा, शिवालिका यादव, अनिल तिवारी, अनुराग प्रताप सिंह, अशोक कुमार द्विवेदी, संजीव कुमार मिश्रा, भीमसेन पटेल, कुल 8 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद हेतु अंकिता पाण्डेय, नीलम चतुर्वेदी कुल 2 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। ग्रन्थपाल पद हेतु आनंद कुशवाहा, शिवपाल सिंह, शत्रुघन प्रसाद तिवारी, राममणि मिश्रा कुल 4 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। कार्यकारिणी पद हेतु प्रीती सोधिया, अभिषेक गौतम, पूनम पटेल, सिद्धार्थ सिंह, विकाश पटेल, आदर्श दुबे, अजीत कुमार द्विवेदी, महेश तिवारी, सुभम पाण्डेय कुल 9 अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये इस तरह से कुल 41 अधिवक्ताओं ने आज अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये। श्री पांडेय ने बताया कि 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती का अवकाश रहेगा एवं नामांकन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल रहेगी।

### कोषाध्यक्ष के पद के लिए श्रद्धा सिंह भी दावेदार

अधिवक्ता संघ चुनाव में महिला आरक्षण के तहत कोषाध्यक्ष पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने के बाद नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। कोषाध्यक्ष का पद आरक्षित होने के पर डॉ. श्रद्धा सिंह अधिवक्ता ने भी अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की है। डॉ. श्रद्धा सिंह ने अपने विजन को स्पष्ट करते हुए कहा है कि कोषाध्यक्ष पद में पूर्णपारदर्शिता और जवाबदेही भी होती है। श्रद्धा का कहना है कि यदि मौका मिला तो वह अधिवक्ताओं के सम्मान को बनाए रखना उनके प्रमुख संकल्पों में शामिल है।

भारतीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
रतहरा, रीवा (म.प्र.)
हिन्दी माध्यम : कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक (मैथ, बायो, कामर्स)
अंग्रेजी माध्यम: नर्सरी से कक्षा 12वीं तक (CBSE पैर्टन)
विशेषताएं/Facilites
● विषयवार योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन की व्यवस्था।
● एक ही माता-पिता के तीन बच्चों में एक बच्चे की शिक्षण शुल्क माफ।
● R.T.E. के तहत LKG में गरीबों के 25% बच्चों को निःशुल्क प्रवेश।
● कक्षा 11 वीं व 12वीं गणित, विज्ञान, वाणिज्य संकाय में प्रवेश।
नये प्रवेश पर प्रवेश शुल्क में 20% की छूट
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
संपर्क समयः प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक।
संचालक: आर.के.शर्मा (एड.) 9826658430

टाटा शिक्षा एवं सामाजिक विकास समिति, टाटा द्वारा संचालित
टाटा शिक्षा महाविद्यालय
सगरा, रीवा (म.प्र.)
(NCTE से मान्यता प्राप्त)
संबद्ध अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)
महाविद्यालय द्वारा वि.वि. कोड-28 के तहत B.Ed एवं B.Sc-B.Ed के पाठ्यक्रम में अध्यापन हेतु व्याख्याता के निम्न पदों के लिए
आवश्यकता है

| क्र. | पद | संख्या | विषय | योग्यता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्याख्याता | 05 | रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति शास्त्र, हिन्दी | एम.एस.सी. /एम.ए. एम.एड. /नेट अनुभव को प्राथमिकता | म.प्र. शासन एवं NCTE के नियमानुसार |
| 2. | व्याख्याता | 02 | ललित कला, क्रीड़ा अधिकारी | MFA ,M.PED / पी.एच.डी./ नेट अनुभव को प्राथमिकता | म.प्र. शासन एवं NCTE के नियमानुसार |
| 3. | व्याख्याता शिक्षा | 03 | शिक्षा | एम.एस.सी., एम.ए., एम.कॉम, एम.एड. / पी.एच.डी नेट अनुभव को प्राथमिकता | म.प्र. शासन एवं NCTE के नियमानुसार |

उपर्युक्त विषय के अभ्यार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र सहित 25 अप्रैल 2026 तक कार्यालयीन समय : 10 :30 बजे से शाम 4 :00 बजे तक जमा कर सकते हैं।
सचिव
टाटा शिक्षा एवं सामाजिक विकास समिति, टाटा

PIONEERS SCHOOL OF EXCELLENCE
Behind Vrindawan Colony Near Janta College Anantpur, Rewa (M.P.)
ADMISSION FEES में विशेष छूट 15.04.2026 तक
Nursery to 10th Class An English Medium School
CBSE Pattern Formerly shemrock
National School Award 2021 Winner
ADMISSION OPEN Now Session : 2026-27
Vacancy For - Pre-Primary teacher, PRT (science/mathematics) & office reception.
Phone No.: 8370073017, 9109143141

वर्ष 73 अंक 195 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 14 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

मैं हमेशा जीवन के सकारात्मक पहलू को देखना पसंद करता हूं, लेकिन मैं इतना यथार्थवादी भी हूं कि जानता हूं जीवन एक जटिल मामला है।
- वॉल्ट डिज्नी

भारत सरकार
CBC 22201/13/0010/2627
अब नेतृत्व की बारी है, नारी शक्ति वंदन की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी

3+ करोड़ महिलाएं बनीं लखपति दीदी
35+ करोड़ महिलाओं को मिला मुद्रा लोन

# नोएडा: 42 हजार मजदूर सड़कों पर, 350 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़, 150 वाहन क्षतिग्रस्त

**नोएडा, जेएनएन।** वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर चल रहे श्रमिक आंदोलन ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया। शहर के विभिन्न औद्योगिक इलाकों में फैक्ट्री कर्मचारियों ने जमकर तोड़फोड़, आगजनी और पथराव किया। हालात इतने बिगड़े कि पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा और बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए। 9 अप्रैल से आंदोलन कर रहे करीब 42 हजार कर्मचारी सोमवार को एक साथ सड़कों पर उतर आए। इस दौरान करीब 350 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ की गई और 150 से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। 50 से अधिक गाड़ियों में आगजनी की गई। पुलिस की गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। हिंसा की शुरुआत नोएडा के फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया से हुई, जहां कर्मचारियों की मांगों पर सुनवाई न होने से तनाव बढ़ गया। इसके बाद प्रदर्शन तेजी से कई इलाकों में फैल गया। सेक्टर 57 में 30 से ज्यादा फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ हुई, जबकि सेक्टर 40 और 60 में कंपनियों का घेराव किया और सेक्टर 85 में डिक्सन कंपनी का गेट तोड़ा गया।

**नोएडा** फेज-2 और सेक्टर 60 में आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव। कई वाहनों में आग लगाई। तीन दिनों से वेतन वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे मजदूर।

**गुरुग्राम** प्रदर्शन के दौरान कंपनियों को पेट्रोल बम से जलाने की साजिश का खुलासा। व्हाट्सएप चैट में अहम सबूत मिले। तोड़फोड़, आगजनी और हिंसा के लिए उकसाया।

**भिवाड़ी** वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर काम बंद। चौपांकी इंडस्ट्रियल एरिया में विरोध हिंसक हुआ। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। महिलाओं से भी बदसलूकी।

### मुख्य मांगें

- वेतन में बढ़ोतरी
- समय पर सैलरी
- बेहतर कार्य परिस्थितियां
- ओवरटाइम का उचित भुगतान

**प्रशासन के अहम फैसले**

- कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए समितियां
- शिकायत पेटियां लगाने का निर्देश
- हर महीने की 10 तारीख तक वेतन भुगतान अनिवार्य
- कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करना



### भिवाड़ी में भी उग्र प्रदर्शन: पुलिस का लाठीचार्ज

**जयपुर/भिवाड़ी, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बाद राजस्थान के भिवाड़ी में भी वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन उग्र हो गया। चौपांकी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक निजी कंपनी में शुरू हुआ विरोध अचानक हिंसक रूप ले बैठा, जिसके बाद पुलिस को हालात काबू करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, सुप्राजीत इंजीनियरिंग लिमिटेड के कर्मचारियों ने सोमवार सुबह वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर काम बंद कर दिया और धरने पर बैठ गए।

### गुरुग्राम: कंपनियों को पेट्रोल बम से उड़ाने की साजिश, 6 गिरफ्तार

हरियाणा के मानेसर में वेतन बढ़ोतरी आंदोलन के बीच चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि प्रदर्शन की आड़ में कंपनियों को पेट्रोल बम से जलाने की साजिश रची जा रही थी। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से व्हाट्सएप चैट मिली हैं। गुरुग्राम पुलिस के मुताबिक, यह साजिश कुछ बाहरी लोगों द्वारा रची गई थी, जिन्होंने कर्मचारियों को तोड़फोड़, आगजनी और हिंसा के लिए उकसाया।

### इधर... पीथमपुर 4 किमी लंबा जाम

प्रदेश की औद्योगिक नगरी पीथमपुर में भी हजारों मजदूरों ने वेतन की मांग को लेकर 4 किमी तक लंबा जाम लगा दिया। ये मजदूर मदरसन सोनी वायर कंपनी में काम करते हैं।

# होर्मुज में अमेरिकी नाकेबंदी शुरू, बातचीत के भी संकेत

## ईरान बोला- हमला हुआ तो कोई बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा

**तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। भारतीय समयानुसार यह कार्रवाई सोमवार शाम 7.30 बजे लागू हुई। नाकाबंदी लागू होते ही ट्रंप ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि कोई भी ईरानी जहाज अगर अमेरिकी नाकाबंदी के पास आता है तो उसे तुरंत तबाह कर दिया जाएगा। इसके लिए तेज और सख्त सैन्य कार्रवाई की जाएगी। इधर, ईरान ने भी अमेरिका को सख्त चेतावनी दी है कि अगर उसके बंदरगाहों पर हमला हुआ तो फारस की खाड़ी और ओमान सागर में कोई भी पोर्ट सुरक्षित नहीं रहेगा। हालांकि तनाव के बीच बातचीत के संकेत भी मिले हैं। ट्रंप ने दावा किया कि नाकाबंदी के बाद ईरान ने संपर्क किया है और अब समझौते के लिए तैयार दिख रहा है। पाकिस्तान ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर जल्द हो सकता है।




### होर्मुज: दुनिया की ऊर्जा लाइफलाइन

होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का सबसे अहम मार्ग है। युद्ध शुरू होने से पहले यहां से दुनिया का लगभग 20 फीसदी तेल परिवहन होता था।

### नाकेबंदी का असर

- अमेरिकी कच्चा तेल 8 पुीसदी बढ़कर 104.24 डॉलर प्रति बैरल
- ब्रेंट क्रूड 7 फीसदी बढ़कर 102.29 डॉलर प्रति बैरल

*विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह टकराव बढ़ता है, तो वैश्विक ऊर्जा संकट और गहरा सकता है।*

### ऑफ बीट

## बेटे की मौत छिपाने को लिया एआई का सहारा



*चीन से सामने आई एक ऐसी ही मार्मिक कहानी ने दुनिया भर के लोगों को भावुक कर दिया है। एक परिवार ने अपने बेटे की मौत की सच्चाई छिपाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया। मामला चीन के शानदोंग प्रांत का है। यहां एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की मां करीब 80 साल की हैं और दिल की बीमारी से पीड़ित हैं। परिवार को डर था कि बेटे की मौत का सदमा वह सह नहीं पाएंगी। मां को बेटे की मौत की सच्चाई न बताकर उन्हें इस दर्द से बचाया जाए। परिवार ने एआई विशेषज्ञ से संपर्क किया। उन्होंने मृत बेटे की तस्वीरें, वीडियो और आवाज के सैंपल इकट्ठा किए और डिजिटल अवतार तैयार किया गया जो देखने में बिल्कुल बेटे जैसा लगता है, उसी आवाज में बात करता है। वही बोलने का अंदाज और आदतें दोहराता है।*

### खिलवाड़: 'मैजिक' कीट्रूडा बड़े अस्पतालों से लीक

# मरीजों को 1.5 लाख में मिल रही कैंसर की नकली दवा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में कैंसर के बढ़ते मामलों के बीच एक बेहद चिंताजनक और दिल दहला देने वाला खुलासा सामने आया है। दुनिया की महंगी और प्रभावी मानी जाने वाली कैंसर दवा कीट्रूडा अब नकली रूप में मरीजों तक पहुंच रही है। कीट्रूडा की एक खुराक की कीमत 1.5 लाख रुपए से अधिक है। जांच में सामने आया है कि यह सिर्फ बाहरी गिरोह का काम नहीं, बल्कि अस्पतालों के भीतर तक फैले एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा है।

दिल्ली के प्रतिष्ठित राजीव गांधी कैंसर संस्थान में काम करने वाले दो फार्मासिस्ट इस मामले में पकड़े गए। उनके पास से आधे भरे हुए कीट्रूडा वायल और खाली बॉक्स बरामद हुए। जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल के अंदर से ही दवाओं के वायल बाहर निकाले जा रहे थे। इन वायल्स के बैच नंबर अस्पताल में इस्तेमाल हुए बैच से मेल खाते थे। यानी मरीजों को दी जाने वाली असली दवा का हिस्सा बाहर निकालकर नकली कारोबार में इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस को आरोपियों के मोबाइल से व्हाट्सएप चैट मिली, जिसमें 'खाली वायल' और 'नए बैच' की मांग, दवा की उपलब्धता और कीमत पर बातचीत, सप्लाई की पूरी योजना स्पष्ट रूप से दिखती है। यह डिजिटल सबूत इस पूरे नेटवर्क की रीढ़ साबित हुए।



### इस तरह काम करता था रैकेट

*जांच में सामने आया कि यह एक बहु-शहर नेटवर्क है, जिसमें फार्मासिस्ट, अस्पताल कर्मचारी और बिचौलिए शामिल हैं। इस गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद सुनियोजित थी।*

- अस्पतालों से खाली या आधे इस्तेमाल किए गए वायल चोरी किए जाते थे।
- इन वायल्स को दूसरी सस्ती दवाओं से भरकर फिर से सील किया जाता था।
- असली बैच नंबर और पैकेजिंग का इस्तेमाल कर इन्हें असली जैसा बनाया जाता था।
- मरीजों को 'सस्ती' दरों पर बेच दिया जाता था।
- करीब 1.5 लाख रुपए की दवा को 90 हजार रुपए में बेचकर मरीजों को आकर्षित किया जाता था।

### पंजाब से शुरू हुई कहानी, पूरे देश में फैला जाल

मामले की शुरुआत पंजाब से हुई। चंडीगढ़ के पास रहने वाली 56 वर्षीय महिला का 2022 में लीवर कैंसर का इलाज शुरू हुआ। डॉक्टरों ने उन्हें कीट्रूडा की सलाह दी। परिवार ने 'डिस्काउंट' के लालच में स्थानीय मेडिकल स्टोर से 12 इंजेक्शन करीब 16 लाख रुपए में खरीदे। सब कुछ सामान्य था। पैकेजिंग, लेबल, यहां तक कि बैच नंबर भी असली जैसे थे। कुछ समय बाद दिल्ली पुलिस का फोन आया। जांच में पता चला कि ये दवाएं नकली थीं और कैंसर की जगह एंटी-फंगल दवा भरी हुई थी।

# बंगाल एसआईआर विवाद: सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार, कहा- जिनके नाम कटे, वे वोट नहीं देंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने साफ कहा कि जिन मतदाताओं के नाम एसआईआर प्रक्रिया में हटाए गए हैं, उन्हें इस चरण पर वोट डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि चुनाव से महज 10 दिन पहले प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। कोर्ट ने तर्क दिया कि अगर हटाए गए मतदाताओं को वोट देने की अनुमति दी जाती है, तो इससे उन लोगों के अधिकार प्रभावित होंगे, जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल हैं। सीजेआई ने यह भी कहा कि 'अगर एसआईआर प्रक्रिया पर लगातार आपत्तियां आती रहेंगी, तो चुनाव कराना ही मुश्किल हो जाएगा।'




**34 लाख से ज्यादा अपीलें लंबित**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 11 अप्रैल तक 34 लाख से ज्यादा अपीलें दायर हो चुकी हैं, जिन पर अभी फैसला आना बाकी है। यानी बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता हैं, जिनके नाम हटाए गए हैं और वे न्याय की प्रतीक्षा में हैं।

**100% सटीकता संभव नहीं**

कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया में संभावित त्रुटियों को भी स्वीकार किया। जस्टिस बागची ने कहा कि जांच अधिकारियों से 100 फीसदी सटीकता की उम्मीद नहीं की जा सकती। वे भारी दबाव और समय सीमा में काम कर रहे हैं।

**कोर्ट ने कब हस्तक्षेप की बात कही:** हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर चुनाव परिणाम पर असर पड़ता है, तो वह दखल दे सकता है। जस्टिस बागची ने कहा, अगर जीत का अंतर 2 फीसदी हो और 15 फीसदी मतदाता वोट नहीं डाल पाए हों तो यह गंभीर चिंता का विषय होगा और अदालत इस पर विचार कर सकती है।

# हंगरी: मग्यार की ऐतिहासिक जीत 16 साल बाद ओर्बान सत्ता से बाहर

**बुडापेस्ट, जेएनएन।** हंगरी में विपक्षी नेता पीटर मग्यार ने संसदीय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, जबकि लंबे समय से सत्ता में रहे प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान ने हार स्वीकार कर ली है। ओर्बान ने इस नतीजे को 'दर्दनाक लेकिन स्पष्ट' बताया। ओर्बान पिछले 16 साल से सत्ता में थे। उनकी हार को हंगरी की राजनीति में बड़े युग के अंत के रूप में देखा जा रहा है। मग्यार की पार्टी टिस्जा दो-तिहाई बहुमत हासिल करने की ओर है।



### ओर्बान की हार पर यूरोप में जश्न

नतीजों को यूरोपीय संघ (ईयू) के लिए एक अहम राजनीतिक मोड़ माना जा रहा है। उर्सला वॉन डेर लेयन ने कहा कि 'आज हंगरी में यूरोप का दिल और मजबूत धड़क रहा है।' एंटोनियो कोस्टा ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया। डोनाल्ड टस्क ने भी खुशी जाहिर करते हुए नई नेतृत्व टीम को समर्थन दिया। हंगरी में अब पीटर मैग्यर के नेतृत्व में नई सरकार बनने की संभावना है।

**दक्षिणपंथ की चिंता**

- मैरिन ले पेन ने कहा कि ईयू का यह उत्साह हंगरी की संप्रभुता के लिए चिंता का विषय है।
- गीर्ट विल्डर्स ने ओर्बान को 'ईयू में सबसे मजबूत नेता' बताया।

**वैश्विक प्रतिक्रियाएं**

- बराक ओबामा ने लोकतंत्र में भागीदारी की सराहना की।
- टोनी एबॉट ने ओर्बान को हंगरी के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बताया।



## केजरीवाल ने की न्यायाधीश स्वर्णकांता को हटाने की मांग




**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को मामले से हटाने (रिक्यूज) की मांग दोहराई। केजरीवाल खुद अदालत में पेश हुए और करीब डेढ़ घंटे तक अपनी दलीलें रखीं। केजरीवाल ने अदालत में कहा कि उन्हें निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा, 'जस्टिस शर्मा के आदेशों में एक पैटर्न दिखता है, जिसमें ईडी और सीबीआई के हर तर्क को स्वीकार किया जा रहा है। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे पहले से ही दोषी मान लिया गया है।' अपनी दलीलों में केजरीवाल ने कहा कि जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा आरएसएस से जुड़े संगठन अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के कार्यक्रमों में चार बार शामिल हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि यह मामला राजनीतिक है और उनकी पार्टी उस विचारधारा का विरोध करती है, इसलिए इससे निष्पक्षता को लेकर आशंका पैदा होती है। केजरीवाल ने अदालत के सामने जज को हटाने के लिए कई तर्क रखे। उन्होंने कहा कि 9 मार्च की सुनवाई में उनकी बात सुने बिना ही ट्रायल कोर्ट के फैसले को 'गलत' बताया गया। ट्रायल कोर्ट ने पूरे दिन सुनवाई कर फैसला दिया, जबकि हाईकोर्ट ने कुछ मिनटों में टिप्पणी कर दी। गवाह) के बयान पर रुख बदला। पहले स्वीकार, बाद में खारिज किया गया। इस तरह उन्होंने 10 बिंदुओं पर अपनी आपत्ति दर्ज की।

### आईपीएल में आज

**चेन्नई बनाम कोलकाता**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम: हैदराबाद ने राजस्थान को 57 रन से हराया।**

## 10-12वीं का रिजल्ट 15 को, सीएम करेंगे जारी

**जागरण, भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 और 12 वीं की परीक्षाओं का रिजल्ट 15 अप्रैल को घोषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को सुबह 11 बजे रिजल्ट ऑनलाइन जारी करेंगे। माशिमं ने रिजल्ट से जुड़ी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की वार्षिक परीक्षाओं के रिजल्ट विभिन्न वेबसाइट व पोर्टल और ऐप पर देखे जा सकेंगे। हाईस्कूल परीक्षा में इस साल करीब 9 लाख 7 हजार और हायर सेकंडरी की परीक्षा करीब 7 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। 2025 में 10वीं में 76.22 फीसदी और 12वीं में 74.28 फीसदी परीक्षार्थी सफल रहे थे। परीक्षार्थी अपना रोल नंबर तथा आवेदन क्रमांक डालकर mpbse.mponline.gov.in और digilocker.gov.in/ पर परिणाम देख सकेंगे।

# दक्षिणपंथी लोकलुभावनवाद के शक्तिशाली प्रतीक का अवसान

*हंगरी में विक्टर ओर्बन और उनकी पार्टी 'फिडेज' का पराभव और पीटर मग्यार के नेतृत्व वाली 'टिस्जा' पार्टी की बंपर जीत केवल एक सरकार का बदलना मात्र नहीं, बल्कि समकालीन विश्व राजनीति में दक्षिणपंथी लोकलुभावनवाद के एक शक्तिशाली प्रतीक के अवसान की घोषणा है।*

*सोलह वर्षों तक हंगरी की सत्ता पर एकछत्र राज करने वाले ओर्बन ने 'अनुदार लोकतंत्र' की जो नींव रखी थी, वह अंततः जनता की आकांक्षाओं और विपक्ष की अभूतपूर्व एकजुटता के दबाव में भरभराकर ढह गई। यह घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर उन सभी राजनीतिक विश्लेषकों के लिए एक केस स्टडी है, जो यह मानते थे कि संस्थागत नियंत्रण और राष्ट्रवादी विमर्श के जरिए सत्ता को अनंत काल तक सुरक्षित रखा जा सकता है।*

*दरअसल, ओर्बन की इस ऐतिहासिक हार का सबसे प्रमुख कारण आर्थिक मोर्चे पर जनता की नाराजगी रही। ओर्बन का शासन लंबे समय तक राष्ट्रवाद और आर्थिक सुरक्षा के वादे पर टिका रहा लेकिन हाल के वर्षों में मुद्रास्फीति और जीवन यापन की बढ़ती लागत ने इस भरोसे को तोड़ दिया। हंगरी में महंगाई की दर यूरोपीय संघ में सबसे ऊंचे स्तरों पर पहुंच गई, जिससे मध्यम और निम्न आय वर्ग का जीवन दूभर हो गया। जब लोगों की रसोई का बजट बिगड़ा, तो ओर्बन का वह राष्ट्रवादी आभामंडल फीका पड़ने लगा जिसने उन्हें दशकों तक अजेय बनाया था।*

*इसके साथ ही, यूरोपीय संघ के साथ उनके लगातार होते टकरावों ने देश को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया। ब्रुसेल्स द्वारा लोकतांत्रिक मानकों की अनदेखी के कारण हंगरी को मिलने वाली अरबों यूरो की सहायता राशि पर रोक लगाना ओर्बन के लिए आत्मघाती साबित हुआ। जनता को यह महसूस होने लगा कि ओर्बन की व्यक्तिगत जिद और यूरोपीय संघ विरोधी रुख की कीमत पूरे देश को चुकानी पड़ रही है।*



**त्वरित टिप्पणी**
**अजीत सिंह**

*इसके अतिरिक्त, भ्रष्टाचार और क्रोनी कैपिटलिज्म के आरोपों ने ओर्बन की छवि को गंभीर क्षति पहुंचाई। सत्ता के करीब रहने वाले मुट्ठी भर उद्योगपतियों के पास देश की संपत्ति का संकेंद्रण और सार्वजनिक संस्थानों पर पार्टी का नियंत्रण युवाओं और बुद्धिजीवी वर्ग के बीच असंतोष का कारण बना। मीडिया पर सरकारी नियंत्रण के बावजूद, डिजिटल युग में सूचनाओं के प्रवाह को पूरी तरह रोकना असंभव साबित हुआ, और भ्रष्टाचार की कहानियों ने मतदाताओं को बदलाव के लिए प्रेरित किया। रूस-यूक्रेन युद्ध पर ओर्बन की विवादास्पद भूमिका ने भी उनके पतन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी घनिष्ठता ने हंगरी को उसके पारंपरिक पश्चिमी सहयोगियों से अलग-थलग कर दिया, जिससे सुरक्षा और कूटनीति के मोर्चे पर असुरक्षा की भावना पैदा हुई।*

***निष्कर्षत:** हंगरी का परिणाम स्पष्ट करता है कि लोकलुभावन राष्ट्रवाद की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं। एक नेता संस्थागत मर्यादाओं को लांघकर सत्ता का अत्यधिक केंद्रीकरण करने लगता है, तो वह अनजाने में ही विरोधियों के लिए एकजुट होने का धरातल तैयार कर देता है। ओर्बन की हार रेखांकित करती है कि लोकतंत्र में जनता की बुनियादी जरूरतें, आर्थिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग किसी भी भावनात्मक विमर्श पर भारी पड़ते हैं। यह नई सरकार के लिए कठिन परीक्षा की घड़ी भी है, क्योंकि उसे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना होगा, बल्कि ओर्बन की ध्रुवीकृत विरासत को साफ कर लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को पुनः बहाल करना होगा। वैश्विक राजनीति के लिए हंगरी का यह मोड़ एक चेतावनी भी है और उम्मीद की एक किरण भी।*

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## बांग्लादेश के साथ संबंधों में सुधार की आस जगी

बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर के साथ भारत का दौरा किया। उम्मीद है कि इस दौरे से ढाका में बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाली नई सरकार और भारत सरकार के बीच संबंधों में सुधार होगा। हालांकि विदेश मंत्री के रूप में रहमान का यह पहला विदेश दौरा नहीं है। पिछले महीने वह इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईएस) की बैठक के लिए सऊदी अरब गए थे, जहां उन्होंने पाकिस्तान सहित कई देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। खबरों के अनुसार, भारत में हुई उनकी बैठक में बांग्लादेश ने अपनी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग रखी, जो इस समय भारत में निर्वासन में हैं। फिर भी, भारत को इस महत्तवपूर्ण रिश्ते को फिर से मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। अतीत में उससे कई गलतियां हुई हैं। बांग्लादेश की घटनाओं और चुनावों के कारण मजबूर होने से पहले ही उसे बीएनपी के साथ संबंध सुधारना शुरू कर देना चाहिए था।

असम और पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनावों के प्रचार के दौरान व्याप्त तनावपूर्ण माहौल से इस प्रक्रिया में और भी बाधा आ रही है, जहां कथित 'घुसपैठ' एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा है। बांग्लादेश में भी विरोध प्रदर्शन और कट्टरपंथी गतिविधियां हुई हैं, जिनमें अखबारों समेत कथित 'भारत समर्थक' हितों और गतिविधियों को निशाना बनाया गया है। कूटनीति इस कठिन राजनीतिक माहौल को नजरअंदाज नहीं कर सकती, बल्कि इससे पार पाने के लिए उसे प्रयासरत रहना चाहिए।

दरअसल, सहयोग के लिए एक व्यावहारिक एजेंडा है जिस पर दोनों पक्षों को काम करना चाहिए। कनेक्टिविटी अवसंरचना, व्यापार सुगमता और ऊर्जा नीति ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें प्रभावी रूप से राजनीति से मुक्त किया जा सकता है और जिनसे ऐसे समाधान निकल सकते हैं जिनमें दोनों पक्ष अपनी जीत का दावा कर सकें। इस तरह के ठोस परिणाम सद्भावना पैदा कर सकते हैं और साथ ही किसी भी सरकार को कठिन राजनीतिक सवालों का तुरंत सामना करने से बचा सकते हैं। यह निर्विवाद है कि बांग्लादेश में चीन की बढ़ती रणनीतिक उपस्थिति स्वाभाविक रूप से भारत के लिए चिंता का विषय है और इससे इस सहयोग में तत्परता आएगी, लेकिन भारत को निश्चित रूप से बांग्लादेश को चीन के साथ अपनी रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में मोहरे के रूप में इस्तेमाल करने के प्रलोभन से बचना चाहिए। न ही बांग्लादेश को पाकिस्तान के अधीन माना जाना चाहिए, भले ही वह उस देश के साथ संबंधों को सुधारने का प्रयास कर रहा हो।

इसके बजाय, उसे निरंतर, उच्च स्तरीय सहयोग बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो यह संकेत दे कि भारत बांग्लादेश को एक ऐसे पड़ोसी के रूप में गंभीरता से लेता है जिसके अपने वैध हित हैं और जो राजनीतिक बदलाव से गुजरा है। बीएनपी नेतृत्व को यह संकेत देने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे कि वह समावेशी शासन करना चाहता है और अपने राजनीतिक गठबंधन में अल्पसंख्यक-विरोधी और भारत-विरोधी तत्त्वों पर लगाम लगाएगा। उसे यह समझना होगा कि यदि उसे क्षमा करना और भूलना कठिन लग रहा है, तो भारत के साथ भी ऐसा ही है। पार्टी के पिछले कार्यकाल ने भारत में कड़वाहट का गहरा असर छोड़ा है। लेकिन यह दशकों पहले की बात है, और तब से बहुत कुछ बदल गया है। दोनों देशों ने आर्थिक विकास किया है और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर वे समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सहयोग करने के लिए वे बहुत कुछ कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय नेतृत्व बांग्लादेश की नई सरकार को यह स्पष्ट करे कि वह उसे सत्ता से हटाने या हेरफेर करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि सह-अस्तित्व और सहयोग का एक नया स्वरूप खोजना चाहता है। पड़ोसी देशों के संबंध एक ही यात्रा से नहीं सुधर सकते, लेकिन यह कम से कम एक अच्छी शुरुआत होगी। इसके बाद सरकार के विभिन्न स्तरों पर निरंतर संपर्क बनाए रखना आवश्यक है।

प्रसंगवश

## बाल तस्करी के जाल पर कोर्ट की सख्ती उचित

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन नौनिहालों को हम देश का भविष्य मानते हैं, उनमें से बहुत सारे बच्चे आज बहुस्तरीय जोखिम के बीच से गुजर रहे हैं। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के अनेक रूप के अलावा बाल तस्करी का संजाल आज इस कदर जटिल होता जा रहा है कि इससे निपटना सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि इस अपराध को काबू में करना और बच्चों को इस खतरे से बचाना सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी और सबसे ऊपर की प्राथमिकता में दर्ज होना चाहिए। मगर हालत यह है कि देश के सुप्रीम कोर्ट को इस बारे में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देना पड़ रहा है कि वे बच्चों के खिलाफ इस अपराध को गंभीरता से लें।

गौरतलब है कि गत सप्ताह एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताई और कहा कि संगठित गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है।
हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई। दरअसल, करीब एक वर्ष पहले अदालत ने अपने एक फैसले में संगठित तस्करी के जाल को तोड़ने के लिए कई संस्थागत सुधारों के निर्देश दिए थे। इनमें तस्करी के मामलों में छह महीने के भीतर हर रोज सुनवाई करना, मानव तस्करी रोधी इकाइयों को मजबूत करना और जांच प्रक्रिया में सुधार करना शामिल था।
अदालत ने राज्यों को यह निर्देश दिया था कि वे तस्करी के संभावित संवेदनशील स्थानों की पहचान और निगरानी के लिए राज्यस्तरीय समितियां बनाएं और लापता बच्चों के मामलों को तस्करी मान कर जांच शुरू करें। मगर इस मुद्दे पर राज्य सरकारों के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई राज्यों ने अभी तक तय प्रारूप में रपट तक दाखिल नहीं की है। सरकारी तंत्र में इस इच्छाशक्ति के अभाव और उदासीनता की वजह क्या यह है कि जो बच्चे तस्करी का शिकार हो जाते हैं, उनमें ज्यादातर समाज के गरीब और कमजोर तबके से आते हैं?

यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि देश में बाल तस्करी का संकट पिछले कुछ वर्षों के दौरान कितना गहरा गया है। खासतौर पर कोविड महामारी के बाद बच्चों के लापता होने के मामलों में काफी तेजी दर्ज की गई। बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश की स्थिति ज्यादा गंभीर है। सही है कि लापता होने वाले तमाम बच्चों में से कइयों को पुलिस खोज लेती है, लेकिन उनमें से बहुतों की कोई खबर नहीं मिलती। सवाल है कि जिन बच्चों को नहीं खोजा जा पाता, वे कहां जाते हैं और उनके साथ क्या होता है।
यह समझना मुश्किल नहीं है कि देश भर में जो बच्चे गायब हो जाते हैं, उन्हें बाल मजदूरी से लेकर यौन शोषण और अपराध की दुनिया के अंतहीन दलदल में झोंक दिया जाता है। एक परिवार अपने बच्चे के लापता होने के बाद किस दंश और दुख से गुजरता है, यह शायद बताने की जरूरत नहीं है। मगर कोई भी समाज और सत्ता बच्चों की तस्करी के मुद्दे को लेकर अगर गंभीर नहीं है, तो यह एक तरह से अपने ही भविष्य की त्रासदी को नजरअंदाज करना है।



अंबेडकर जयंती विशेष 'बड़े पद पर हों और कई अधिकार भी हों तो ज्यादा सतर्क रहना चाहिए'

## देश को दिशा देने में अंबेडकर की बड़ी भूमिका

दिवाकर



भारतीय संविधान का जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल को मध्य प्रदेश के महू जिले में एक दलित परिवार में हुआ था। आज के दिन अंबेडकर दिवस मनाया जाता है। इस दिन को अंबेडकर जयंती या भीम जयंती के नाम से भी जाना जाता है। बाबा साहेब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, विचारक और शिक्षा के प्रतीक भी थे। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज भी उठाई थी।
यह दिन उनके संघर्षों, विचारों और समाज को दिशा देने वाले योगदान को याद करने का मौका होता है।
**आजाद भारत के पहले कानून मंत्री :** भारत के आजाद होने के बाद जब देश को कानूनी रूप से मजबूत आधार देने की जरूरत थी, तब बाबा साहेब को भारत का पहला कानून मंत्री बनाया गया था। डॉ. अंबेडकर न केवल विदेश से इकोनॉमिक्स में डॉक्टरेट लेने वाले पहले भारतीय थे, बल्कि दक्षिण एशिया में इकोनॉमिक्स में डबल डॉक्टरेट प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति भी थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई सामाजिक सुधारों की नींव रखीं थीं। 29 अगस्त 1947 को उन्हें संविधान मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्होंने भारतीय संविधान का ड्राफ्ट तैयार किया था, जो आज भी देश का आधार स्तंभ है।
**असली सरनेम था 'अंबावडेकर' :** डॉ. अंबेडकर का असल उपनाम 'अंबावडेकर' था। ये उनके पैतृक गांव अंबावडे (जिला रत्नागिरी, महाराष्ट्र) से जुड़ा हुआ माना जाता है। हालांकि स्कूल के एक शिक्षक महादेव अंबेडकर ने प्यार से उनका नाम बदलकर 'अंबेडकर' कर दिया था तबसे वे इसी नाम से जाने जाते हैं।
**श्रमिकों के लिए बदले नियम**
आपको बता दें कि 1942 में भारतीय श्रम सम्मेलन के 7वें सत्र में उन्होंने काम के घंटों को 12 से घटाकर 8 घंटे करवा दिया था। इससे मजदूर वर्ग को बेहद राहत मिली थी।
**बेटियों के अधिकारों के लिए ठुकरा दी कुर्सी :** आपको बता दें कि बाबा साहेब का जन्म एक दलित परिवार में हुआ था। यहां जातिगत भेदभाव उनके जीवन का हिस्सा रहा। लेकिन उन्होंने इन चुनौतियों को अपनी ताकत बना लिया। इन्हीं सुधारों में एक बड़ा कदम था- हिंदू कोड बिल। यह बिल खास तौर पर महिलाओं के अधिकारों के लिए लाया गया था। दरअसल, बाबा साहेब चाहते थे कि आज के समय में बेटियों को भी उतना ही अधिकार मिले जितना की बेटों को मिलता आया है। पिता की संपत्ति में भी बेटियों का संपूर्ण अधिकार हो। इसके अलावा इस बिल में विवाह, तलाक और गोद लेने से जुड़े अधिकारों पर भी नए कानूनों का प्रस्ताव था। हालांकि, उस समय समाज इतना तैयार नहीं था। कैबिनेट में मौजूद कई नेताओं ने इस बिल का विरोध कर दिया। इस बिल को मंजूर ही नहीं किया गया। इससे आहत होकर डॉ. अंबेडकर ने 1951 में कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका मानना था कि अगर महिलाओं को बराबरी नहीं दी जा सकती, तो उन्हें इस पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।
**बड़े पद पर हो तो ज्यादा सतर्क रहना चाहिए :** बाबा साहब अंबेडकर को गुस्सा बहुत कम आता था, लेकिन एक दिन उन्हें अपने बेटे यशवंत राव पर बहुत गुस्सा आ रहा था। ये घटना 1943 की है। उस समय बाबा साहब वायसराय की काउंसिल में श्रम और पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री बने थे। वे हर काम पूरी ईमानदारी से करते थे।
डॉ. अंबेडकर के बेटे यशवंत राव से एक बड़े ठेकेदार संपर्क किया। दरअसल, वह ठेकेदार गलत तरीके से कोई सरकार की ओर से बड़ा काम लेना चाहता था। यशवंत राव ठेकेदार की बातों में आ गए। दोनों के बीच ये बात तय हुई थी कि निर्माण का बड़ा काम उस ठेकेदार को मिल जाएगा तो वह यशवंत राव को कमीशन देगा। युवा यशवंत का मन भटक गया, पैसों की ओर आकर्षित हो गया। यशवंत ने अपने पिता से कहा, 'आप ये काम इस ठेकेदार को दे दीजिए, इसके लिए हमें कमीशन मिल जाएगा।
जब ये बात बाबा साहब को मालूम हुई तो उन्होंने गुस्सा में कहा कि मैं यहां राष्ट्र सेवा के लिए बैठा हूं, तुम जैसी संतान पालने के लिए नहीं। कर्तव्य सबसे महत्वपूर्ण है, इसके लिए परिवार के सदस्यों की आकांक्षाओं पर नियंत्रण होना चाहिए। अगर मैं तुम्हारी बात मानता हूं तो मैं बहुत बड़ा अपराध करूंगा। आज के बाद ऐसी बात खुद भी कभी मत करना और मेरे सामने भी मत लाना। उन्होंने समझाया कि जब हमारे पास बड़ा पद और अधिकार हों तो हमें ज्यादा सतर्क रहना चाहिए। बड़े पद पर कई तरह के प्रलोभन मिलते हैं, लेकिन हमें किसी गलत काम में नहीं उलझना चाहिए। परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं होती हैं, कुछ सदस्यों के मन में लालच भी आ सकता है, लेकिन हमें अपने अधिकारों का गलत उपयोग नहीं करना चाहिए। भ्रष्टाचार लालच से ही पैदा होता है।
**राजनीतिक परिदृश्य पर एक स्थायी छाप :** अपने असंख्य योगदानों के माध्यम से, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने देश के सामाजिक-सांस्कृतिक और राजनीतिक परिदृश्य पर एक स्थायी छाप छोडी है। वर्तमान भारत में , उनकी विरासत को विभिन्न स्मारकों, संस्थानों और कार्यक्रमों के माध्यम से याद किया जाता है।
बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक बहुआयामी भारतीय प्रतीक थे, जिनका जीवन और कार्य देश के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को आकार देते रहते हैं। समाज के हाशिए से उठकर स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े नेताओं में से एक बनने का उनका सफर पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है।
बाबासाहेब अंबेडकर के दर्शन में सामाजिक न्याय, राजनीतिक सुधार और आर्थिक समानता सहित कई मुद्दे शामिल थे, जो लोकतंत्र, समानता और मानवाधिकारों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पर आधारित थे। बाबासाहेब ने समाज के वंचित वर्गों के कल्याण और अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए कई संगठनों की स्थापना की। उनमें से कुछ प्रमुख हैं - बहिष्कृत हितकारिणी सभा, इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी (ILP), शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन (SCF), रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (RPI) आदि। डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की प्रसिद्धि और स्थायी विरासत भारत में उनके बहुमुखी योगदान से उपजी है। हालाँकि, वह मुख्य रूप से भारत के संविधान का प्रारुप तैयार करने और दलितों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रसिद्ध हैं।

खुला मंच

## बाल विवाह पीड़िता की व्यथा!

मुकेश नेमा

आइए, फ़िल्म अभिनेत्रियों द्वारा समाज के प्रति किए गए अभिनव योगदान के क्रम मे एक और,भूतपूर्व अतिसुन्दर, अभिनेत्री की चर्चा की जाए। आज चर्चा के केन्द्र मे हैं मेरी प्रिय अभिनेत्री वैजयन्ती माला। आज भारतीय परिवेश के परिप्रेक्ष्य मे उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला जाना उचित होगा।

एक समय लड़कियां बचपन मे ही विवाह बंधन मे बांध दी जाती थी। वधू 15 की,वर 35 का। ऐसे मे प्रातःस्मरणीय वैजयन्ती माला ने एक बार फिर इस कुरीति के विरुद्ध लड़ने का साहस दिखाया। मैं आपकी जिज्ञासा भांप रहा हूं। विचार कीजिए। यदि वैजयन्ती माला ने फिल्म संगम मे तरह तरह के वस्त्र धारण कर मैं क्या करूं राम मुझे बुड्ढा मिल गया, गाकर,नृत्य कर,बाल विवाह से पीड़ित नवयुवती की व्यथा न दर्शाई होती तो इस देश का क्या होता। यह अमर गीत एक कमनीय युवती की, एक पिता तुल्य वृद्ध से आकस्मिक विवाह के बाद उसके जीवन के कटु अनुभवों की मार्मिक अभिव्यक्ति है। इस गीत के एक एक अंतरे से करूणा की धार बहती है। इसे सुनकर पत्थर भी पिघल सकते हैं। एक कम उम्र, ,अतिशय सुंदर,चुलबुली नवयौवना अपने खूसट,चिड़चिड़े, अधेड़ पति से कष्ट मे हैं। वो इसे भाग्य का खेल मान रामजी को उलाहना देती है। दरअसल ये गीत एक मार्मिक भजन ही है। जो राम जी को अपने दारुण कष्ट से अवगत कराने के प्रयोजन से गाया गया है।

यह गीत दरअसल राम जी से की गई प्रेममय उलाहना है। नायिका उन्हें बताना चाहती है कि उसका खूसट पति उसके आकर्षक सानिध्य के कारण बेचैन है। खुद को असुरक्षित महसूस करता है। उस चुंबकीय आभामंडल को सहन नही कर पाता और वह इस कारण से चिड़चिड़ा,और गुस्सैल होता जा रहा है। इस भावप्रवण, हृदय विदारक, गीत का समाज पर कितना सकारात्मक प्रभाव पड़ा। भारत में एक बार पुनः बाल विवाह के खिलाफ आंदोलन खड़ा हो गया। समाज ने एक बार फिर बाल और बेमेल विवाहों के विरूद्ध कमर कसी। और हमारी बेटियों का भविष्य सुरक्षित हो सका। समाज की सोच मे यह सराहनीय परिवर्तन संभव हो सका, अपरूपा वैजयन्ती माला के अद्भुत प्रस्तुतीकरण से। यदि वे न होती, तरह तरह से आँखें नचा कर रामजी से अपनी बात नहीं कहतीं तो यह गीत अति साधारण होकर रह जाना था। समाज ने उनके इस विलक्षण योगदान के प्रति आभारी होकर दिखाया भी। वे फ़िल्मी नायिका के स्थान से पदोन्नत होकर सामाजिक नायिका के पद पर प्रतिष्ठित हुई और संसद में भी भेजी गईं। नेतागण उनके सानिध्य मे अधिक सभ्य और सुसंस्कृत हुए। निश्चित रूप से महान समाज सुधारक हैं वो। और बाल विवाह के विरुद्ध खड़े,महान प्रणेताओं की सूची में सम्मिलित किए जाने एवं प्रणाम किए जाने योग्य है।

14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर विशेष

## कांग्रेस ने बाबा साहब को हमेशा हाशिए पर रखा

**श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है-**
**यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।**
**स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥**
अर्थात् जिस तरह का आचरण महापुरुष करते हैं, सामान्य व्यक्ति उसी का अनुसरण करता है। महापुरुष अपने अनुसरणीय कार्यों से जो आदर्श प्रस्तुत करता है, संपूर्ण विश्व उसका अनुसरण करता है।
भारतवर्ष ऐसे अनेकानेक महामानवों की जन्मस्थली है, जिन्होंने हर युग और हर काल में समाज का समुचित मार्गदर्शन किया है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और गीता उद्बोधक श्रीकृष्ण से लेकर महात्मा गांधी और बाबा साहब अंबेडकर तक न जाने कितने महामानवों ने भारतीय समाज की रचना में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है।
आधुनिक भारत में बाबा साहब अंबेडकर एक ऐसे महामानव हैं, जिन्होंने बुराइयों और कुरीतियों में फँसे भारतवर्ष के हिंदू समाज के उत्थान और पुनर्जागरण के लिए अनेकानेक सार्थक प्रयास किए हैं। उन्होंने ऊँच-नीच, अस्पृश्यता और समाज में व्याप्त जातिगत असामनता को समाप्त कर सामाजिक समता स्थापित करने के लिए जीवनपर्यंत प्रयत्न किए।
बाबा साहब कहते थे, 'समाज में जनमे प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के गुणों के आधार पर उन्नति करने का अधिकार है और यदि कोई सामाजिक व्यवस्था इस अधिकार से उसे वंचित करती है तो वह सामाजिक व्यवस्था समाप्त कर दी जानी चाहिए।' डॉ.अंबेडकर आधुनिक भारत के एक महान मानवतावादी चिंतक, दार्शनिक, राष्ट्रवादी और प्रखर राजनीतिज्ञ थे। वे न केवल विश्व के विशालतम लोकतंत्र के संविधान निर्माता हैं, बल्कि उन्हें आधुनिक भारत में सामाजिक समानता का पुरोधा भी माना जा सकता है।
बाबा साहब अंबेडकर एक सार्वभौमिक समाज सुधारक, राजनेता और दार्शनिक थे। उनका व्यक्तित्व और उनके आदर्श संपूर्ण भारतवर्ष के लिए अनुकरणीय हैं। बाबा साहब भारतीय समाज में सामाजिक और जातिगत अंतर्विरोधों से परे, एक महान् व्यक्तित्व हैं, किंतु वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में बाबा साहब को केवल दलितों के मसीहा के रूप में ही देखा जाता है।यह दृष्टिकोण बाबा साहब के विराट् व्यक्तित्व को संकुचित करने जैसा है।बाबा साहब एक युगपुरुष हैं, वे किसी वर्ग विशेष के स्वत्वाधिकार से परे, संपूर्ण भारतवर्ष के लिए अनुकरणीय और पूज्यनीय हैं।
जिस समय बाबा साहब का जन्म हुआ था, उस समय हमारा भारतीय समाज न केवल पराधीनता की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, बल्कि अनेक सामाजिक एवं आर्थिक रूढ़ियों के बंधन से भी छटपटा रहा था। सामाजिक और आर्थिक अन्याय से समाज विघटित हो रहा था। उस समय संकटग्रस्त समाज में बाबा साहब ने न केवल भारत की स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय आंदोलन में अपना सक्रिय योगदान दिया, अपितु देश में सामाजिक अन्याय को खत्म करने तथा सामाजिक समरसता के लिए भी निरंतर संघर्षशील रहे।बाद में सामाजिक असमानता के प्रति उनकी चिंता और दार्शनिक चिंतन को संवैधानिक प्रावधानों के रूप में संपूर्ण भारतवर्ष ने स्वीकार किया।
बाबा साहब संपूर्ण भारतवर्ष के लिए आदर्श हैं, संपूर्ण भारत की उनमें अगाध श्रद्धा है।लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आजादी के पहले और आजादी के बाद भी बाबासाहब भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्र पटल पर वह स्थान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। कांग्रेस पार्टी हमेशा उनकी उपेक्षा करती रही।
कांग्रेस ने षडयंत्र करके अंबेडकर को महाराष्ट्र से संविधान सभा में नहीं पहुँचने दिया। तब बंगाल के नामशूद्र दलित नेता जोगेंद्र नाथ मंडल के प्रयासों से अंबेडकर बंगाल से संविधान सभा के लिये चुने गए। लेकिन कांग्रेस ने एक बार फिर षड़यंत्र करके उन क्षेत्रों को, जहाँ से अंबेडकर जीते थे, मुस्लिम बहुल न होने के बावजूद भी पाकिस्तान में सम्मिलित करने की अनुमति दे दी, जिससे बाबा साहेब एक बार फिर संविधान सभा से बाहर हो गये। बाद में हिन्दू महासभा के नेता श्री एम. आर. जयकर ने पुणे से अपनी सीट से इस्तीफा दिया ताकि अंबेडकर को विधान सभा के लिये चुना जा सके। तब जाकर बाबा साहब का संविधान सभा में प्रवेश हुआ। और भारत के महान संविधान की रचना संभव हो सकी।
आजादी के बाद भी कांग्रेस चुनाव में लगातार बाबा साहब को हराने का षड़यंत्र करती रही। पं. नेहरू द्वारा एडविना माउंटबेटन को लिखे एक पत्र में 1952 के चुनाव में डॉ. अंबेडकर को हराने की आवश्याकता का उल्लेनख किया था, जो कांग्रेस द्वारा उनके प्रति अपनाए गये विरोध के भाव को दर्शाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि,नेहरू जी प्रारंभ में भारतीय संविधान के निर्माण हेतु ब्रिटिश संवैधानिक विशेषज्ञ आइवर जेनिंग्सन को नियुक्त करना चाहते थे। किंतु अंततः यह कार्य डॉ. अंबेडकर को सौंपा गया, और उन्होंकने विश्वच के सबसे विशाल और सर्वश्रेष्ठ संविधान की रचना की।
कांग्रेस के मन में अंबेडकर के प्रति हमेशा ही द्वेष की भावना और कड़वाहट बनी रही। 6 दिसम्बर 1956 को उनके देवलोक गमन के बाद नेहरू सरकार ने दिल्ली में उनके अंतिम संस्कार की अनुमति नही दी, और उनके परिवार को मुम्बई जाने के लिए मजबूर किया गया । यहां तक की उनके पार्थिव शरीर को ले जाने के लिए कोई शासकीय प्रबंध नही किया गया, और विमान का बिल भी बाबा साहब की शोकाकुल पत्नी को भेजा गया है। उनकी मृत्य के बाद न तो उनके नाम पर कोई स्मारक बनाया गया और न ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके मृत्यु के 34 वर्ष बाद जब देश में गैर कांग्रेसी सरकार बनी तब भारतीय जनता पार्टी के प्रयासों से बाबा साहब को मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया और इस दौरान श्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से संसद भवन में डॉ. अंबेडकर का चित्र स्थाापित किया गया।
वर्ष 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद डॉ. अंबेडकर की स्मृति में एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया। वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार अंबेडकर जयंती आयोजन किया और 2018 में उनकी स्मृति में दिल्लीट में राष्ट्रीय स्मारक का उद्घाटन किया गया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बाबा साहब के जीवन से जुड़े पाँच महत्वीपूर्ण स्थलों- महू, मध्यप्रदेश (जन्मभूमि), लंदन( शिक्षाभूमि), नागपुर (दीक्षाभूमि), दिल्ली (महापरिनिर्वाण भूमि) और मुम्बई (चैतन्य भूमि) को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर बाबा साहब के देश के लिये योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।
माननीय नरेन्द्र मोदी जी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहते कहते हैं कि ''पूज्य बाबा साहब संविधान के शिल्प कार होने के साथ-साथ सामाजिक न्याय के योद्धा भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन पिछड़ों और वंचितों को समर्पित कर दिया।''
ऐसे महान व्यक्तित्व, युग पुरूष और राष्ट्र दृष्टात को कांग्रेस ने हमेशा हाशिए पर रखा और नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब के महान व्यक्तित्व, देश के लिए किये गये उनके योगदान और आदर्शों को न केवल जन-जन तक पहुँचाने का काम कर रही है, बल्कि उन्हें सम्मारन के साथ सर्वोच्चा शिखर पर प्रतिष्ठित करने का काम कर रही है।
बाबा साहब अंबेडकर एक महान् चिंतक, समाज सुधारक एवं शिक्षाविद् थे। वे कहते थे, 'अगर मरने के बाद भी जीना चाहते हो तो एक काम जरूर करना, पढ़ने लायक कुछ लिख जाना या लिखने लायक कुछ कर जाना।'
आज की युवा पीढ़ी के लिए बाबा साहब का जीवन एक पथ-प्रदर्शक की तरह है। उनका मानना था कि- 'सफलता कभी भी पक्की नहीं होती है और असफलता कभी भी अंतिम नहीं होती है। इसलिए अपनी कोशिश को तब तक जारी रखो, जब तक आपकी जीत इतिहास न बन जाए। वे कहते थे- 'इस दुनिया में गरीब वही है, जो शिक्षित नहीं है। इसलिए आधी रोटी खा लेना, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाना।' बाबा साहब के आदर्शों के अनुरुप माननीय नरेन्द मोदी जी समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और समुचित कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। बाबा साहब के चिंतन में अंतर्विरोधों के लिए कोई स्थान नहीं था। उनके आदर्शों, मूल्यों और सामाजिक संघर्ष को समझने के लिए भारतवर्ष की ऐतिहासिक और समकालीन सामाजिक व्यवस्था, स्थिति और कारणों को समझना आवश्यक है।
बाबा साहब एक महान युग पुरुष हैं, वे केवल संपूर्ण भारतवर्ष में ही पूज्यनीय नहीं हैं, अपितु विश्वभर में सम्माननीय हैं। उनके विचार, उनकी शिक्षाएँ एवं उनके आदर्श सदैव संपूर्ण मानवजाति के लिए अनुकरणीय रहेंगे। कदाचित् बाबा साहब ने जीवन की प्रासंगिकता को शून्य में देखने का प्रयास नहीं किया, अपितु उसे कर्म के सार्थक सिद्धांत के अधीन माना।शायद इसलिए बाबा साहब कहते हैं- 'जीवन बड़ा नहीं, महान होना चाहिए।'

**धर्मेन्द्र सिंह लोधी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**मध्यप्रदेश शासन**

जीवन दर्शन

## भीड़ में भी मन को शांत रखने वाला सच्चा तपस्वी

अक्सर हम सोचते हैं कि तपस्या या साधना केवल हिमालय की गुफाओं में, संसार से दूर रहकर ही की जा सकती है। लेकिन सच्ची तपस्या किसी स्थान पर निर्भर नहीं करती, वह तो मन की अवस्था है। जिस क्षण मन संयमित हो जाता है, वहीं से साधना आरंभ होती है।

जीवन में हर व्यक्ति के सामने दो मार्ग आते हैं - श्रेय और प्रेय। प्रेय वह है, जो अभी सुख देता है, लेकिन आगे चलकर दुख या बंधन का कारण बनता है। जैसे - इंद्रियों की इच्छाएं, आलस्य या झूठे सुख अपनी तरफ खींचते हैं और हम कमजोर पड़ने लगते हैं। श्रेय वह मार्ग है जो शुरू में कठिन लगता है, पर आत्मा को ऊंचा उठाता है। संयम, सत्य, कर्तव्य और आत्मनियंत्रण श्रेय के मार्ग हैं। श्रेय वह है जो दीर्घकाल में सही हो, जैसे ईमानदारी से पढ़ाई या मेहनत से करियर बनाना, जबकि प्रेय वह है जो तुरंत सुख दे, जैसे मनोरंजन या आराम। दोनों का संतुलन आवश्यक है, लेकिन जब विद्यार्थी परीक्षा के समय पढ़ाई छोड़कर लगातार मोबाइल चलाने या खेल में समय गंवाने लगता है, तो वह तात्कालिक सुख (प्रेय) के कारण अपने स्थायी हित (श्रेय) को खो देता है।
इसलिए जीवन में विवेक यही है कि हम प्रेय को



संयम से और श्रेय को प्रधानता से अपनाएं।
असली साधना तो संसार के बीच रहकर भी मन को शांत व पवित्र रखना है। जो भीड़ में रहकर भी भीतर से एकाग्र है, वही है सच्चा तपस्वी।
तपस्या का अर्थ है - अपनी इंद्रियों को नियंत्रण में रखना। आंख वही देखे जो पवित्र है, वाणी वही बोले जो हितकारी है और मन वही सोचे जो शुभ है। इस संतुलन से घर ही आश्रम बन जाता है और मनुष्य स्वयं साधु। सच्चा साधु वह नहीं जो वस्त्र बदल ले, बल्कि वह है जो विचारों को बदल ले। जो अपने भीतर की अशुद्धियों से लड़े, वही तपस्वी है। इसलिए तपस्या के लिए हिमालय जाने की आवश्यकता नहीं, हिमालय तो मन में बसाना है, जहां विचार निर्मल हों और आत्मा शांत। वहीं से आरंभ होती है वह यात्रा, जो हमें परमात्मा के साक्षात्कार तक ले जाती है।
तपस्या वह अवस्था है जिसमें हर वस्तु से, हर व्यक्ति से, हर विचार और वासना से बिल्कुल दूर, आप केवल अपने साथ होते हैं। किसी काल्पनिक दृश्य या स्वप्न जगत की शरण में जाकर नहीं, बल्कि इस सबसे एकदम दूर, ताकि आपके भीतर कुछ भी ऐसा न हो जिसे पहचाना जा सके, जिसे आप विचार और भाव से छू सकें। इन सबसे इतनी दूर कि इस पूर्ण एकांत में मौन ही फूल बन जाता है, मौन ही ज्योति बन जाता है। इसे प्रकट करने की चिंता मत कीजिए। यह स्वयं अपने को प्रकट करेगा। इसका उपयोग न करें। इसे क्रिया का रूप देने की कोशिश न करें। यह स्वयं क्रिया करेगा। और जब यह क्रिया करता है तो उस क्रिया में कोई पछतावा, कोई अंतर्विरोध नहीं होता। इसलिए एकाकी होकर ध्यान करें। खो जाएं, डूब जाएं। इतना याद रखने की भी कोशिश न करें कि आप कहां थे। अगर आप इसे याद रखने की कोशिश करते हैं, तो यह याद उस चीज की होगी जो मर चुकी है। और अगर आप इसकी स्मृति को पकड़े रहते हैं, तो आप कभी एकाकी नहीं हो पाएंगे। इसलिए आप अनंत एकांत में, प्रेम के सौंदर्य में, निर्दोषता और नूतनता में डूबकर ध्यान करें। तब जो आनंद मिलेगा, वह स्थायी होगा।

**प्रस्तुति : दिव्यचेतनानंद अवधूत**

### ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन।**
**स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान सर्वत्र पूज्यते !!**

**भावार्थ**

एक राजा और विद्वान में कभी कोई तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि एक राजा तो केवल अपने राज्य में सम्मान पाता है वही एक विद्वान हर जगह सम्मान पाता है।

## विश्वविद्यालय में आज मनाई जाएगी डॉ. अम्बेडकर जयंती

**जागरण,रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई जाएगी। जन्म जयंती समारोह सुबह 11 बजे से पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समारोह का आयोजन अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ावर्ग कर्मचारी संघ अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है।

## जन संगठन आज मनाएंगे डॉ अंबेडकर जयंती

**रीवा।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार, प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्यांचल जन आंदोलन, समाजवादी कार्यकर्ता समूह एवं भारत तिब्बत मैत्री संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय स्वयंवर बारातघर के सभाकक्ष में मंगलवार 14 अप्रैल को सुबह11 बजे से रखी गई है। उपर्युक्त जानकारी देते हुए नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री गीता महंत ने बताया कि संगोष्ठी में डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व कृतित्व पर सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता अपने विचार रखेंगे।

## नवागत कलेक्टर से मिले शिक्षक



**रीवा।** रीवा जिले के नवागत कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को पदभार ग्रहण करने पर राजेश तिवारी डीपीसी रीवा, राम लल्लू दीपांकर बीईओ रीवा, जन शिक्षक, विशाल शुक्ला, रामकृष्ण द्विवेदी, राजेंद्र सिंह, रामशरण सोनी, राकेश मिश्रा आदि शिक्षकों ने हार्दिक अभिनंदन किया। रीवा विकासखंड में सर्वप्रथम नामांकन एवं मैपिंग के लिए महसांव जन शिक्षा केंद्र द्वारा किए गए कार्य पर हर्ष व्यक्त किया एवं शिक्षा विभाग रीवा को लगातार विकास करने हेतु रेखांकित किया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम: महिलाओं को लगेगें 'सपनों के पंख'

### अटल कुंज में हुआ पीएम के सम्बोधन प्रसारण

जागरण, रीवा

अटल कुंज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृशक्तियों को 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने के सम्बन्ध में लाइव प्रसारण के माध्यम से सम्बोधित किया। भाजपा कार्यालय अटल कुंज में एलईडी लगाकर प्रसारण को देखा व सुना गया। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी के सभी महिला पदाधिकारी व मातृशक्तियां, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। प्रधानमंत्री ने देश को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पर संसद और विभिन्न सम्मेलनों में नारी शक्ति के सशक्तीकरण को राष्ट्र की प्रगति के लिए आवश्यक बताया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक कदम को 21वीं सदी के भारत में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला बताया। यह ऐतिहासिक विधेयक 21 सितंबर 2023 को संसद में पारित हुआ, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिला भागीदारी को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी ने कहा कि यह अधिनियम संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भूमिका बढ़ाकर हमारे लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को अधिकार और आत्मविश्वास देने वाला एक परिवर्तनकारी कदम है। मोदी जी ने जोर दिया कि 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने में देश की नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने उल्लेख किया कि यह मुद्दा पिछले 4 दशकों से लंबित था, जिसे अब सरकार ने पूरा किया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में उन्होंने महिलाओं के लिए इसे 'सपनों के पंख' वाला मंत्र बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जिला उपाध्यक्ष मनीषा पाठक, जिला मंत्री कल्पना पटेल, सुमन शुक्ला, गीता मांझी, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष पूर्णिमा तिवारी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा संतोष सिंह सिसोदिया, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विमलेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, कल्पना श्रीवास्तव, उर्मिला द्विवेदी, नजमा बेगम, सरस्वती रमाशंकर गुप्ता, नीलम चैरसिया, साधना पटेल, श्यामा पटेल, निशा साकेत, मधु द्विवेदी, शशि तिवारी, शशि सिंह परमार, अमित सिंह, रंजना सिंह, मुक्ति राय, रोशनी मैत्रेय, ज्योति कबीर पासा, विमला सिंह, ज्योति सिंह, पूजा सिंह, आशा गुप्ता, नेहा सिंह, सीमा त्रिपाठी, रेनू सिंह बघेल, पूनम मिश्रा, आदि सैकड़ों महिला उपस्थित रही।



### ननि में हुआ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सीधा प्रसारण



रीवा। भारत सरकार द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का दिनांक 13 अप्रैल को नगर निगम रीवा के सभागार में सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने सम्मेलन को लाइव देखा और इससे जुड़े विचारों एवं संदेशों को सुना। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, महिलाओं, सामाजिक संगठनों के सदस्यों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। सम्मेलन के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं की भागीदारी, अधिकारों और सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को गंभीरता से सुना और विषयवस्तु की जानकारी ली। निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं तथा महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी से ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। इस अवसर पर उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं, स्वच्छता प्रहरी एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का विवि में हुआ प्रसारण



रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पं. शंभूनाथ शुक्ल सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विज्ञान भवन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन के सीधे प्रसारण के समय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.राजेंद्र कुमार कुड़रिया एवं कुलसचिव नीरजा नामदेव सहित विश्वविद्यालय के आचार्य, उपाचार्य, सहायक प्राध्यापक अधिकारी, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जीईसी में पीएम का लाइव उद्बोधन सुना



**रीवा।** नई दिल्ली से प्रधानमंत्री के उद्बोधन एवं नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियरिंग कॉलेज के न्यू ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमे महाविद्यालय की छात्राओं ने भारी संख्या में उपस्थित रखकर पूरे कार्यक्रम को स्क्रीन पर देखा। इस लाइव प्रसारण कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं के साथ साथ प्राचार्य डॉ.आरपी तिवारी, डीन छात्र कल्याण डॉ.संदीप पांडेय, प्रो.सौम्या पांडेय, डॉ. प्रीति वर्मा, प्रो.वंदना वर्मा, प्रो.अनंत श्रीवास्तव, प्रो.अनिरुद्ध सिंह, प्रो.दीपाली शर्मा, प्रो.स्मिता मिश्रा, प्रो.निधि सिंह चंदेल, प्रो.प्रतिमा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

एक्शन में अवधेश प्रताप सिंह विवि प्रबंधन

# मापदंड की पूर्ति न करने वाले महाविद्यालयों की रुकेगी सम्बद्धता

### कई वर्षों से चल रहा था शपथ पत्र का खेल, इस वर्ष बढ़ी मुश्किल

**जागरण,रीवा।** मान्यता मापदण्ड की पूर्ति न करने वाले निजी महाविद्यालयों की सम्बद्धता पर रोक लगा दी गई है। इस बाबत अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने कई मानक को पूरा न करने वाले महाविद्यालयों को पत्र भी जारी किया गया है। बता दें कि जनवरी 2020 में मान्यता संबंधी जारी मार्गदर्शिका में अचल संपत्ति हेतु निजी महाविद्यालयों को 3 वर्ष की छूट दी गई थी। नियमानुसार नगरीय क्षेत्र में स्थापित निजी महाविद्यालयों को 2 एकड़ भूमि में स्वयं का परिसर विकसित करना था, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के निजी महाविद्यालयों को 5 एकड़ भूमि में परिसर संचालित करना है। तब कोरोनाकाल का हवाला देकर महाविद्यालयों ने मान्यता नियमों में राहत मांगी थी, जिसका सहारा लेकर अभी तक निजी महाविद्यालय नियमों की पूर्ति करने से बचते रहे। अब विभाग ने पुनः उक्त नियमों को लेकर सख्ती दिखाई है। किराये के भवन में संचालित ऐसे महाविद्यालयों को अब सजा भुगतनी पड़ सकती है। उच्च शिक्षा विभाग ने पूर्व में भी विश्वविद्यालय को ऐसे महाविद्यालयों की सम्बद्धता रोकने के निर्देश दिए थे हालांकि शपथ पत्र देकर महाविद्यालय मान्यता प्राप्त करते रहे लेकिन मानक को पूरा नहीं किया लेकिन इस वर्ष विवि प्रबंधन की सख्ती से ऐसे महाविद्यालयों की संबंद्धता पर संकट मंडरा रहा है। बिना नियम संचालित महाविद्यालयों में ताला लग सकता है।

### आधा सैकड़ा से अधिक महाविद्यालय



गौरतलब है कि विश्वविद्यालय क्षेत्र अंतर्गत रीवा व शहडोल सम्भाग में करीब 175 निजी महाविद्यालय हैं, जो विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त हैं। इनमें से करीब आधा सैकड़ा महाविद्यालय ऐसे हैं, जो अब भी मापदण्ड के विपरीत किराये के भवन में संचालित हैं या कम भू-खण्ड में चल रहे हैं।

### यूजीसी के निर्देश का पालन नहीं

बता दें कि यूजीसी के निर्देशानुसार महाविद्यालयों में छात्र अनुपात के हिसाब से कक्षा होनी चाहिए। इसके अलावा, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कार्यालय, छात्रावास, कैंटीन, खेल मैदान आदि की सुविधा भी रहनी चाहिए। जिसके लिए नगरीय क्षेत्र में न्यूनतम 2 एकड़ भूमि होने का प्रावधान है परंतु व्यवसाय में संलग्न अधिकांश निजी महाविद्यालय यूजीसी के ऐसे निर्देशों की लगातार अवहेलना करते आ रहे हैं।

## 20 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**जागरण,रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत जेएनसीटी कॉलेज रतहरा रीवा में 15 अप्रैल को सुबह 11बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते सात हजार रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में ब्रोक्स इंडिया प्रा.लि. झागड़िया, ओत्सुका फार्मास्युटिकल इंडिया प्रा.लि. अहमदाबाद गुजरात, जेके टायर्स मुरैना, बंसल वायर इन्डस्ट्रीज लि. ग्रेटर नोयडा, आमधनी प्रा.लि. एमआरएफ टायर्स दहेज गुजरात, आमधनी प्रा. लि. आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात तथाआमधनी प्रा. लि. सोलर प्लांट अहमदाबाद बाबला गुजरात की कंपनियाँ शामिल हो रही हैं। रोजगार मेले में आमधनी बजाज आटो लिमि. पुणे महाराष्ट्र, सिन्टेक्स इंस्ट्रीज लि. जाफराबाद गुजरात, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, कास्टएनएक्स प्रा. लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, संजीव आटो प्रा. लि. वालुज महाराष्ट्र तथा बजाज लाइफ इंश्योरेस प्रा. लि. रीवा की कंपनियां भी शामिल होंगी।

# प्राध्यापकों के बाद अब विद्यार्थियों की भी लगेगी सार्थक ऐप से उपस्थिति

### खासकर छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों के लिए 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य

**जागरण,रीवा।** कॉलेज स्टाफ के लिए सार्थक ऐप के जरिये उपस्थिति की व्यवस्था लागू करने के बाद उच्च शिक्षा विभाग कॉलेजों में विद्यार्थियों की 100 फीसदी उपस्थिति करने के लिए नया प्रयोग करने जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह व्यवस्था प्रदेश के कुछ जिलों के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मार्च से लागू होने जा रही है। पायलट प्रोजेक्ट में रीवा के पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस भी शामिल किए जाने को लेकर चर्चा है। हालांकि अभी स्पष्ट निर्देश नहीं मिले हैं। यहां भी यह व्यवस्था लागू हो सकती है। अगले शिक्षा सत्र से पूरे प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों में यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

### उपस्थिति 50 प्रतिशत भी नहीं

कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सालभर उपस्थिति 50 फीसदी से भी कम सामने आ रही है। ऐसे में कॉलेजों में पढ़ाई किस तरह हो रही होगी यह समझा जा सकता है। प्रवेश लेने के बाद कॉलेजों में नियमित नहीं आने की विद्यार्थियों की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग यह कदम उठाने जा रहा है।

### छात्रवृत्ति भी मेप्ड होगी

सार्थक ऐप से उपस्थिति उन विद्यार्थियों के लिए ज्यादा अनिवार्य होगी जो शासन से किसी तरह की छात्रवृत्ति या शासन की योजना का लाभ कॉलेज की पढ़ाई के दौरान उठा रहे हों। उनकी छात्रवृत्ति भी सार्थक ऐप से उपस्थित्ति से ही मैप्ड की जा रही है। इससे उन विद्यार्थियों की कॉलेज में पूरे साल की उपस्थिति कम होने की दशा में विद्यार्थी की छात्रवृत्ति पर असर पड़ सकता है।

### जुलाई से पूरे प्रदेश में लागू होगी

मार्च में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के कुछ चुनिंदा कॉलेजों में सार्थक ऐप के जरिये विद्यार्थियों की उपस्थिति की व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके बाद विभाग इसे पूरे प्रदेश में नए सत्र से यानी जुलाई माह से सभी कॉलेजों में लागू करने पर विचार कर रहा है। यदि ऐसा होता है तो कॉलेजों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ना तय है।

> कॉलेजों में अगले सत्र से सार्थक ऐप के जरिये सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति की व्यवस्था लागू की जा रही है। इसका उद्देश्य हर विद्यार्थी की कम से कम 75 फीसदी उपस्थिति कॉलेजों में हो।
>
> **डॉ.आरएन तिवारी, प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय रीवा।**

## छात्रा के मां को भेजा गलत मैसेज, स्कूल में जमकर हुआ हंगामा

### पैरामाउंट स्कूल में घंटों चला विवाद, 112 डायल भी पहुंची



**जागरण,रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 43 रामसागर मोड़ स्थित पैरामाउंट स्कूल में सोमवार को एक छात्रा की मां ने जमकर हंगामा किया। बताया गया कि संचालक द्वारा मां को वाट्स ऐप पर गलत मैसेज भेजा गया। जिसके बाद भड़की छात्रा की मां ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। 112 डायल को सूचना मिली तो वह भी मौके पर पहुंची गई। अब हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को लेकर चल रही चर्चा के अनुसार पैरामाउंट स्कूल के संचालक आनंद तिवारी पिता कमल किशोर तिवारी निवासी अनंतपुर द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत एक छात्रा के मां को वाट्स ऐप पर आपत्तिजनक कमेंट किया गया। सोमवार को जब छात्रा की मां इस संबंध में बात करने के लिए स्कूल पहुंचीं तो वहां उनके और स्कूल संचालक के बीच कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद इतना बढ़ गया कि स्कूल परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई। आरोप है कि संचालक ने महिला को डांट-फटकार कर वहां से जाने के लिए कहा। विवाद बढ़ता देख किसी ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। वहीं छात्रा की मां ने वीडियो में स्कूल संचालक आनंद तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है। बताया गया कि संचालक ने छात्रा की मां से छात्रा की टीसी काटने की बात कही, जिससे वह और भड़क गईं।

## ईसीएचएस का हुआ वार्षिक निरीक्षण

### अधिकारियों ने देखी व्यवस्थाएं, कैंटीन में हो रहा सुविधाओं का विस्तार

**जागरण,रीवा।** ईसीएचएस चिकित्सालय रीवा में जबलपुर स्टेशन मुख्यालय से वार्षिक निरीक्षण के लिए सोमवार को टीम पहुंची। टीम में कर्नल संजीव हरदयाल डायरेक्टर ईसीएचएस हेडक्वार्टर एमबी एरिया, कर्नल नंदाकिनी थापा कर्नल वेटरन एमबी एरिया, लेफ्टिनेंट कर्नल बिजेंद्र सिंह ओआइसी स्टेशन सेल और मेजर ध्रुवी यादव चिकित्साधिकारी मिलिटरी अस्पताल जबलपुर शामिल रहे। उनके द्वारा पूर्व में निर्मित सुविधाएं पूर्व सैनिकों की बढ़ती संख्या के अनुकूल पर्याप्त सुविधाओं का अवलोकन किया और सुविधाओं के विस्तार तथा सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि रीवा पालीक्लीनिक में पूर्व सैनिकों की बढती संख्या को देखते हुए सुविधाओं के विस्तार मे मदद का आश्वासन भी टीम ने दिया। इस दौरान प्रभारी अधिकारी कर्नल ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने यह भी बताया कि पालीक्लीनिक की श्रेणी टाइप सी करने हेतु कार्य प्रारंभ है अन्य प्रशासनिक सुधारों के अवलोकन और प्रस्तावित योजनाओं पर विचार-विमर्श के पश्चात टीम जबलपुर के लिए प्रस्थान किया।



### कैंटीन में मिली राहत

बता दें कि पूर्व सैनिक कैंटीन में अब पूर्व सैनिकों व उनके परिवार जनों को काफी राहत मिल रही है, कैंटीन प्रभारी कैप्टन प्रदीप सिंह व असिस्टेंट मैनेजर अमित सिंह बघेल पूर्व सैनिकों व उनके परिवार जनों को राहत देने प्रयासरत हैं, काउंटर बढ़ाने के साथ-साथ अब दो बार कलेक्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही मनमानी प्रवेश पर भी रोक लगी है, नियमानुसार ही अब पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश दिन के अनुसार दिया जा रहा है।

# बघेली बोली के शब्द बचामय के निता एमेर कार्यक्रम के आवश्यकता हय: सांसद

### कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित बघेली महोत्सव



**रीवा।** बघेली बोली के संस्कृति एवं गौरव को बनाये रखने के उद्देश्य से होने वाला ऐतिहासिक छठवां बघेली महोत्सव कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में तीन पांच फिल्म्स एवं शिवाय फाउंडेशन के तत्वावधान मे आयोजित हुआ, जिसमें लोक नृत्य लोक नाटक लोक साहित्य लोक व्यंजन एवं तमाम विंध्य परंपरा के साथ ही लोगों को सम्मानित किया गया। विभु सूरी एवं प्राची पांडे के संचालन में इस कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ललन शुक्ला की भजन प्रस्तुति महिमा पांडे सारिका दीक्षा एवं प्राची पांडे के गीतों की प्रस्तुति हुई। तीन पांच के कलाकारों द्वारा 'छाती के पीपर' हास्य नाटक में वर्तमान मुद्दों पर करारा प्रहार किया गया। बघेली व्यंजन में नौ प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें निशा सिंह प्रथम आरती विभूति सिंह अंजना तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सांसद जनार्दन मिश्रा मिश्रा ने बघेली मे कहा की आज के बच्चे बघेली के पुरातन शब्द नहीं जानते हैं। नई पीढ़ी धीरे-धीरे बघेली शब्दों को भूलती जा रही है इसलिए इस तरह का आयोजनों से कम से कम हम नई पीढ़ी को नवाचार दे रहे हैं। आयोजन में भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, मनीषा पाठक, पल्लवी खन्ना, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, विभा पटेल, जगजीवन लाल तिवारी कक्का, चंद्रिका द्विवेदी चंद्र, राम नरेश तिवारी निष्ठुर मंच पर उपस्थित रहे।आयोजक शिवाय फाउंडेशन की अध्यक्ष रीति सरगम पांडे एवं 35 बघेली फिल्म के निदेशक उमेश मिश्रा लखन ने सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### इनको किया गया सम्मानित

कार्डियोलॉजिस्ट व्ही डी त्रिपाठी चिकित्सा क्षेत्र में, पारस जी शिक्षा क्षेत्र में, विद्या प्रकाश तिवारी रंगकर्म, समाजसेवी चेतना मिश्रा को बघेली रत्न सम्मान से पुरस्कृत किया गया। साथ ही बघेली क्रिएटर अंबिकेश मिश्रा अपना विंध्य, आर्यन द्विवेदी रीवा रियासत, उत्तम तिवारी आलोचक, व शब्द सांची को बघेली डिजिटल क्रिएशन के लिए सम्मानित किया गया।

# सरस्वती स्कूल जेलमार्ग के भैया-बहनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता



**रीवा।** ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनिकवार में आयोजित की गई। इस जिला-स्तरीय एथलेटिक्स एकल एवं समूह खेल प्रतियोगिताओं में जेल मार्ग के भैया बहनों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विजयी परचम लहराया। तरुण वर्ग समूह खेल खो-खो में भैया की टीम विजेता रही एवं बाल वर्ग भैया की टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। तरुण वर्ग समूह खेल में बहनों की कबड्डी टीम उपविजेता रही जबकि किशोर वर्ग में बहनों की खो-खो टीम को उपविजेता का स्थान प्राप्त हुआ। एकल खेल प्रतियोगिता एथलेटिक्स में तरुण वर्ग के भैया मदन साहू 200 मीटर की दौड़ में प्रथम एवं बहन सुहानी पटेल 400 मीटर की बाधा दौड़ में प्रथम एवं 800 मीटर की बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की बहन अदिति शर्मा ने 1500 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग के भैया सागर द्विवेदी ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बहन साक्षी द्विवेदी 3000 मीटर की रेस में विजेता रहीं। किशोर वर्ग की बहन आरुषि पांडे ने 200 मीटर की दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की बहन परी त्रिपाठी ने 400 मीटर की दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग के भैया उमंग सिंह तिवारी 400 मीटर की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहे।

# सामाजिक चेतना को नई दिशा देने का संदेश

### चल रही है परशुराम शोभायात्रा की तैयारी



**रीवा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित बैठक ने सामाजिक चेतना को नई दिशा देने का संदेश दिया। स्वामी विवेकानंद पार्क में आयोजित यह बैठक भगवान परशुराम जयंती की शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर हुई। बैठक में तय हुआ कि शोभायात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, युवा जागरण और संस्कार निर्माण का अभियान होगी। शोभा यात्रा 20 अप्रैल शाम 4 बजे विवेकानंद पार्क से प्रारंभ होकर मानस भवन व शिल्पी प्लाजा होते हुए मनकामेश्वर नाथ शिव मंदिर पीली कोठी स्थापित भगवान परशुराम मंदिर तक पहुंचेगी। पदाधिकारी ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर शोभा यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक पंडित विजय मोहन तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पंडित दलवीर द्विवेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनीती व्यास, जिला अध्यक्ष मऊगंज पंडित नर्मदा पयासी, कोषाध्यक्ष रमेश द्विवेदी, डॉ सविता मिश्रा, प्रदेश महामंत्री, आरती मिश्रा प्रदेश संगठन महामंत्री, जयंती पांडे प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभा सोहगौरा प्रदेश मंत्री, गीता मिश्रा जिला महामंत्री, पूनम मिश्रा जिलाध्यक्ष, ममता शुक्ला, नीतू पाठक जिला संगठन मंत्री, प्रतिमा मिश्रा सह संगठन मंत्री, दिलीप द्विवेदी, जमुना प्रसाद चतुर्वेदी नगर मंत्री, आनंदधर द्विवेदी, विष्णु कुमार शर्मा, प्रकाश तिवारी, डॉ संजय शर्मा, मोहनलाल शुक्ला, के के पांडे देवेंद्र कुमार तिवारी, प्रभु नाथ पांडे, रामलाल शर्मा, राकेश शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, विकास पांडे मीडिया प्रभारी, अनंत शुक्ला, शुभम उर्मलिया एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब की प्रतिमा के पास भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

## शाम को दीपक जलाकर मनाया दीपोत्सव



**रीवा।** संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती के पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा के पास स्वच्छता अभियान के तहत सुबह साफ सफाई की गई एवं शाम को दीप जलाकर दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

साफ सफाई कार्यक्रम के दौरान प्रमुख जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, शरद साहू अशोक सिंह गहरवार, राजेश प्रताप सिंह, मनीष पाठक, संध्या कोल जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, जिला मंत्री बृजेंद्र गौतम, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा संतोष सिंह सिसोदिया, माया सिंह, रिपुदमन सिंह, सांसद प्रतिनिधि नगर निगम रमाशंकर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गौरव पांडेय, शिवम द्विवेदी, शेषमणि पाण्डेय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवेंद्र शुक्ला, प्रदीप सिंह, वीणा शुक्ला, कृष्ण प्रिय मैत्रेय, पार्षद समीर शुक्ला, राजीव शर्मा, दारा सिंह, सैयद अख्तर मुस्ताक, प्रकाश सोनी सतीश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीडिया योगेंद्र शुक्ला, नंदलाल ताम्रकार, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्या मोर्चा, मो. इमरान गुलाब, कबीर पासा, अनिमेष द्विवेदी, संजीव गुप्ता, परमजीत सिंह, बुद्धसेन नापित, अमरेश पांडेय, जगन्नाथ साहू, दीपक शुक्ला, निशा साकेत, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, पवन तिवारी, राहुल सिंह, राजाराम बुनकर, किशन मिश्रा, डॉक्टर सी एल रावत, पुष्पेंद्र मिश्रा, विवेक मिश्रा गोल्डी, जय प्रताप सिंह, संजीव शुक्ला, आकाश चौरसिया, मोहित गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, कृष्ण गुप्ता आदि उपस्थित रहे। आज14 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व मिष्ठान वितरण कार्यक्रम किया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचने की अपील की है।

# डॉ. अम्बेडकर जयंती पर होगा विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**रीवा।** जिले भर में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि विशेष ग्राम सभा में डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की चर्चा की जाएगी। ग्राम सभा में महिला सशक्तिकरण, स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था, जल संरक्षण के कार्यों, सामाजिक कल्याण की योजनाओं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की सूची का वाचन किया जाएगा। ग्राम सभा में बाल विवाह रोकने की शपथ ली जाएगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों से पोषण आहार के वितरण, पॉक्सो अधिनियम, स्पॉन्सरशिप योजना तथा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण से जुड़े प्रस्ताव एजेण्डा में शामिल किए जाएंगे। ग्राम सभा में एनिमिक महिलाओं एवं किशोरियों के उपचार, स्वच्छता, क्षय उन्मूलन, खसरा उन्मूलन संबंधी विषय भी शामिल रहेंगे। ग्राम सभा में कार्यबल में महिलाओं की श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने, संबल योजना में पंजीयन तथा पीएम श्रमयोगी एवं मानधन योजना में पंजीयन की जानकारी दी जाएगी। ग्राम सभा में डिजिटल सुरक्षा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में प्रस्ताव रखे जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा है कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम सभा के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर शासन के निर्देशों के अनुरूप डॉ. अम्बेडकर जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कराएं।

## आज मनाई जाएगी अम्बेडकर की 135वीं जयंती

**रीवा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती 14 अप्रैल को जिले भर में मनाई जा रही है। मुख्य समारोह शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा के ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सेमरिया अभय मिश्रा, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, महापौर रीवा नगर निगम अजय मिश्रा तथा अध्यक्ष नगर निगम व्यकंटेश पाण्डेय शामिल होंगे। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग के. के. पाण्डेय ने सभी आगंतुकों से समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## खेत में लगी आग, फसल जलकर हुई खाक



**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम सकरवट में सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते खेत मे खड़ी सूख चुकी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। अचानक लगी आग ने खेत में खड़ी पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामवासियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, किन्तु उनका प्रयास विफल रहा। फायर ब्रिगेड पहुंचने तक खेत में खड़ी फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।

**नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा में सामने आई एक और मनमानी**

# एसडीओ ने सेवानिवृत्ति के एक दिन पहले विवादित भूमि पर जारी की अनुज्ञा

## ननि के पूर्व वित्त प्रभारी ने निगमायुक्त से की कार्यवाही की मांग, अधिकारियों ने साध रखा है मौन




**जागरण, रीवा।** नगर निगम की भवन अनुज्ञा में चल रहे खेल पर रोक नहीं लग पा रही है, यहां दस्तावेजों में हेरफेर कर अनुमति जारी की जा रही है। हालात यह हैं कि वरिष्ठ अधिकारियों को दस्तावेजों में हेरफेर कर गुमराह किया जा रहा है। सेवानिवृत्ति के ठीक एक दिन पहले नगर निगम के सहायक यंत्री ने एक ऐसे प्रकरण में भवन अनुज्ञा जारी कर दी, जिसमें खुद नगर निगम कमिश्नर ही नोडल अधिकारी थे। मामले पर नगर निगम के पूर्व वित्त प्रभारी व वार्ड 44 के पूर्व पार्षद नीरज पटेल ने कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा है कि भवन अनुज्ञा शाखा में चल रही इस प्रकार के फर्जीवाड़े पर रोक लगनी चाहिए और मनमानी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही की जानी चाहिए।

**क्या है मामला :** शिकायत में नीरज पटेल ने बताया है कि नगर निगम के तत्कालिक सहायक यंत्री जोन क्रमांक 3 अंबरीश सिंह द्वारा अपनी सेवानिवृत्ति के ठीक एक दिन पहले कार्यालय समय समाप्त होने के बाद उच्च न्यायालय में भूमि का मामला विचाराधीन होने के बाद भी भवन अनुज्ञा जारी कर दी गई। जो कि अपने आप में बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। जोन क्रमांक 3 वार्ड 25 में स्थित आराजी क्रमांक 631/2 रकवा 1.19 एकड़ में व्यवसायिक व रिहायशी भवन के निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा जारी की गई है। जबकि इस कथित शासकीय भूमि में प्रकरण हाई कोर्ट में विचाराधीन है। जिसके बाद भी निगमायुक्त को धोखे में रखते हुए सेवानिवृत्ति के पहले अधिकारी ने अनुज्ञा जारी की। नगर निगम आयुक्त रहे डॉ.सौरभ सोनवणे ही इसके नोडल अधिकारी भी रहे। पूर्व पार्षद नीरज पटेल ने कहा है कि इस मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जानी चाहिए, इसके साथ भवन अनुज्ञा यदि गलत जारी की गई है तो इसे जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। सेवानिवृत्ति अधिकारियों के पेंशन पर रोक लगनी चाहिए।

# आशा भोंसले के निधन पर बघेली कलाकारों ने जताया शोक

**रीवा।** बघेली लोक गायिका सुषमा शुक्ला ने सुर साम्राज्ञी एवं पद्मविभूषण आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय संगीत जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। भारतीय संगीत को उन्होंने एक नई दिशा और मुकाम पर खड़ा किया था। उनके गाने देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणा का काम करते रहेंगे। प्रख्यात कलाकार रघुवीर शरण श्रीवास्तव ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि आशा जी के निधन से भारतीय सिनेमा और संगीत को जो क्षति हुई है उसकी भरपाई संभव नहीं है, वहीं गणेश मिश्रा वंशगोपाल द्विवेदी शिबू वर्तिका शुक्ला कवि आशीष तिवारी निर्मल ने भी अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र किये वितरित

## चौरसिया समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 24 को

**रीवा।** चौरसिया समाज समिति द्वारा चौरसिया यूनिटी भवन महसांव में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चौरसिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौरसिया ने की। बैठक में विंध्य प्रदेशीय चौरसिया समाज द्वारा आगामी 24 अप्रैल को होने वाले युवक-युवती परिचय एवं 25 अप्रैल को चौरसिया समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित प्रचार प्रसार समिति के अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई कि विंध्य प्रदेश में निवासरत चौरसिया समाज के लोगों के द्वारा घर-घर जाकर परिचय सम्मेलन एवं विवाह हेतु आमंत्रण पत्र पर वितरित किया गया और ज्यादा से ज्यादा समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने का निवेदन किया गया। समाज के लोगों ने कार्यक्रम सफल बनाने हेतु सहयोग राशि भी प्रसन्नता पूर्वक दी जा रही है। बैठक में अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में रामसुख चौरसिया, राधेलाल चौरसिया, रामसुशील चौरसिया, संतोष चौरसिया (कोटेदार), हेमलाल चौरसिया, मोतीलाल चौरसिया, डिगनलाल चौरसिया, खुशीलाल चौरसिया, मुन्नालाल चौरसिया, रामावतार चौरसिया, रवीश चौरसिया, शैलेश चौरसिया, आकाश चौरसिया, अभय चौरसिया, नारायण चौरसिया, रामनरेश चौरसिया, उमाशंकर चौरसिया, रामकुशल चौरसिया, हनुमान चौरसिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं Shweta Rani Singh W/o Ajay Pratap Singh वार्ड क्र.12, म.नं. 582, ''मधुवन'' गॉधीनगर, उर्रहट, गीता ज्योति स्कूल के पास, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) 486001 द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम Shweta Rani Singh है जो मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Shweta Rani Singh अंकित है, परन्तु त्रुटिवश मेरे बैंक खाते में मेरा नाम Shweta Singh अंकित हो गया है। अत: इस प्रकाशन के उपरांत मेरे बैंक खाते में मेरा नाम Shweta Rani Singh दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 85235 Shweta Rani Singh

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 26/विशेष विवाह/2026
रीवा, दिनांक 30.01.2026

**इश्तहार**

आवेदक अतुल कुमार साकेत पिता दिनेश प्रसाद साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट अजगरहा तहसील हुजूर थाना विश्वविद्यालय जिला रीवा म0प्र0 एवं आवेदिका वंदना रावत पिता श्री हीरालाल रावत उम्र 24 वर्ष निवासी बरैया कला तहसील व थाना मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र. के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक: 18.05.2026

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)

RN-85236

# ढेकहा तिराहे पर खराब ट्रक दिन भर करता आवागमन बाधित



**जागरण, रीवा।** शहर के ढेकहा तिराहे पर सोमवार सुबह से दोपहर तक एक खराब ट्रक सड़क पर खड़ा आवागमन बाधित करता रहा। जबकि शहर के भीड़ भरे क्षेत्रों सहित बाजार, चौराहे, भीड़ भरे क्षेत्रों में सुबह 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, किन्तु उक्त निर्देशों का पालन नहीं हो रहा। डंपर, हाइवा तो जहां मर्जी हो वहां घुसेड़ दिए जाते हैं, इनकी देखा-देखी अन्य भारी वाहन भी शहर में बेखौफ लाए जा रहे हैं। सोमवार सुबह ढेकहा तिराहे पर उक्त लापरवाही देखने को मिली, ट्रक चालक अपना ट्रक तिराहे पर ले आया, जहां ट्रक खराब हो गया, जिससे ट्रक जहां था, वहीं खड़ा रह गया, तिराहे पर खड़ा खराब ट्रक आवागमन में बाधक बना रहा, दोपहर बाद ट्रक को क्रेन की मदद से यहां से हटवाया गया।

**प्रतिबंध के बाद भी भारी वाहन घुस आते हैं शहर के अंदर, नहीं हो रही कार्यवाही**

# निर्माणाधीन नाले में गिरी गौवंश, रात भर पड़ी रही



**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 45 में साकेत बस्ती के समीप निर्माणाधीन नाले में बीती रात एक गाय गिर पड़ी, वार्ड के लोगों ने पहले तो उसे खुद निकालने का प्रयास किया, किन्तु सफाल न होने पर उन्होंने इसकी सूचना नगर निगम को दी। किन्तु रात्रि में कोई कर्मचारी गाय को निकालने नहीं आए। गाय रात भर नाले में ही पड़ी रही। सुबह नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और गाय को बाहर निकाला गया। ज्ञातव्य है कि शहर में जगह-जगह खुले नालों के कारण आए दिन इस प्रकार की घटना होती है, निगम आयुक्त खुले नालों सहित नालियों को भी ढंकने के निर्देश दे चुके हैं, किन्तु उनके निर्देशों का कोई असर निगम के मातहतों के कानों में नहीं हुआ।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/74/ई-टेण्डरिंग/न.परि./2026 त्योंथर दिनांक- 13/04/2026

**तृतीय निविदा (सेक्सन-1) ई निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख (में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_499408_1 /13.04.2026 | वार्ड क्र. 15 मुन्ना आदिवासी एवं मोहित लाल तिवारी के घर से हरिजन बस्ती तक दोनो तरफ आरसीसी नाली निर्माण कार्य । | 96.47 | 72352.00 | 10000.00 | 06 (माह) |

1. निविदा दिनांक 10/01/2026 को सायं 5.30 बजे से दिनांक 25/04/2026 को सायं 5.30 बजे तक बजे तक बेवसाईट पर आनलाइन भुगतान कर प्राप्त हो सकेंगे, विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद त्योंथर,
जिला रीवा (म.प्र.)

# हिन्दू धर्म परिषद धूमधाम से मनायेगा परशुराम जयंती

**समूचे विन्ध्य में शोभायात्राओं की हो रही तैयारियाँ**

**रीवा।** आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती पर समूचे विंध्य में कई जगह शोभायात्राओं के साथ कई आयोजन भंडारा आदि कराने की तैय्यारियॉ की जा रही हैं। हिन्दू धर्म परिषद ने सभी धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर परशुराम जयंती धूमधाम से मनाने की योजना बनाई है। विंध्य के हनुमना, मऊगंज, चाकघाट, मनगवां, सेमरिया, गुढ़, गोविन्दगढ़ आदि स्थानों पर आयोजनों की रूपरेखा बनाई गई है। समूचे विन्ध्य में हिन्दू धर्म एवं सनातनी समाज द्वारा अपने धार्मिक त्योहारों को मनाने का उत्साह नजर आ रहा है, उससे समस्त समाज के सभी वर्गों की एकजुटता बढ़ रही है जो आने वाले समय में भाईचारा बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य करेगा। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, अध्यक्ष ऋषिशंकर मिश्रा, संयोजक सुमित मॉंजवानी, सहसंयोजक उमेश कुशवाहा ने सभी सदस्यों से भगवान परशुराम जयंती समारोह को भव्य और आकर्षक बनाने अपना पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया है। हिन्दू धर्म परिषद के मार्गदर्शक डॉ सी.बी.शुक्ला, डॉ केके परौहा, डॉ ज्योति सिंह, डी.पी.सिंह परिहार, अवधेश श्रीवास्तव, जगन्नाथ साहू ने बताया कि इस अवसर पर निकलने वाली शोभायात्राओं का स्वागत किया जायेगा। अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी द्वारा जयंती समारोह को यादगार बनाने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया गया है।

# 75 वर्ष पुराने खसरे का अवैध सुधार व नामांतरण की जांच की मांग

**रीवा।** नईगढ़ी के ग्राम शिवराजपुर निवासी मुन्नीलाल तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी पिता स्व. जगदीश प्रसाद, बेवा चंद्रवती तिवारी पति स्व. जगदीश प्रसास तिवारी की पैतृक जमीन खसरा क्रमांक 18/1, 18/2, 18/3 एवं 26/1 में ये कुल 3.50 एकड़ जमीन पर ग्राम के ही सरहंगों प्रवीण कुमार मिश्रा, दिवाकर प्रभाकर मिश्रा, अरविंद कुमार पिता अंजनी प्रसाद मिश्रा, संकठा प्रसाद मिश्रा, अनुसुइया प्रसाद मिश्रा, रामसरोज मिश्रा पिता कुंज बिहारी आदि द्वारा आवेदकों की 4 पीढ़ी से चली आ रही पैतृक भूमि कूटरचित तरीके से अपने नाम करवा ली है। आदेश पारित करने से पहले पटवारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार ने आवेदकों की सहमति, उपस्थिति, सूचना देना एवं मौका परीक्षण करना उचित नहीं समझा और असंभावित आदेश पारित कर दिया। जिसकी शिकायत आवेदकों द्वारा कमिश्नर व जनसुनवाई में भी की गई है, आवेदक का आरोप है कि इस संबंध में अवैध रूप से भूमि अपने नाम करवाने वालों ने भी शिकायत आवेदन देकर अपना अधिपत्य जता रहे हैं। आवेदक ने खसरे में सुधार किए जाने व दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उनकी भूमि उन्हें दिलाए जाने की मांग की है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रमेश प्रताप सिंह तनय स्व. श्री राजेश्वर सिंह, उम्र 47 वर्ष, पेशा रिटायर्ड कर्मचारी बी.एस.एफ., निवासी ग्राम सलैया, तहसील मनगवां, थाना बैकुण्ठपुर, जिला रीवा (म.प्र.) का हूँ व शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि शपथकर्ता की आराजी नं. 310/3,108,95,374,321/ 2,223,229/2,314/ 1,311, 363/ 5,364/3 कुल 11 किता स्थित ग्राम मझबोगा, पटवारी हल्का कपुरी, तह. हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) अन्तर्गत स्थित है। यह कि शपथकर्ता की आराजियात मे शपथकर्ता का नाम कृष्ण प्रताप सिंह हो गया है जो टंकण त्रुटि वश राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है, जबकि मूल रिकार्ड जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आई.डी. पी.पी.ओ. मे रमेश प्रताप सिंह अंकित है जो सही व सत्य है। जिसमे शपथकर्ता माननीय न्यायालय के समक्ष रिकार्ड में नाम सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमे शपथकर्ता का वास्तविक नाम रमेश प्रताप सिंह तनय स्व. राजेश्वर सिंह निवासी ग्राम सलैया, तह. मनगवां, थाना बैकुण्ठपुर, जिला रीवा (म.प्र.) है। कृष्ण प्रताप सिंह एवं रमेश प्रताप सिंह दोनो नाम मुझ शपथकर्ता का ही नाम है। अतः मुझ शपथकर्ता के आराजियात में मेरा नाम रमेश प्रताप सिंह दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- रमेश प्रताप सिंह

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा**

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 01/2026-27**

क्रमांक 536/ग्रा.यां.से./2026 रीवा, दिनांक 09/04/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 ( तीन लिफाफा पद्धति) राशि रू.1.00 से अधिक एवं Cover-2 (दो लिफाफा पद्धति) राशि रू. 1.00 करोड़ तक के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय | सिस्टम आई.डी.नम्बर | कार्य का प्रकार | कार्यों की संख्या | निर्माण कार्यों की अनुमानित लागत (लाख) | एस.ओ.आर. /आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीधी | 2026_RES_499010 | शॉपिंग काम्पलेक्स का निर्माण जिला पंचायत भवन सीधी। | 01 | 45.24 | 11.04.2022 प्रथम |
| 2 | सीधी | 2026_RES_499011 | चितवरियां हाई स्कूल के सामने खेल मैदान, मैदान में बाउण्ड्रीवाल, शेड एवं अन्य कार्य। | 01 | 41.01 | 11.04.2022 प्रथम |
| 3 | सीधी | 2026_RES_499012 | प्राथमिक शाला ढावा दक्षिण टोला ग्राम पंचायत गहिरा। | 01 | 35.31 | 11.04.2022 प्रथम |
| 4 | रीवा क्र.01 | 2026_RES_499013 | परशुराम आश्रम में पी.सी.सी. रोड, सामुदायिक भवन, पेवर ब्लाक, आर.सी.सी. नाली, चबूतरा शेड निर्माण कार्य। | 01 | 65.90 | 11.04.2022 तृतीय |
| 5 | रीवा क्र.01 | 2026_RES_499052 | ग्राम पंचायत तिवनी जनपद पंचायत गंगेव में तिवनी चौथियान टोला में सभा स्थल निर्माण कार्य, विवाह घर निर्माण। | 01 | 37.85 | 11.04.2022 प्रथम |
| 6 | संभाग क्र. 01 रीवा | 2026_RES_499053 | ग्राम पंचायत सूरा जनपद पंचायत गंगेव में सूरानाथ मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लाक निर्माण, सभा स्थल हेतु शेड निर्माण एवं धर्मशाला निर्माण | 01 | 37.85 | 11.04.2022 प्रथम |
| | | | कुल योग:- | | 263.16 | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 13.04.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 04.05.2026 समय 17:30 बजे शाम तक क्रय एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

संषोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती हे कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ विड जमा करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

G-11491/26

अधीक्षण यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
रीवा मण्डल रीवा

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला उत्कृष्ट स्थान पर रहे: कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला प्रदेश की रैंकिंक में उत्कृष्ट स्थान पर रहे। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी विभागीय अधिकारी तत्परता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करेंगे। ताकि नियत समय में लक्ष्य की पूर्ति हो सके और अंतिम छोर तक के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने की अपेक्षा की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेह्ताब सिंह गुर्जर व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.वि./यां. संभाग रीवा**

क्रमांक/ 129 /कार्य/निविदा/2026-27 रीवा, दिनांक 08/04/2026
निविदा क्र.D-02/2026-27 रीवा, दिनांक 08/04/2026

**निविदा आमंत्रण-सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. | टेंडर आई.डी.क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 PWDRB_498867_1 | जिला रीवा के सैनिक स्कूल परिसर में स्थित युवराज भवन छात्रावास में आंतरिक विद्युतीकरण का नवीनीकरण का कार्य | प्रथम आमंत्रण | 06 माह | सभी श्रेणी विद्युत ठेकेदार | 4416666.00 | 5000.00 | 50000.00 |

निविदा फार्म online भुगतान कर 22/04/2026 को शाम 5:30 तक क्रय किये जा सकते है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधेहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। निविदा दिनांक-24/04/2026 को खोली जावेगी।

G11440/26

( इंजी.आर.पी.सिंह )
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण ( वि/याँ. )
संभाग रीवा ( म.प्र. )

**विधिक मांग नोटिस**

नोटिस अजतरफ प्रमोद कुमार मिश्रा तनय श्री चन्द्रमणि प्रसाद मिश्रा उम्र 50 वर्ष पेशा-व्यवसाय निवासी-वार्ड क्रमांक 15 शारदा पुरम समान तह. हुजूर रीवा म.प्र. द्वारा अधिवक्ता धीरेन्द्र शुक्ला कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, परिसर चेंबर नं0-24 नवीन अधिवक्ता बिल्डंग द्वितीय तल रीवा म.प्र. मो.नं. -8959753675

..........प्रथमपक्ष/नोटिसदाता

बनाम

तोषु सोनी तनय स्व. श्री शिव नारायण सोनी उम्र 36 वर्ष, पेशा व्यवसाय निवासी द्वारिका नगर मधुर मंगलम मैरिज हाल रीवा म.प्र. के पास किराये से अशोक सोनी के माकान में मो. न. 9479608120, 9329135012

......... द्वितीयपक्ष/नोटिसग्रहिता

01. यह कि आप नोटिसग्रहीता व नोटिसदाता का एक ही व्यवसाय फोटोग्राफी एवं वीडीयोग्राफी होने के कारण जान पहचान हो जाने से 10 वर्षो से दोनो के बीच मधुर संबंध स्थापित थे जिसके कारण आप नोटिसग्रहीता अपने पारिवारिक निजी आवश्यकताओं व व्यवसाय के विकास हेतु पर्याप्त राशि न होने की वजह से नोटिसदाता से 24 फरवरी 2024 को 1,35,000/- (एक लाख पैतीस हजार) रू. ऋण (कर्ज) मॉंग किया, आप नोटिसग्रहिता की जरुरत व आवश्यकता को देखते हुये नोटिसदाता ने आप नोटिसग्रहिता को 24 फरवरी 2024 से 20 मार्च 2024 के बीच नगद खण्ड-खण्ड मे कुल कर्ज रकम 1,35,000/- (एक लाख पैतीस हजार) रू. प्रदान किया गया, जिसकी अदायगी हेतु आप नोटिसग्रहिता द्वारा वादा किया गया कि एक वर्ष बाद उक्त कर्ज रकम 1,35,000/- (एक लाख पैतीस हजार) रू. लौटा देगा। 02. यह कि एक वर्ष व्यतीत होने के बाद माह अप्रैल 2025 से नोटिसदाता द्वारा आप नोटिसग्रहिता से उक्त कर्ज राशि 1,35,000/- (एक लाख पैतीस हजार) रू. की मॉंग की गई, तब दिनांक 30/12/2025 को आप नोटिसग्रहिता ने अपने खाता क्र0 6293000100025558 पंजाब नेशनल बैंक शाखा सैनिक स्कूल रीवा म.प्र. का चेक जिसका क्रमांक 269299 दिनांकित 30/01/2026 की डेट का पोस्ट डेटेड चेक 1,35,000 रु. (एक लाख पैतीस हजार रु.) की राशि अपने हस्ताक्षर करके नोटिसदाता को दिया और कहा कि उक्त चेक के माध्यम से अपनी राशी 1,35,000 रु. (एक लाख पैतीस हजार रु.) आहरित कर लें। 03. यह कि आप नोटिसग्रहिता द्वारा राशि अदायगी हेतु दिये गये उक्त चेक क्रमांक 269299 को नोटिसदाता ने अपने बैंक युनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा समान आई. एफ.सी कोड UBIN0542504 के अपने खाता क्र. 425002010007012 में जमा किया जो इस टीप ''प्रारंभिक शेष अपर्याप्त'' के साथ अनादरित (बाउंस) होकर नोटिसदाता को वापस प्राप्त हो गई, जिस पर नोटिसदाता ने आप नोटिसग्रहिता को उक्त चेक अनादरण की सूचना दी तो आप नोटिसग्रहिता पैसे देने मे टाल मटोल करने लगे तथा नोटिसदाता को बार-बार अश्वासन देकर समय लेने के बावजूद भी आप नोटिसग्रहिता द्वारा उक्त चेक को अहरित करने हेतु बैंक को स्वीकृति नही दी जिससे नोटिसदाता को इस बात का विश्वास हो गया कि आप नोटिसग्रहिना नोटिसदाता से ली गई रकम 1,35,000/- (एक लाख पैतीस हजार) रू. हड़पने की नियत में है। 04. यह कि उक्त चेक अनादरण की सूचना व मांग नोटिस नोटिसदाता ने सही ढंग से विधिक नोटिस रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 01/04/2026 को भेजी गई जो दिनांक 09/04/2026 को इस टीप के साथ वापस हो गई कि ''प्राप्तकर्ता का फोन बंद है प्राप्तकर्ता के दिये पते पर तलाश किया प्राप्तकर्ता का पता नहीं चला'' इस कारण से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से यह विधिक मांग नोटिस प्रकाशित करायी जा रही है। 5. यह कि आप नोटिसग्रहिता द्वारा दिया गया चेक क्रमांक 269299 जो कर्ज रकम की अदायगी हेतु नोटिसदाता को दिया गया था वह अपर्याप्त राशि के कारण अनादरित हुआ, यह कृत्य धारा 138 निगोशिएबल संस्ट्रूमेन्ट एक्ट के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः आप नोटिसग्रहिता को इस विधिक मांग प्रकाशन नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर उक्त चेक क्रमांक 269299 में वर्णित राशि 1,35,000/- (एक लाख पैतीस हजार) रू. का भुगतान नोटिसदाता को अदा कर पावती रसीद प्राप्त कर ले अन्यथा वाद खत्म मुद्दत नोटिस आपके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होगे।

दिनांक: 13.04.2026

भवदीय
प्रमोद कुमार मिश्रा तनय
श्री चन्द्रमणि प्रसाद द्वारा
धीरेन्द्र शुक्ला एड.
चेंबर नं0-24 नवीन
अधिवक्ता बिल्डंग
द्वितीय तल रीवा (म.प्र.)

RN-85382

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में आज रहेगा अवकाश दफ्तरों के साथ बैंक भी बंद

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को प्रदेश सरकार के सभी दफ्तरों के साथ बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा। राच्य शासन द्वारा सोमवार को जारी इस आदेश के बाद अब प्रदेश की 7 हजार से अधिक बैंक शाखाओं में काम करने वाले लगभग 40 हजार कर्मचारियों को अवकाश का लाभ मिलेगा। इससे पहले केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने 9 अप्रैल 2026 को ही इस संबंध में पत्र जारी किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने नेगोशिएबल इंस्ट्रमेंट एक्ट के तहत आदेश जारी करते हुए प्रदेश में स्थित सभी सरकारी बैंक, बीमा कंपनियों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी अवकाश का फैसला लिया है। मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के साथ ही बैसाखी का भी त्यौहार है।

### उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्धः राजपूत

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि जिन जिलों में गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, वहां गेहूं विक्रय की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूं में से 1लाख 5 हजार 260 क्विंटल गेहूं का परिवहन किया जा चुका है।

### बी-पैक्स सदस्यता महाभियान आज से

**भोपाल।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) में 10 लाख से अधिक किसानों को सदस्य बनाने का महा अभियान की शुरुआत मंगलवार से होगी तकरीबन एक माह तक चलने वाले इस अभियान के दौरान प्रदेश में संचालित 4500 से अधिक समितियों द्वारा अपनी गतिविधियों को अंजाम दिया जाएगा। पिछले दिनों सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा समितियों को 10 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया गया था। संविधान निर्माता भीमवार अंबेडकर जयंती से प्रारम्भ होने वाले इस अभियान में कार्यक्षेत्र में निवासरत सभी गैर-सदस्य किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सदस्य बनाया जाएगा,जिससे उन्हें किसानों को मिलने वाली तमाम सुविधाएं दी जा सके।

### कनिष्ठ अधिकारी को कैसे हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स नियुक्त कर दिया

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के सबसे वरिष्ठ भारतीय वन सेवा के अधिकारी ने कनिष्ठ अधिकारी को हेड आफ फारेस्ट फोर्स नियुक्त किए जाने के विरुद्ध केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण की शरण ली है। याचिका में कहा गया था कि बाहरी कारणों से नियम को ताक में रखकर कनिष्ठ अधिकारी को नियुक्ति प्रदान की गई है। अधिकरण ने याचिका की सुनवाई करते हुए केंद्रीय प्रमुख सचिव वन विभाग,चयन समिति तथा चयनित जूनियर अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता हिदायत उल्ला खान की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि वह साल 1989 के भारतीय वन सेवा के अधिकारी है। प्रदेश के सबसे वरिष्ठ भारतीय वन सेवा होने के बावजूद भी उनके कनिष्ठ शुभ रंजन सेन को राज्य के हेड आफ फारेस्ट फोर्सेज पद पर नियम विरुद्ध तरीके से नियुक्ति किया गया है। जिसका चयन किया गया है उसका स्थान वरिष्ठता सूची में नंबर पांच पर था और साल 1991 के आईएसएस अधिकारी चयनित हुआ था। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता का पिछले पांच वर्षों की एनुअल परफार्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट (एपीएआर) आउटस्टैंडिंग थी।

# भाजपा की सक्रियता से कांग्रेस सतर्क,सीट बचाने मंथन तेज

## राज्यसभा की तीसरी सीट को लेकर बढ़ी गहमागहमी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी 15 अप्रैल को लेंगे बैठक

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का कार्यकाल खत्म होने से खाली हो रही तीसरी सीट को अपने कब्जे में करने भाजपा में बढ़ीं गतिविधियों ने प्रदेश में राज्यसभा के रण को रोचक बना दिया है। इस तीसरी सीट के लिए भाजपा की सक्रियता ने कांग्रेस को भी सतर्क कर दिया है। अपनी सीट बचाने कांग्रेस भी भोपाल से लेकर दिल्ली तक एक्टिव हो गई। चिंतन-मंथन और बैठकों में जहां जिताऊ चेहरे की खोज की जा रही है, वहीं इस सीट को बचाए रखने के लिए रणनीति भी बनाई जाने लगी है। दिल्ली दरबार में मंथन के बाद प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी 15 अप्रैल को भोपाल आकर पार्टी नेताओं की बैठक लेंगे। मध्यप्रदेश के कोटे की खाली हो रहीं राज्यसभा की तीन सीटों के लिए मई-जून में निर्वाचन होना हैं। इनमें से दो सीटें भाजपा के खाते में हैं, जबकि तीसरी सीट पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का कार्यकाल पूरा होने की वजह से खाली हो रही है। विधानसभा में संख्या बल के आधार पर यह सीट कांग्रेस को मिलना लगभग तय है,लेकिन इस सीट पर भी भाजपा ने दावा ठोककर कांग्रेस को एक हिसाब से चुनौती दे डाली है।

### कांग्रेस विधायक कम होने से भाजपा का दावा हुआ मजबूत



जिस तरह से पिछले डेढ़ माह में कांग्रेस विधायकों की संख्या में कमी आई है, उससे भाजपा के इस दावे को मजबूत बना दिया है, तो कांग्रेस अपने कुछ विधायकों को लेकर परेशान है। क्योंकि पार्टी को आशंका है कि इनमें से कुछ विधायक राज्यसभा के लिए मतदान के दौरान क्रास वोटिंग कर सकते है। प्रदेश कांग्रेस ने अपनी इस शंका पर वरिष्ठ नेताओं के साथ राज्यसभा चुनाव को लेकर मंथन करना शुरु कर दिया है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मिलने उनके बंगले पहुंचे और उनसे बंद कमरे में राज्यसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। हालांकि पटवारी ने इसका खुलासा नहीं किया,अलबत्ता यह जरुर कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं से पार्टी संगठन से लेकर दूसरे आवश्यक विषयों पर चर्चा करते रहते है।

### प्रदेश प्रभारी करेंगे वन टू वन

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी 15 अप्रैल को भोपाल आ रहे हैं। चौधरी की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस राज्यसभा की अपनी सीट बचाने पर मंथन करेगी। चौधरी पहले पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर अपनी सीट बचाए रखने पर चर्चा करेंगे। वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद चौधरी पार्टी के नेताओं और विधायकों से भी वन टू वन मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे विधायकों को पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता याद दिलाने के साथ चुनाव के दौरान एकजुटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### कोर ग्रुप की बैठक आज राज्यसभा पर भी चर्चा

इधर, भाजपा ने भी राज्यसभा की तीसरी सीट हासिल करने को लेकर प्रारंभिक तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि यदि डॉ.नरोत्तम मिश्रा राज्यसभा जाने के लिए तैयार होते है,तो तीसरी सीट पर भाजपा अपना उम्मीदवार उतार सकती है। हालांकि राज्यसभा की तीसरी सीट पर उम्मीदवार उतारा जाए या नहीं, और तीसरी सीट भी अपने कब्जे में करने के लिए अपनाई जाने वाली रणनीति पर मंगलवार को प्रदेश भाजपा कोरग्रुप की बैठक में चर्चा की जाएगी। इस बैठक में यूसीसी के अलावा नारी शक्ति वंदन अधिनियम और संगठन और सरकार से जुड़े दूसरे विषयों पर भी मंथन होगा और इसके लिए रोडमैप भी तैयार कराया जाएगा।

### सारंग के खिलाफ करेंगे मानहानि का दावा



इधर दतिया सीट से विधायक रहे राजेन्द्र भारती ने पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग पर आरोप लगाए है। उन्होंने सोमवार को भोपाल में पत्रकारों से कहा कि वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव के दौरान डॉ. मिश्रा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के 8 मामले दर्ज हुए थे। वर्ष 2009 में मैंने पेड न्यूज को लेकर चुनाव आयोग में शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद उनके परिवार और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया। उनके व्यवसाय बंद कराए गए और झूठे मामले दर्ज कराकर दबाव बनाया गया,जो पूरी तरह से राजनीतिक बदले की भावना से किया गया। भारती ने आरोप लगाया कि वर्ष 2013 में शिकायत वापस लेने के लिए उन्हें करोड़ों रुपए का प्रलोभन दिया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि भूमि विकास बैंक से जुड़े मामले में राजनीतिक दबाव में उनके खिलाफ गलत कार्रवाई कराई गई है। भारती ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है कि उनके साथ न्याय होगा। पूर्व विधायक ने मंत्री सारंग के उस बयान को भी गलत बताया,जिसमें उनके द्वारा करोड़ों रुपए के घोटाले की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि न तो उच्च न्यायालय और न ही किसी सरकारी दस्तावेज में ऐसे घोटाले का उल्लेख है।

# अमरकंटक बनेगा नो मूवमेंट-नो कंस्ट्रक्शन जोन

## सीएम ने ली बैठक, अधिकारियों को दिए नदी के अतिक्रमण हटाने के निर्देश



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों से कहा है कि नर्मदा नदी के तटों पर अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और तटों के दोनों ओर पौधारोपण कराया जाए। इसी तरह अमरकंटक के वन क्षेत्रों में स्थानीय प्रजाति के पौधे, वन औषधि पौधों का प्राथमिकता के साथ रोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि अमरकंटक में नो मूवमेंट एवं नो कंस्ट्रक्शन जोन निर्धारित किया जाए। सीएम सोमवार को अमरकंटक में नर्मदा समग्र मिशन की बैठक में अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। नर्मदा नदी जीवनदायिनी नदियों में से एक है। जिसके संरक्षण के लिए शासन एवं समाज के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि माँ नर्मदा के उद्गम स्थल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये प्रभावी प्रयास किए जाएँ तथा नदी तटों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सतत रूप से की जाए। मुख्यमंत्री ने अमरकंटक में नए निर्माण कार्यों, प्लास्टिक एवं शराब के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र में अनियंत्रित कंक्रीट निर्माण को प्रतिबंधित किया जाए। अमरकंटक एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है, जहां अनेक आध्यात्मिक एवं पौराणिक मंदिर स्थित हैं। अमरकंटक में नो मूवमेंट एवं नो कंस्ट्रक्शन जोन निर्धारित किया जाए, जिससे क्षेत्र की पवित्रता, पर्यावरणीय संतुलन एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

### महिला सशक्तिकरण के लिए अहम होगा सप्ताह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सप्ताह महिला सशक्तिकरण के लिए अहम रहेगा। राज्य में सरकार द्वारा 25 अप्रैल तक मनाए जा रहे नारी शक्ति वंदन पखवाड़े में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह बातें कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों से संवाद करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 16 अप्रैल से शुरु हो रहे संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र में महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य सरकार भी 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मना रही है। इसमें प्रदेश में सम्मेलन होंगे, इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर पदयात्रा भी निकल जाएगी। प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में इस दौरान नारी शक्ति वंदन से संबंधित कार्यक्रम वृहद स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों एवं कीमतों के रुझानों के बावजूद केंद्र सरकार किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जहां किसानों के हितों को लेकर काम किए जा रहे हैं, वहीं उन्हें खाद पर सब्सिडी भी दी जा रही है। केंद्रीय मंत्री मंडल द्वारा खरीफ सीजन 2026 के लिये फास्फेट एवं पोटेशियम उर्वरकों पर पोषण तत्व आधारित सब्सिडी के लिये 41 हजार 833 करोड़ रुपए की बजटीय व्यवस्था को स्वीकृति दी, जो विगत वर्ष से 4,317 करोड़ रुपये अधिक है। खरीफ सीजन 2026 में इससे किसान प्रत्यक्ष रुप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़कर 12.4 लाख लीटर हो गया है, जो पहले 9-4 लाख लीटर था। इस तरह तकरीबन 25 प्रतिशत दूध उत्पादन में वृद्धि हुई है।

### डीजीपी से मिला पेंशनर्स एसोसिएशन सौंपा मांगों का ज्ञापन

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना से मुलाकात कर अपनी मांगों को रखा। उन्होंने रिटायर डीएसपी भरत सिंह चौहान के साथ पन्ना पुलिस द्वारा किए गए बर्ताव पर रोष भी जताया। एसोशियन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में डीजीपी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें चौहान प्रकरण की जांच पन्ना पुलिस के स्थान पर किसी अन्य निष्पक्ष एजेंसी से करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों के साथ इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों ऐसी व्यवस्था और ऐसा तंत्र स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि पन्ना पुलिस के द्वारा इस प्रकरण में किया गया है व्यवहार किसी भी दृष्टि से विधिक, न्यायोचित व मानवीय नहीं था। डीजीपी को ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में संगठन के अध्यक्ष के बी शर्मा सलीम खान, नरेंद्र सक्सेना शंभू नाथ मुखर्जी एवं डीपी जुगादे, श्री नवीन अवस्थी, के के रजक एवं जवाहर पटले, गिरीश बोहरे आदि शामिल रहे।

### नरहरि सहित 5 आईएएस जाएंगे प्रतिनियुक्ति पर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी.नरहरि सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा के 5 अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। इन सभी अधिकारियों की केंद्र में अलग-अलग विभागों में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। इस संबंध में केन्द्र सरकार ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है। केन्द्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) द्वारा जारी आदेश में प्रमुख सचिव पी.नरहरि (2001)को भूमि संसाधन विभाग( डिपार्टमेंट ऑफ लैंड रिसोर्सेस) में ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर पदस्थ किया गया है। इसी तरह वर्ष 2009 बैच के आईएएस अधिकारी प्रियंका दास को नागरिक उड्डयन मंत्रालय में (मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन)वर्ष 2008 बैच के आईएएस तेजस्वी एस.नायक को श्रम और रोजगार विभाग( डिपार्टमेंट ऑफ लेबर एवं इम्प्लाइमेंट )में पदस्थ किया गया है। इनके अलावा वर्ष 2010 बैच के आईएएस गणेश शंकर मिश्रा और षणमुगा प्रिया मिश्रा को भी संयुक्त सचिव के रुप में लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी में पदस्थ किया है।

#### फटिंग को रिलीव करने के निर्देश

पिछले दिनों केन्द्र में प्रतिनियुक्ति पर आईएएस राहुल हरिदास फंटिग को पदस्थ किए जाने का आदेश जारी किया गया था। लेकिन अब तक उन्हें रिलीव नहीं किया गया है। इस संबंध में केन्द्र ने मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखकर स्वास्थ्य सेवाएं संचालक का दायित्व संभाल रहे फंटिग को रिलीव करने का निर्देश दिया है।

# प्रदेश में सामान्य से कम होगी बारिश, इंदौर में सूखा

## मानसून की भविष्यवाणीः भोपाल पर मेहरबान रहेंगे बादल, पूर्वी मप्र में 1043 और पश्चिमी मप्र में 877 एमएम बारिश की संभावना



**नगर संवाददाता, भोपाल।** इस बार मध्य प्रदेश सहित देश भर में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। इतना ही नहीं पूरे मध्य भारत में मानसून कमजोर रहने वाला है। यह भविष्यवाणी मौसम केंद्र नई दिल्ली ने जारी की है। इस बार देश में मानसून कैसा रहेगा, कहां कितनी बारिश और कब होगी। इससे जुड़ी संभावना मौसम केंद्र नई दिल्ली ने सोमवार को जारी की है। मौसम केंद्र के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून की अवधि जून से सितंबर रहने वाली है। इस पूरी अवधि में देश में वर्षा का आंकड़ा 92 प्रतिशत रह सकता है। जो कि सामान्य से करीब 8 प्रतिशत कम रहेगा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के अधिकांश जिलों में 90 से 95 प्रतिशत तक पानी गिरेगा। ओवरऑल एवरेज 30 से 32 इंच बारिश हो सकती है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37.3 इंच है। मौसम विभाग की माने तो इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर और नर्मदापुरम संभाग में सामान्य से कम या सामान्य बारिश होने का अनुमान है, जबकि भोपाल संभाग के भोपाल, विदिशा, सीहोर में सामान्य या इससे च्यादा पानी गिरेगा। मौसम विभाग की पिछले साल की 'भविष्यवाणी' सटिक निकली थी। अब देखना है कि इस बार का अनुमान कैसा रहता है। बता दें कि साल 2023 में प्रदेश के 25 से च्यादा जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई थी, लेकिन पिछले दो साल यानी, 2024 और 2025 में कोटे से च्यादा पानी बरस गया। पिछले साल तो कुल 121 प्रतिशत बारिश हुई थी। यह अनुमान से 15 प्रतिशत ज्यादा थी। भोपाल समेत 30 जिलों में बहुत ज्यादा पानी गिरा था। लेकिन इस साल ऐसी तस्वीर देखने को नहीं मिलेगी। सोमवार को भारतीय मौसम विभाग ने मानसून अपडेट जारी किया।

#### अल नीनो से बढ़ा खतरा

मौसम विभाग के अनुसार इस बार कम बारिश का कारण अल नीनो का सक्रिय होना है। बताया गया है कि जून के बाद अल नीनो एक बार फिर सक्रिय हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो मानसून और भी कमजोर पड़ जाएगा, जिससे पूरे देश में बारिश पर असर पड़ेगा।

### मध्य भारत में अच्छी वर्षा आस-पास कमजोर

मौसम केंद्र भोपाल की निदेशक दिव्या ई सुरेन्द्रन ने मौसम विभाग द्वारा जताई गई संभावनाओं का विश्लेषण किया है। उनके अनुसार इस बार मध्य भारत में अच्छी बारिश की संभावना है, जबकि आस पास क्षेत्र में मानसून कमजोर रह सकता है। इसे ब्लो नार्मल कहा जा रहा है। भोपाल में बादल मेहरबान हो सकते हैं, लेकिन अन्य संभाग जैसे इंदौर, ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम में सूखे की स्थिति रह बनने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पूर्वी मध्य प्रदेश में इस बार 1043 और पश्चिमी मप्र में 877 मिली मीटर वर्षा होने की संभावना है।

### भीषण गर्मी की शुरुआत 16 से, लू की चेतावनी

मप्र में मौसम अब पूरी तरह बदल चुका है। यहां गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को पांच जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम केंद्र भोपाल द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान रतलाम में दर्ज किया गया, यहां दिन का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री रहा। इसके बाद नर्मदापुरम में 40.8, धार में 40.4, खरगौन व मंडला में 40 डिग्री तापमान रहा। वहीं प्रदेश की राजधानी भोपाल में कोई ज्यादा परिवर्तन देखने को नहीं मिला। सोमवार को यहां दिन का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अगले तीन से चार दिन में तापमान में 5 डिग्री के उछाल आने की संभावना जताई है।

# जन विश्वास विधेयक से खत्म होंगे 45 हजार से ज्यादा केस

## एमएसएमई, ग्रह और श्रम विभाग निपटा रहें सालों से अटके प्रकरण

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** केंद्र सरकार के जन विश्वास विधेयक को एमपी में भी लागू करने के बाद एमएसएमई, गृह और श्रम विभागों में सालों से अटके प्रकरणों को निपटाया जा रहा है। नए विधेयक के बाद छोटे-मोटे तकनीकी उल्लंघनों से जुड़े 45 हजार से अधिक मामलों का निपटारा होगा। पहले छोटे व्यापारियों को एक छोटी सी कागजी गलती या तकनीकी चूक की वजह से कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ते थे और जेल जाने का डर भी बना रहता था। लेकिन जन विश्वास विधेयक ने इसे खत्म कर दिया है। अब कई अपराधों को डिक्रिमिनलाइज (गैर-अपराधिक) कर दिया गया है। यानी अब छोटी गलतियों पर जेल के बजाय पेनल्टी देकर मामलों को आउट आफ कोर्ट सुलझाया जा रहा है। एमपी में इसके लिए मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) को नोडल एजेंसी बनाया गया था।

### विभागों ने शुरू किया एक्शन

प्रदेश के एमएसएमई और श्रम विभाग में पहले यदि छोटी फैक्ट्री परिसर में डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगाती थी या हाजिरी रजिस्टर में छोटी गलती होती थी, तो श्रम विभाग की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हो जाता था। अब इसे श्रेणी-1 के उल्लंघन में डाल दिया गया है, जहां व्यापारी को सुधार का मौका और मामूली जुर्माना देना होता है। इसी तरह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) कई लघु उद्योगों को चिमनी की ऊंचाई या पानी के डिस्चार्ज की रिपोर्ट में देरी होने पर कोर्ट में केस चलता था। नए विधेयक ने ऐसी 42 प्रक्रियाओं को सरल किया है, जिससे उद्यमी कोर्ट जाने के बजाय विभाग के स्तर पर ही पेनल्टी भरकर काम जारी रख सकते हैं। इसके साथ ही नगर निगम के दुकान एवं स्थापना अधिनियम, श्रम विभाग के गुमास्ता लाइसेंस और समय सीमा से जुड़े नियमों में ढील दी गई है। व्यापारियों को अब नोटिस मिलने पर सीधे जेल भेजने के बजाय कंपाउंडिंग (समझौते) का विकल्प दिया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने समय पर एनुअल रिटर्न फाइल न करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज करने की व्यवस्था को बदलकर अब सिविल पेनल्टी के दायरे में ला दिया है।

**तैयारी**

## रजिस्टर-रिकॉर्ड निरीक्षण पर भी रोक, ड्यूटी से इंकार किया तो कर्मचारी को जेल भेजने का प्रावधान

# जनगणना में पति और पूर्व पति का नाम बताने से महिलाओं को मिलेगी छूट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में 2027 में होने वाली जनगणना की तैयारी शुरू हो गई है। जनगणना के पहले चरण में मकानों की संख्या का टेबुलेशन (सारणीकरण) होगा, इसके बाद अगले साल नागरिकों की गिनती की जाएगी। सोमवार को राच्य सरकार के गृह विभाग ने इसे लेकर एक नई अधिसूचना जारी की है। इस बार जनगणना के काम में लापरवाही करना या गलत जानकारी देना भारी पड़ सकता है। सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर साफ कर दिया है कि जनगणना अधिकारी द्वारा पूछे गए सवालों का सही और सटीक जवाब हर नागरिक को देना होगा। हालांकि, इसमें महिलाओं को एक विशेष छूट दी गई है। इसके तहत जहां कोई व्यक्ति अपने परिवार की महिला सदस्य का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं होगा, वहीं कोई महिला अपने पति या मृत पति का नाम बताने के लिए भी बाध्य नहीं होगी। यह महिला पर ही निर्भर करेगा कि वह इस संबंध में जानकारी देना चाहती है या नहीं।

### गोपनीय रहेगा डेटा, नहीं देख सकेंगे रजिस्टर और रिकॉर्ड




अधिसूचना में एक और महत्वपूर्ण बात धारा 15 के रूप में बताई गई है। जनगणना के दौरान जो भी रिकॉर्ड तैयार किया जाता है, वह बेहद गोपनीय होता है। ऐसे में आम जनता या कोई अन्य इस जनगणना के रजिस्टर या रिकॉर्ड न तो देख सकेगी और न ही उन्हें इनका निरीक्षण करने का कोई अधिकार मिलेगा। नए नोटिफिकेशन में यह भी साफ कर दिया गया है कि जनगणना में दी गई जानकारी को किसी भी सिविल या आपराधिक मामले में सबूत के तौर पर पेश नहीं किया जा सकेगा। सरकार के अनुसार इस डेटा का इस्तेमाल केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के लिए होगा, न कि किसी कानूनी कार्रवाई के लिए। प्रदेश में गृह विभाग जनगणना की नोडल एजेंसी है, इसलिए यह अधिसूचना गृह सचिव अभिषेक सिंह के आदेश से जारी की गई है।

### गलत जानकारी या बाधा डालने पर जेल-जुर्माने दोनों का प्रावधान

जनगणना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत बयानी भी भारी पड़ सकती है। राजपत्र के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जनगणना अधिकारी के सवालों का जानबूझकर गलत उत्तर देता है, जानकारी छिपाता है या गणना कार्य में बाधा पैदा करता है, तो दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ 1,000 रुपये तक का जुर्माना और 3 साल तक की कैद की सजा हो सकती है। यह नियम जनता के साथ ही जनगणना में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी सख्ती से लागू होगा। राजपत्र के अनुसार, यदि कोई जनगणना अधिकारी अपनी ड्यूटी करने से इनकार करता है या कोताही बरतता है, तो उसके खिलाफ भी कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जनगणना के दौरान सरकारी स्टाफ किसी भी नागरिक से अभद्रता नहीं कर सकेगा और न ही गलत सवाल पूछ सकेगा। यदि इस तरह के आरोप सही पाए जाएंगे, तो ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों को भी अधिकतम 3 वर्ष की जेल और 1 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई जा सकती है।

### पीएम के कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े सीएम

**विसं, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित किया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके मंत्री वर्चुअल जुड़े। पीएम के संबोधन के उपरांत सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी और भावना का विस्तार जन-जन तक करने के लिए प्रदेश में व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिला सशक्तिकरण के लिये जन-जन तक जानकारी के विस्तार के लिए सभी दलों, संगठनों और समाज के सभी वर्गों से सहयोग का आहवान किया गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री स्तर से सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखा गया है।

## आशा भोसले को दी गई अंतिम विदाई



*सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना 'अभी ना जाओ छोड़कर' गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी दी गई।*

### 15 अगस्त पर सीरियल ब्लास्ट की साजिश का मामला

# एनआईए अदालत में 3 आतंकी दोषी करार, उम्रकैद की सजा

**लखनऊ, जेएनएन।** स्वतंत्रता दिवस के आसपास उप्र में बड़े आतंकी हमले की साजिश रचने वाले तीन आतंकियों को सख्त सजा मिली है। लखनऊ की एनआईए स्पेशल कोर्ट ने अलकायदा से जुड़े तीन आरोपियों मसीरुद्दीन, मिनहाज अहमद और तौहीद अहमद शाह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। तलाशी के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को मिनहाज के घर से कुकर बम अन्य आरोपियों के ठिकानों से विस्फोटक सामग्री और पिस्टल बरामद हुई थी, जिससे साजिश की गंभीरता का अंदाजा लगा। जांच में सामने आया कि आतंकी 15 अगस्त 2021 के आसपास यूपी में सीरियल ब्लास्ट करना चाहते थे। भीड़भाड़ वाले इलाकों को निशाना बनाया जाना था। मानव बम की भी योजना तैयार की गई थी एजेंसियों के अनुसार, यह पूरा नेटवर्क पाकिस्तान स्थित हैंडलर उमर हलमंडी के इशारों पर काम कर रहा था। वह अलकायदा इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के लिए युवाओं की भर्ती कर रहा था।

### 2021 में हुआ था खुलासा

यह मामला जुलाई 2021 का है, जब उत्तर प्रदेश एटीएस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था।

- 11 जुलाई 2021 को लखनऊ के दुबग्गा इलाके से मिनहाज अहमद गिरफ्तार हुआ
- उसकी निशानदेही पर मसीरुद्दीन और तौहीद अहमद शाह को पकड़ा गया
- तीनों आतंकी अलकायदा के 'अंसारगजवात-उल-हिंद' मॉड्यूल से जुड़े थे।

### मालदा हिंसा मामला

## एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट में सौंपी सीलबंद अंतरिम रिपोर्ट

**नई दिल्ली/कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में 1 अप्रैल 2026 को हुई भीड़ हिंसा और न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी सीलबंद अंतरिम जांच रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इस रिपोर्ट में घटना को लेकर कई चौंकाने वाले शुरुआती निष्कर्ष सामने आए हैं। एनआईए की प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह घटना अचानक भड़की हिंसा नहीं थी, बल्कि एक पूर्व नियोजित और संगठित साजिश थी। एजेंसी को ऐसे संकेत मिले हैं कि भीड़ को पहले से तैयार योजना के तहत जुटाया गया था। जांच में सामने आया है कि ई-रिक्शा के जरिए लोगों को इकट्ठा होने के लिए बुलाया गया। स्थानीय मस्जिदों के माध्यम से भी संदेश फैलाया गया। इसके बाद करीब 1500 लोगों की भीड़ ने वीडियो कार्यालय (कोर्ट परिसर) का घेराव किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बांके बिहारी मंदिर मामला

### धार्मिक अनुष्ठान में कोई परिवर्तन नहीं होगा : सुको

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि वह वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों से संबंधित वर्तमान व्यवस्था में कोई संरचनात्मक परिवर्तन नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर ध्यान दिया और निर्देश दिया कि मामले को दो सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया जाए ताकि पक्षकार हाल ही में दायर की गई स्थिति रिपोर्ट पर जवाब दे सकें। सुप्रीम कोर्ट ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंधन समिति और सेवकों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

### आयकर-ईडी के खरात के 11 ठिकानों पर छापे

**नासिक/मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में खुद को 'गॉडमैन' बताने वाले अशोक



खरात के खिलाफ जांच तेज हो गई है। सोमवार को आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नासिक, पुणे और शिरडी समेत 11 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, आयकर और ईडी की टीमों ने सोमवार सुबह से ही खरात से जुड़े ठिकानों पर दबिश दी। इनमें नासिक में 5 स्थान, पुणे में 3 स्थान और शिरडी में 3 स्थान शामिल हैं। इनमें खरात के घर, दफ्तर, उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट और रिश्तेदारों के ठिकाने शामिल हैं। नासिक स्थित खरात के प्रसिद्ध 'तृप्त बाला' बंगले पर आयकर विभाग की टीमें जांच कर रही हैं। यहां वित्तीय दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण सबूत खंगाले जा रहे हैं।

### लैंड फॉर जॉब केस

### लालू यादव को ट्रायल कोर्ट में पेशी से छूट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 'जमीन के बदले नौकरी' मामले में राजद प्रमुख लालू



प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को उन्हें इस केस की सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। सुप्रीम कोर्ट लालू यादव की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उन्होंने सीबीआई की कार्रवाई को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी नई जांच और पूछताछ शुरू की गई, जो कि कानून के तहत उचित नहीं है। 24 मार्च 2026 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लालू यादव को राहत देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने उनके उस तर्क को खारिज कर दिया था।

# टीएमसी ने बंगाल की जनता के 5000 करोड़ रुपए गायब कर दिए: अमित शाह

## बंगाल को कमजोर करने की कोशिश तो दिल्ली की सरकार गिरा देंगे : ममता बनर्जी

**नई दिल्ली/कोलकाता, जेएनएन।** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में जनसभा की। उन्होंने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्हें शर्म आनी चाहिए। हमारी सरकार आएगी तो बच्चियां रात 1 बजे भी बाहर निकल पाएंगी। टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कैश फॉर क्वेरी, 26 हजार शिक्षकों की भर्ती, गाय तस्करी और पीएम आवास में टीएमसी ने घोटाले किए। इन घोटालों में बंगाल की जनता के 5000 करोड़ रुपए गायब हो गए। हमारी सरकार बनते ही हम टीएमसी से पाई-पाई का हिसाब लेंगे। यूसीसी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम बंगाल में यूसीसी लाएंगे। आज बंगाल में कुछ लोग चार शादियां करते हैं, हमारे कानून बनने के बाद वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी ने बीएसएफ की फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दी। हमारी सरकार बनते ही बीएसएफ को राज्य की सीमा पर फेंसिंग के लिए जमीन दे दी जाएगी।





### बंगाल को जहरीली आंखों से देखा तो आंख नोंच लेंगे

पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टी अपना जोर लगा रही है। साथ ही राजनीतिक दल एक दूसरे पर कटाक्ष करने का एक भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इस बीच सीएम ममता ने बीजेपी पर जोरदार हमला किया है। दरअसल, चुनाव प्रचार के दौरान सीएम ममता ने कहा कि अपनी चुनावी रैलियों में आरोप लगाया है कि बाहरी ताकतें और भाजपा बंगाल की संस्कृति और अस्मिता को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई जहरीली नजरों से बंगाल को देखेगा, तो हम उसकी आंखें नोंच लेंगे। उन्होंने एक रैली में यह भी कहा कि अगर बंगाल को कमजोर करने की कोशिश की गई, तो वे दिल्ली की सरकार गिरा देंगी।

### बयान को भाजपा ने भड़काऊ कहा

भाजपा नेता मनोज तिवारी और गिरिराज सिंह ने ममता के बयान को भड़काऊ करार दिया है और आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी हार के डर से इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रही हैं। विधानसभा चुनाव के लिए 23 और 29 अप्रैल 2026 की तारीखें करीब आ रही हैं, जिसे लेकर राज्य में राजनीतिक पारा काफी गर्म है। वहीं पश्चिम बंगाल के सूरी में एक चुनावी सभा के दौरान ममता बनर्जी ने कहा- 19 राज्य और केंद्र सरकार मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हैं, मैं अकेले ही आम लोगों के लिए लड़ रही हूं।

### हिमंता देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री : राहुल



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के बारे में एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि असम के मुख्यमंत्री देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच होनी चाहिए, क्योंकि पारदर्शिता और कानून का शासन ही संवैधानिक मूल्य हैं। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह पवन खेड़ा के साथ खड़ी है और किसी भी दबाव में नहीं झुकेगी।



### गठबंधन टूटा, असदुद्दीन ओवैसी बोले-हम जनता की आवाज हैं

पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्द्धमान में एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने हुमायूं कबीर की पार्टी से गठबंधन टूटने के बाद कहा कि वे जनता की आवाज हैं और बंगाल के लोगों की अखंडता पर सवाल उठाने वालों को स्वीकार नहीं करेंगे।

## आज एनडीए की बैठक में तय किया जाएगा बिहार के नए सीएम का नाम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कल आखिरी कैबिनेट बैठक है। जिस तरह से 20 सालों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकास की गति मिली है, उन्होंने काम के आधार पर अमिट छाप छोड़ी है, जो बिहार में अगली सरकार बनेगी, उन्हीं के मार्गदर्शन में चलेगी और राज्य की जनता का कल्याण करेगी। कल एनडीए की बैठक में बिहार के नए मुख्यमंत्री का नाम तय हो जाएगा। बता दें, शिवराज सिंह चौहान 14 अप्रैल को पटना आएंगे। उनकी मौजूदगी में इसी दिन बिहार भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में नेता के नाम की घोषणा



होगी। इसी दिन एनडीए के अन्य दलों जदयू, लोजपाआर, हम और रालोमो विधायक दल की अलग-अलग बैठकों के बाद एनडीए विधानमंडल दल की साझा बैठक में नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जाएगा।

### 4 बजे विधानसभा सेंट्रल हॉल में होगी बैठक

बिहार एनडीए विधायक दल की बैठक को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि 14 अप्रैल को दोपहर 3 बजे बीजेपी मुख्यालय में एनडीए विधायक दल की बैठक होगी, जिसकी अध्यक्षता शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे बिहार विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एक और बैठक तय की गई है, जिसमें एनडीए विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा।

## पंजाब में बेअदबी बिल हुआ पास उम्रकैद, टिल डेथ तक होगी सजा

### गीता, कुरान, बाइबल पर नहीं होगा लागू

**चंडीगढ़, जेएनएन।** पंजाब विधानसभा के स्पेशल सेशन में सोमवार को सीएम भगवंत मान ने जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक-2026 पेश किया। इसे सर्वसम्मति से पास किया गया। उन्होंने कहा कि बेअदबी की सजा उम्रकैद, टिल डेथ तक है। वहीं, उन्होंने यह भी साफ किया कि यह विधेयक अभी केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर ही लागू होगा जबकि, गैर सिखों (हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, आदि) के पवित्र ग्रंथों और धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ पर इस विधेयक के तहत फिलहाल कोई सजा का प्रावधान नहीं है। सीएम ने कहा कि अन्य धर्मों के लोगों से भी राय लेकर जल्द ही कानून बनाया जाएगा। विधानसभा में सीएम मान ने विपक्ष के नेताओं से कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप की बेअदबी के बारे में विस्तार से बताया गया है। यह स्टेट एक्ट है।



### ये सब किया माना जाएगा बेअदबी

- श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप (पवित्र ग्रंथ) को जानबूझकर फाड़ना, जलाना या किसी भी तरह से खंडित करना।
- पवित्र ग्रंथ पर थूकना, उसे गंदे हाथों से छूना या किसी ऐसी जगह रखना जहां उनकी गरिमा भंग होती हो।
- गुरु साहिब के स्वरूप को सार्वजनिक रूप से फेंकना या गलियों/नालियों में लावारिस छोड़ देना।
- पवित्र स्वरूप को चोरी करना या उसे मर्यादा के विरुद्ध अपने पास रखना।
- श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की उपस्थिति में शराब, तंबाकू या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन करना या लेकर जाना।

### प्रधानमंत्री का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधन

# मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए महिला आरक्षण को लेकर बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बढ़ा अवसर बनने जा रहा है। संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान बनने जा रहा है। आज महिलाओं की भूमिका अहम हो गई है। हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।

**21वीं सदी का बड़ा फैसला:** अपने संबोधन में पीएम मोदी ने महिला आरक्षण को 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि, यह निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है और इससे देश के लोकतंत्र को नई मजबूती मिलेगी। उनके मुताबिक, यह केवल एक कानून नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में बड़ा कदम है, जो भारत के भविष्य को नई दिशा देगा।



### विशेष सत्र की टाइमिंग पर उठाए सवाल

## सोनिया बोलीं- महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन है असली मुद्दा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। सोनिया गांधी ने अपने लेख में कहा कि जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार चरम पर है, ऐसे समय में संसद का विशेष सत्र बुलाना सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने पूछा- 'इतनी जल्दबाजी क्यों? चुनाव खत्म होने तक इंतजार क्यों नहीं किया गया?' सोनिया गांधी का आरोप है कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में ही 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद से पारित हो चुका है, लेकिन इसे लागू करने की शर्त जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन से जोड़ी गई है। विपक्ष पहले ही मांग कर चुका था। सोनिया ने लिखा- राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि इसे 2024 के चुनाव से ही लागू किया जाए, लेकिन सरकार ने इसे नहीं माना। अब अनुच्छेद 334-ए में बदलाव कर महिला आरक्षण को 2029 से लागू करने की तैयारी है।



### एक महीने पहले गिरफ्तार हुईं थी पॉप सिंगर

## गिरफ्तारी के बाद खुद रिहैब पहुंचीं ब्रिटनी

**लॉस एंजेलिस, जेएनएन।** दुनिया की मशहूर पॉप सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स एक बार फिर चर्चा में हैं। ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में गिरफ्तारी के करीब एक महीने बाद उन्होंने खुद को रिहैब सेंटर में भर्ती करा लिया है। यह कदम उन्होंने अपनी आगामी कोर्ट पेशी से पहले उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 4 मार्च को कैलिफोर्निया में ब्रिटनी को शराब और ड्रग्स के प्रभाव में गाड़ी चलाने के शक में रोका गया था।



उनकी बीएमडब्ल्यू कार तेज रफ्तार और अनियंत्रित तरीके से चल रही थी। पुलिस ने उन्हें रोककर जांच की। उनमें नशे के लक्षण पाए गए। मौके पर ही फील्ड सोब्रायटी टेस्ट कराया गया। इस घटना के बाद उनके प्रतिनिधि ने इसे 'पूरी तरह अस्वीकार्य' बताया था। ब्रिटनी स्पीयर्स ने पॉप म्यूजिक इंडस्ट्री को कई सुपरहिट गाने दिए हैं, उन्हें दुनिया की सबसे सफल पॉप स्टार्स में गिना जाता है।

### रिपोर्ट में दावा

### भारत 2022 में पहला देश बना जहां जीपीटी-4 के एआई मॉडल का परीक्षण हुआ

# यूजर्स को बिना बताए किया 'जीपीटी-4' प्रयोग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया से जुड़ी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 2022 में दुनिया का पहला देश था, जहां जीपीटी-4 जैसे उन्नत एआई मॉडल का परीक्षण आम लोगों पर बिना उनकी जानकारी के किया गया। यह खुलासा एक अंतरराष्ट्रीय जांच रिपोर्ट में हुआ है, जिसमें दावा किया गया है कि माइक्रोसॉफ्ट ने अपने सर्च इंजन बिंग के जरिए भारतीय यूजर्स पर चुपचाप जीपीटी-4 का परीक्षण किया था। शुरुआती रिपोर्ट्स सामने आईं, तो माइक्रोसॉफ्ट ने इस दावे से इनकार किया था। लेकिन बाद में कंपनी ने स्वीकार किया कि भारत में बिंग पर जीपीटी-4 का परीक्षण किया गया था यह यू-टर्न इस मामले को और गंभीर बनाता है।




**18** करोड़ मासिक चैटजीपीटी यूजर्स के साथ दुनिया का सबसे बड़ा एआई बाजार है भारत

**2025** में एआई ऐप्स की डाउनलोडिंग 207 फीसदी बढ़ी है में भारत में।

***इस तरह हुआ 'गुप्त परीक्षण':*** *रिपोर्ट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई के बीच एक संयुक्त सेफ्टी बोर्ड बनाया गया था, जिसका काम नए एआई मॉडल्स को सार्वजनिक करने से पहले उनकी समीक्षा करना था।*

- माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में परीक्षण से पहले इस बोर्ड से अनुमति नहीं ली।
- ओपनएआई ने खुद माइक्रोसॉफ्ट को ऐसा न करने की सलाह दी थी।
- सलाह को दरकिनार करते हुए जीपीटी मॉडल का परीक्षण किया गया।
- इस घटनाक्रम की जानकारी बोर्ड और शीर्ष नेतृत्व को भी नहीं थी।

### विडंबना: अब एआई गवर्नेंस की मांग

दिलचस्प बात यह है कि इस खुलासे के कुछ साल बाद, 19 फरवरी 2026 को ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई के लिए वैश्विक नियामक संस्था बनाने की मांग की।

### भारत को इसलिए चुना

- यहां इंटरनेट यूजर्स की संख्या बहुत ज्यादा है।
- टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाया जाता है।
- बड़े पैमाने पर डेटा और व्यवहारिक पैटर्न उपलब्ध हैं।

### तीन गंभीर सवाल

- क्या टेक कंपनियां बिना अनुमति यूजर्स पर प्रयोग कर सकती हैं?
- क्या एआई परीक्षण के लिए स्पष्ट नियम होने चाहिए?
- क्या देशों को तकनीकी संप्रभुता पर अधिक ध्यान देना चाहिए?

### अंदरूनी खुलासों से सामने आई सच्चाई

यह जानकारी पत्रकारों रोनन फैरो और एंड्रयू मरांट्ज की जांच में सामने आई। उन्होंने 100 से अधिक इंटरव्यू और सैकड़ों आंतरिक दस्तावेज का विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि एक बोर्ड सदस्य को यह जानकारी एक बैठक के बाद अलग से दी गई, जबकि उस बैठक में इस मुद्दे का जिक्र तक नहीं हुआ था।

## मरम्मत के दौरान हादसा, पटरी से उतरे मशीन के पहिए, ट्रैक बाधित

**जागरण, ब्यावरा।** राजगढ़ जिले ब्यावरा रेलवे स्टेशन के पास सिंदुरिया स्टेशन की तरफ आउटर के पास रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य के दौरान सोमवार शाम एक बड़ा तकनीकी हादसा हो गया। ट्रैक की सफाई और नई गिट्टी डालने के काम में लगी मल्टी पर्पस टैंपिंग मशीन (एमएफआई) के दो पहिए अचानक पटरी से उतर गए। यह घटना चमारी की पुलिया के पास करीब शाम 4 बजे हुई, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में रेलवे यातायात प्रभावित हो गया।

### चार सवारी ट्रेनें घंटों फंसी, यात्रियों को परेशानी

हादसे के चलते विजयपुर-मक्सी रेलवे ट्रैक पूरी तरह बाधित हो गया। इसके कारण ब्यावरा आउटर (जंगल क्षेत्र) से लेकर सारंगपुर स्टेशन तक एक के बाद एक चार सवारी ट्रेनें करीब 5 घंटे तक रुकी रहीं। ट्रेनों में बैठे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। पानी और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी परेशानी सामने आई। कई यात्री ट्रेन से उतरकर ट्रैक किनारे टहलते नजर आए, वहीं कुछ लोग जानकारी के अभाव में असमंजस में रहे।

**दोनों तरफ नजदीकी स्टेशनों पर रोकी ट्रेनें :** इस हादसे के बाद गुना मक्सी रेलवे ट्रैक पर चलने वाली कई ट्रेन है प्रभावित हुई। इस दौरान ब्यावरा के दोनों तरफ सिंदुरिया बीनागंज पचोर एवं अन्य स्टेशनों पर एवं जगल में ट्रेनों को रोका गया।

# आईपीएल 2026 में छक्कों की बौछार और पावर हिटर्स की धूम



आईपीएल 2026 अब तक का सबसे विस्फोटक सीजन साबित हो रहा है। रविवार तक खेले गए 20 मैचों में ही बल्लेबाजों ने रनों की बाढ़ ला दी है। रन-रेट 10.44 पहुंच चुका है, पिछले सीजन के 9.52 से भी ऊपर और 2022 के 7.49 से तो 39 प्रतिशत ज्यादा। वहीं पावरप्ले में अब हर ओवर में एक रन अतिरिक्त बन रहा है। तुलनात्मक रूप से अब तक सबसे अधिक 200+ टोटल बने हैं। इस बार 20 मैचों में 20 बार 200 या उससे ज्यादा टोटल बने- पिछले सीजन में सिर्फ 11 थे।

## पावरप्ले में आक्रमण

- पहली बार 20 मुकाबलों के बाद रन रेट 10 से ऊपर गया है। इतने मुकाबलों तक इससे पहले सबसे ज्यादा 9.52 का रन रेट 2025 के सीजन में था, जबकि इस सीजन रन रेट 10.44 का रहा है, जो कि पिछले सीजन की तुलना में प्रति ओवर एक रन ज्यादा है। पिछले पांच सीजन में आईपीएल में पारवप्ले में पावर हिटिंग के संदर्भ में बड़ा बदलाव आया है। 2022 में जहां इस चरण में रन रेट 7.49 का था वहीं इस सीजन तक यह 39 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 10.44 तक पहुंच गया है।
- इसी अवधि में मध्य ओवरों में भी रन रेट में बढ़ोतरी हुई है, हालांकि यह 14 फीसदी से हल्का कम ही बढ़ा है, जबकि डेथ ओवर्स में आंकड़ों में गिरावट दर्ज की गई है और यह 10 रन प्रति ओवर के नीचे है। हालांकि पिछले चार सीजन की अवधि में पावरप्ले और डेथ ओवर्स में रन रेट के बीच कम से कम दो रन प्रति ओवर का अंतर था जो कि इस सीजन आधे रन प्रति ओवर तक आ गया है।
- पिछले पांच सीजन में पावरप्ले की करीब से तुलना करने पर छक्कों का प्रभाव दिखाई देता है। प्रति छक्के के हिसाब से गेंदों की संख्या 14.48 से घटकर 11.05 तक आ गई है, जो कि 24 फीसदी का सुधार है।

## आक्रामक अर्धशतकों की भरमार

टी-20 एक ऐसा प्रारूप नहीं है, जहां बड़े रिकॉर्ड अधिक मायने रखते हैं, लेकिन अर्धशतक लगाने के लिए खेली गई गेंदों की संख्या आईपीएल 2026 में तेजी से रन बटोरने के प्रयासों की गवाही दे रही है। अब तक इस सीजन में 48 बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए हैं और इनमें से पांच अर्धशतक 20 से कम गेंदों पर लगे हैं, पिछले सीजन 20 मुकाबलों तक लगे 44 अर्धशतकों में से मात्र एक अर्धशतक 20 से कम गेंदों पर लगा था। इसी तरह 50+ स्कोर में से 29 फीसदी 25 से कम गेंदों पर लगे हैं और 60 फीसदी 30 से कम गेंदों पर लगे हैं। पिछले सीजन यह आंकड़े क्रमशः 18 और 52 फीसदी थे। 2022 में पहले 20 मुकाबलों में लगे 38 अर्धशतकों में से चार यानी 10.5 फीसदी अर्धशतक 25 गेंदों के अंदर लगे थे। इसमें तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है और यह 29 फीसदी तक पहुंच गई है। जबकि 30 गेंदों के अंदर 50+ स्कोर की फीसदी दोगुनी हो गई है।

### आईपीएल 2026 में सर्वाधिक छक्के

| खिलाड़ी | टीम | मैच | छक्के |
|---|---|---|---|
| रजत पाटीदार | आरसीबी | 04 | 18 |
| वैभव सूर्यवंशी | राजस्थान | 05 | 18 |
| अभिषेक शर्मा | हैदराबाद | 05 | 13 |
| रायन रिकल्टन | मुंबई | 04 | 12 |
| टिम डेविड | आरसीबी | 04 | 12 |



## 20 से अधिक 200+ टोटल

इस सीजन में बल्लेबाजों के हावी होने का पता 200+ टोटल के आंकड़ों से पता चलता है, जो कि पिछले सीजन में 11 टोटल की तुलना में इस बार 20 तक पहुंच गया है। कोलकाता में बारिश की भेंट चढ़े मुकाबले और गुवाहाटी में प्रति दल 11 ओवर के हुए मुकाबले को छोड़ दिया जाए, तो पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 18 पारियों में 11 बार 200 का आंकड़ा पार किया है। बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों के लिए भी इन लक्ष्यों को हासिल करना आम बात हो गई है। 11 प्रयासों में पांच बार टीमों ने 200+ टोटल को सफलतापूर्वक हासिल किया है, जिसमें सबसे बड़ा 220 का टोटल मुंबई ने केकेआर के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते हासिल किया। पांच सफल प्रयासों के इतर दो बार बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को हार तो मिली, लेकिन उन्होंने लक्ष्य का 95 फीसदी से अधिक रन बना दिया था। गुजरात को राजस्थान के खिलाफ छह रन से हार मिली, जबकि दिल्ली को गुजरात के खिलाफ एक रन से हार मिली। जब लक्ष्य 200 से 220 के बीच में था तो लक्ष्य का पीछे करने वाली टीम ने चार बार जीत हासिल की और दो बार लक्ष्य से पांच फीसदी से कम रन बनाए। तुलनात्मक तौर पर सीएसके ने दिल्ली के खिलाफ बेहतर अंतर से 23 रनों की जीत हासिल की। यह पिछले सीड़न की तुलना में बड़ा बदलाव है क्योंकि तब टीमें 50 फीसदी से कम बार जीतीं या लक्ष्य के करीब आई थीं।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 224 |
| किशन (हैदराबाद) | 213 |
| वैभव (राजस्थान) | 200 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 10 |
| रवि विश्नोई (राजस्थान) | 09 |
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 08 |



### बाउंड्री मीटर

373 छक्के
666 चौके
48 अर्धशतक



रविंद्र जडेजा और डॉनोवन फरेरा के बीच 118 रन की साझेदारी आईपीएल में छठे विकेट के लिए राजस्थान की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी है। उन्होंने हेटमायर और रियान पराग के 92 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| पंजाब | 4 | 3 | 0 | 7 | 0.637 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.148 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | 0.576 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.322 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 | - 0.029 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.427 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.772 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.532 |
| कोलकाता | 4 | 0 | 3 | 1 | -1.315 |

## मैकलॉय ने मास्टर्स टूर्नामेंट में जीता लगातार दूसरा खिताब

**ऑगस्टा, जेएनएन।** रॉरी मैकलॉय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करके जैक निकोलस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं। मैकलॉय (67, 65, 73, 71) को इस बीच कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा, लेकिन आखिर में वह एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया और स्कॉटी शेफलर पर एक शॉट से जीत हासिल की। मैकलॉय ने तीसरे राउंड में छह शॉट की बढ़त गंवा दी थी, लेकिन अंतिम राउंड के आखिर में उन्होंने दो शानदार बर्डी लगाकर शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। टाइरल हटन, रसेल हेनली, जस्टिन रोज और कैमरन यंग 10 अंडर 278 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।



- मैकलॉय अब वुड्स, फाल्डो और निकोलस के बाद मास्टर्स में खिताब का बचाव करने वाले चौथे गोल्फर बन गए।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटते समय सोशल मीडिया पर मैकलॉय को बधाई दी। उन्होंने लिखा, रॉरी हर साल महान हस्ती बनते जा रहे हैं।

## प्रफुल और साकिब के कहर ने रोका रॉयल्स का विजयी रथ, 57 रन से जीता सनराईजर्स

### मैच 21: हैदराबाद की पांच मैचों में दूसरी जीत, राजस्थान की पांच मैचों में पहली हार

जेएनएन, हैदराबाद

कप्तान इशान किशन की 44 गेंदों में 91 रन की पारी के बाद पदार्पण कर रहे प्रफुल हिंगे (34 रन पर चार विकेट) और शाकिब हुसैन (24 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 21वें मैच में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से शिकस्त दी। हिंगे ने पहले ओवर में ही तीन विकेट चटकाकर आईपीएल का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुहान-ड्रे प्रिटोरियस को खाता खोले बिना आउट कर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वे आईपीएल के पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। सनराइजर्स ने किशन की आतिशी पारी के बाद आखिरी ओवरों में नीतीश कुमार रेड्डी और सलिल अरोड़ा की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से छह विकेट पर 216 रन बनाए। किशन ने हेनरिक क्लासेन (26 गेंदों में 40 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की अहम साझेदारी की। जवाब में रॉयल्स को 19 ओवर में 159 रन पर आउट कर दिया। रॉयल्स की यह पांच मैचों में पहली हार है, जबकि सनराइजर्स की इतने ही मैचों में यह दूसरी जीत है। हिंगे को पदार्पण कर रहे एक अन्य गेंदबाज शाकिब का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने यशस्वी जायसवाल (एक) और डोनोवन फरेरा (44 गेंदों में 69 रन) के अहम विकेट चटकाए। महज नौ रन पर पांच विकेट गिरने के बाद फरेरा और रविंद्र जडेजा (32 गेंदों में 45 रन) ने छठे विकेट के लिए 72 गेंदों में 118 रन की साझेदारी कर रॉयल्स को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के साथ ही टीम की उम्मीदें खत्म हो गईं।




प्लेयर ऑफ द मैच हिंगे

- आईपीएल इतिहास में यह पहली बार था कि किसी पारी के पहले ही ओवर में तीन विकेट गिरे।
- प्रफुल हिंगे आईपीएल के पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए।
- हिंगे और साकिब दोनों ने चार-चार विकेट हासिल करने के साथ ही 14-14 डॉट गेंदें भी डालीं।

### स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबादः 216/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. बिश्नोई बो. आर्चर | 0 | 1 | 0 | 0 |
| ट्रेविस हेड का. फरेरा बो. रियान | 18 | 18 | 3 | 0 |
| इशान किशन का. एंड बो. संदीप | 91 | 44 | 8 | 6 |
| क्लासेन का. रियान बो. तुषार | 40 | 26 | 1 | 3 |
| नीतीश का. जुरेल बो. आर्चर | 28 | 13 | 2 | 2 |
| सलील अरोड़ा नाबाद | 24 | 13 | 2 | 2 |
| अनिकेत वर्मा रनआउट | 6 | 5 | 1 | 0 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 9, **कुलः** 20 ओवर में 6 विकेट पर 216 रन, **विकेट पतनः** 1-0, 2-55, 3-143, 4-162, 5-195, 6-209, **गेंदबाजीः** आर्चर 4-0-37-2, नांद्रे बर्गर 4-0-31-0, संदीप शर्मा 4-0-52-1, तुषार देशपांडे 4-0-55-1, रियान पराग 1-0-5-1, बिश्नोई 3-0-35-0.

**राजस्थान रॉयल्सः 159/10 (19 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. नीतीश बो. साकिब | 1 | 5 | 0 | 0 |
| वैभव का. अरोड़ा बो. हिंगे | 0 | 1 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो. हिंगे | 0 | 2 | 0 | 0 |
| प्रेटोरियस का. नीतीश बो. हिंगे | 0 | 2 | 0 | 0 |
| पराग का. अभिषेक बो. हिंगे | 4 | 6 | 1 | 0 |
| जडेजा का. अरोड़ा बो. मलिंगा | 45 | 32 | 5 | 0 |
| डॉनोवन फरेरा बो. साकिब | 69 | 44 | 7 | 3 |
| आर्चर का. हिंगे बो. साकिब | 2 | 5 | 0 | 0 |
| देशपांडे का. किशन बो. मलिंगा | 25 | 11 | 0 | 3 |
| बिश्नोई का. किशन बो. साकिब | 0 | 1 | 0 | 0 |
| नांद्रे बर्गर नाबाद | 3 | 5 | 0 | 0 |

## अंपायर के निर्देश का पालन न करने के लिए टिम डेविड पर लगा जुर्माना

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई और आरसीबी के बीच खेले गए मैच में अंपायर के आदेश का पालन न करने के लिए टिम डेविड के खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ने के साथ ही उनकी मैच फीस में 25 फीसदी की कटौती भी की गई है। पहली घटना आरसीबी की पारी के 18वें (17.2) ओवर में घटी जब अंपायरों ने गेंद बदलने का फैसला किया। डेविड गेंद को देखना चाहते थे और बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद उन्होंने गेंद नहीं दी। दूसरी घटना 20वें (19.2) ओवर में घटी जब उन्होंने दोबारा अंपायर्स को गेंद नहीं सौंपी। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पर स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा। चूंकि इस सीजन यह उनकी टीम की पहली गलती थी इसलिए आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनके ऊपर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## आईएलटी-20 का पांचवां सीजन 22 नवंबर से, छह टीमें हिस्सा लेंगी

**दुबई, जेएनएन।** आईएलटी-20 के पांचवें सत्र का आयोजन इस साल 22 नवंबर से किया जाएगा, जो 20 दिसंबर तक चलेगा। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता में 34 मुकाबले खेले जाएंगे और लीग चरण के 30 मैचों के अलावा चार प्लेऑफ मैच भी खेले जाएंगे। ये मैच दुबई, अबू धाबी और शारजाह में खेले जाएंगे, जबकि फाइनल दुबई में होगा, जैसा कि पिछले चार सीजन में भी होता आया है। आईएलटी-20 की विंडो पिछले सीजन से पहले बदली गई थी, जब इसे जनवरी-फरवरी की बजाय दिसंबर-जनवरी में खेला गया था।

## जीत के लिए बेताब नाइटराइडर्स पर दबदबा बनाने की कोशिश करेगी चेन्नई सुपर किंग्स





**चेन्नई, जेएनएनए।** आईपीएल 2026 में मंगलवार को लीग इतिहास की दो सबसे सफल, लेकिन इस सीजन की सबसे नीचे की टीमों कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना चेन्नई में होगा। जहां केकेआर को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतजार है, वहीं सीएसके की टीम को चार मैचों में से सिर्फ एक में जीत मिली है। पिछले मैच में जीत से उत्साहित सीएसके की टीम केकेआर के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने अपने आईपीएल पदार्पण पर प्रभावित किया। टूर्नामेंट की शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि महेंद्र सिंह धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण कुछ हफ्तों के लिए बाहर रहेंगे। पिछले मैच में गायकवाड़ ने संकेत दिया था कि यह स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जल्द वापसी करेगा। दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा।

### हेड टू हेड

| | |
|---|---|
| मैच | 31 |
| सीएसके जीती | 20 |
| केकेआर जीती | 11 |

## महिला टी-20 विश्व कप चैंपियन टीम को मिलेंगे 21.8 करोड़ रुपए

**दुबई, जेएनएन।** आईसीसी ने सोमवार को आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित पिछले सत्र की कुल पुरस्कार राशि 7,958,077 डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपए) थी, जो अब बढ़कर 8,764,615 डॉलर (लगभग 82 करोड़ रुपए) हो गई है। विजेता टीम को 23,40,000 डॉलर (लगभग 21.8 करोड़ रुपए) मिलेंगे, जबकि उपविजेता को 11,70,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपए) प्राप्त होंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 6,75,000 डॉलर (लगभग 6.29 करोड़ रुपए) मिलेंगे, जबकि प्रत्येक ग्रुप मैच जीतने पर टीमों को 31,154 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपए) मिलेंगे। सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम लगभग 2.06 करोड़ का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा।


## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग (भ/स), शहडोल संभाग, शहडोल (म.प्र.)

Web site: www.mppwd.gov.in
Phone No. 07652-240308
Email:- eepwdvshahdol@nic.in
Fa& No. 07652-245511

### निविदा आमंत्रण-सूचना

निविदा सूचना क्र. 01/2026-27 दिनांक 09.04.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा फार्म (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB _4 98803_1 | शहडोल | संभाग शहडोल के उपसंभाग ब्यौहारी में खैर माता से गोटियान टोला मार्ग लं. 1.30 किमी. कुल 1.90 किमी. में पी.बी.एम.सी. आधारित मार्ग का रख-रखाव मरम्मत कार्य। | प्रथम | 03 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | 29.74 | 50000/- | 5000/- |
| 2 | 2026 PWDRB _4 98821_1 | शहडोल | संभाग शहडोल के उपसंभाग ब्यौहारी मानपुर सीसी मार्ग लं. 5.00 किमी कुल लं. 24.80 किमी. में पी.बी.एम.सी. आधारित मार्ग का रख-रखाव मरम्मत कार्य। | प्रथम | 06 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | 265.79 | 265790/- | 15000/- |
| 3 | 2026 PWDRB _4 98836_1 | शहडोल | संभाग शहडोल के उपसंभाग ब्यौहारी पसगढ़ी-देवरी-जनकपुर लं. 8.00 किमी. कुल लं. 24.80 किमी. में पी.बी.एम.सी. आधारित मार्ग का रख-रखाव मरम्मत कार्य। | प्रथम | 06 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | 265.92 | 265920/- | 15000/- |
| 4 | 2026_PWDRB _4 98843_1 | शहडोल | संभाग शहडोल के उपसंभाग शहडोल के खमरिया से ढाखर नरवार तिराहा से कुवर सेझा, हर्राटोला, हथगला से बलबहरा, ऐंताझर से दूधी एवं मरजाद से चाका कुल नं. 19.07 किमी. में मार्गों के रख-रखाव मरम्मत कार्य। पी.बी.एम.सी.। | प्रथम | 06 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | 388.61 | 388610/- | 15000/- |
| 5 | 2026_PWDRB _4 98859-1 | शहडोल | संभाग शहडोल अन्तर्गत उपसंभाग शहडोल के फतेहपुर से ऐंताडार, जुरुगू से रोसली, धनौरा गरफदिया-बम्हरी एवं उधिया से छाता कुल लं. 12.92 किमी. में मागों के रख-रखाव मरम्मत कार्य। पी.बी.एम.सी.। | प्रथम | 06 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | 281.55 | 281550/- | 15000 |
| 6 | 2026_PWDRB _4 98869_1 | शहडोल | संभाग शहडोल के उपसंभाग म्यौहारी ब्लाक ब्यौहारी से छपराटोला से महुमा टोला, चितरासी न्यू बस्ती से गोदाही टोला, ओदरी से बलेकूडा मार्ग, ओदरी से इंदवार गार्ग, साखी से पुरनिहा टोला मार्ग एवं पसगढ़ी देवरी जनकपुर मार्ग लं. 12.40 किमी, का रख-रखाव मरम्मत कार्य। एस.टी.एम.सी.। | प्रथम | 06 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | 179.29 | 179290/- | 12500/- |
| 7 | 2026_PWDRB _4 98881_1 | शहडोल | संभाग शहडोल के पढ़खुरी पहुंच भार्ग, गोहपारू बुडनवाह, ओढकी पहुंच मार्ग, सरफा पहुंच मार्ग, साखी से छत्तीसगढ़ रोड, बराटोला टिकुरी मार्ग, हर्राटोला से महुआ टोला, साखी से पुरनिहा मार्ग, बिरौढ़ी से भरुआ मार्ग मझगंवा से बैगान टोला, ढाकर से छतई मार्ग एवं मझौली तिराहा से हर्राटोला मार्ग कुल लं. 33.90 किमी. का रख-रखाव मरम्मत कार्य। एस.टी.एम.सी.। | प्रथम | 06 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | 185.22 | 185220/- | 12500/- |
| 8 | 2026_PWDRB _4 98894 1 | शहडोल | उपसंभाग ब्यौहारी अन्तर्गत विधायक आवास (2एच टाईप) में विशेष मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | 4.24 | 8480/- | 2000/- |
| 9 | 2026_PWDRB _4 98900 1 | शहडोल | संयुक्त जिला कार्यालम शहडोल के एनआईसी कक्ष का मरम्मत कार्य (सुधार कार्य) | प्रथम | 03 माह सहित | 4.24 | 8480/- | 2000/- |
| | | | | | TOTAL | 1604.60 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 09.04.2026 से अंतिम तिथि 21.04.2026 सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेवसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

G-11452/26

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
(भ/स) संभाग शहडोल (म.प्र.)

# विधायक देवतालाब ने मझगवां में किया नलजल योजना का लोकार्पण



**मऊगंज, जागरण।** जल जीवन मिशन के तहत मऊगंज जिले में समूह नलजल योजना तथा एकल नलजल योजनाओं का कार्य किया जा रहा है। पूर्ण एकल नलजल योजनाओं को समारोहपूर्वक ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किया जा रहा है। इस क्रम में ग्राम मझगवां में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने नलजल योजना का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हर घर में नल से जल पहुंचाने का संकल्प धीरे-धीरे पूरा हो रहा है। मझगवां के सभी घरों में अब नल से साफ पानी पहुंचेगा। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें। साथ ही सभी ग्रामवासी नलजल योजना के संचालन और संधारण में सहयोग करें। यह नलजल योजना आपके लिए ही है। ग्राम पंचायत द्वारा तय की गई जल कर की मामूली सी राशि का भी नियमित भुगतान करें।

समारोह में कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने जल जीवन मिशन के तहत मऊगंज जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों को जल स्वच्छता की शपथ दिलाई। समारोह में सरपंच, पंचगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गुमशुदा की सूचना देने वालों को इनाम की घोषणा

**मऊगंज, जागरण।** पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी ने नईगढ़ी थाना क्षेत्र में गुमशुदा बालक-बालिकाओं की पतासाजी के लिए इनाम की घोषणा की है। थाना नईगढ़ी में तीन अलग-अलग गुमशुदगी की सूचना देने वालों को पाँच-पाँच हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई है। इसी तरह तीन अन्य मामलों में गुमशुदा अथवा अपहृत बालक-बालिकाओं के संबंध में सूचना देने अथवा दस्तयाब कराने पर दो-दो हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है। पुरस्कार वितरण में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक मऊगंज का होगा। इनाम की घोषणा पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्रमांक 80 ए में निहित प्रावधान के तहत की गई है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ आंवी में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**आंचलिक डेस्क।** ग्राम आंवी प्रभुनाथ में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलने जा रहा है। कुलगुरू पंडित बागेश महाराज व कथा वाचक पंडित भूपेन्द्र शास्त्री के श्रीमुख से कोकिला स्वर की मधुर प्रस्तुति के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान पंडित रामप्रपन्न गौतम धर्मपत्नी शांती गौतम के द्वारा कलश यात्रा की शुरूआत की गई। इस अवसर पर भव्य कलश शोभा यात्रा हनुमान मंदिर से निकाली गई। इसके पश्चात शोभा यात्रा पूरे आंवी गांव का भ्रमण करते हुए अपराह्न में गणेश पूजा एवं बैठकी के साथ संपन्न हुई। इस भव्य आयोजन में गांव के सभी गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आंवी गांव में आयोजित यह धार्मिक महोत्सव श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति रस में डूबने का एक सुनहरा अवसर है। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में पं. भूपेन्द्र शुक्ल शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। शास्त्री ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। कथा का श्रवण करने भारी भीड़ एकत्रित रही। आयोजकों ने कथा का श्रवण करने प्रतिदिन आने की क्षेत्रवासियों से अपील की है।

# दफ्तर से गायब जनपद के 14 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

## अनुपस्थिति पर प्रशासन सख्त, अवैतनिक कार्रवाई की चेतावनी




**रायपुर कर्चुलियान।** जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में शासकीय कर्मचारियों की लापरवाही पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र के माध्यम से 14 कर्मचारियों को बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया गया है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि 3 अप्रैल 2026 को सुबह 10:40 बजे कार्यालय की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी बिना किसी अवकाश आवेदन अथवा पूर्व अनुमति के अनुपस्थित पाए गए। इसे शासकीय सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए प्रशासन ने संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की है। नोटिस में जिन कर्मचारियों के नाम शामिल हैं, उनमें अंकिता तिवारी (एसएसओ), गोविन्द नारायण श्रीवास्तव (एपीओ मनरेगा), बृजेश दुबे (बीसी आवास), रश्मी (बीसी एसबीएम), अतुल कुमार वर्मा (कार्यालय सहायक वर्ग-03), राजेश वर्मा (एडीएम मनरेगा), हरिश्चन्द्र कुशवाहा, आलोक त्रिपाठी, अनामिका दुबे (सभी एडीईओ), अंकिता वर्मा, मीना दुबे, मृदुल पाण्डेय, प्रदीप सोनी (सभी डीईओ) तथा प्रवेश पटेल (कार्यालय सहायक वर्ग-03) शामिल हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी अनुपस्थिति का लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो संबंधित दिनांक को अवैतनिक घोषित किया जा सकता है। इसके साथ ही कर्मचारियों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय का निर्धारित समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक है और सभी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना अनिवार्य है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता दोहराई जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। इस कार्रवाई से यह संकेत मिलता है कि जिला प्रशासन अब कार्यालयीन अनुशासन को लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई बरतने के पक्ष में नहीं है और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाए जा रहे हैं।

# गैस एजेंसी संचालक एवं स्थानीय दुकानदार मिलकर कर रहे गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी

## रात तीन बजे से उपभोक्ता अपने नंबर का करते हैं इंतजार, गैस मिलने की नहीं रहती गारंटी

**हनुमना, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश शासन के एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा यह आश्वासन दिया जा रहा है कि हमारे सरकार के पास गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन हनुमना की जनता गैस सिलेण्डर की समस्या से जूझ रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने संवाददाता को बताया कि यदि गैस की जरा भी कमी नहीं है तो क्यों उपभोक्ताओं को 2000, 3000 रु में हनुमना खटखरी, पहाड़ी, गौरी, शाहपुर, कैलाशपुर, मऊगंज जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं नगरीय स्थान में गैस की मारामारी एवं कालाबाजारी चल रही है, जिसका नतीजा यह हो रहा है कि अब स्थानीय दुकानदार ग्राहकों को गैस के नाम पर हर सामान बड़े दामों में बिक्री कर रहे हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि गैस एजेंसी संचालक द्वारा दुकानदारों को चोरी छिपे गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी की जा रही है। यह कालाबाजारी अधिकतर रात्रि के समय हो रही है।



### प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

हनुमना बाजार में भी गैस के नाम पर होटल में रेट बढ़ा दिया गया है। इसका मूल कारण है गैस सिलेंडर की कालाबाजारी, गैस एजेंसी संचालक एवं गैस के स्थानीय दुकानदार की साठ गांठ होने से यह गोरख धंधा फल फूल रहा है, जिसकी जानकारी जिला के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को भी दी जाती है। दैनिक जागरण समाचार द्वारा प्रमुखता से खबर कुछ दिन पूर्व प्रकाशित किए जाने पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मऊगंज में कार्यवाही की गई परंतु हनुमना नगर में एक दिन भी कार्यवाही कहीं भी नहीं की गई जिस कारण से कालाबाजारी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

### कालाबाजारी पर लगाम लगाने स्थानीय जनता ने की अपील

लोगों का कहना है कि अब सवाल यह पैदा हो रहा है कि जिले के सक्षम अधिकारी इस बात पर अभी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं कि दुकानदारों द्वारा गैस सिलेंडर का भरपूर भंडारण अपने-अपने गोदाम में कर चुके हैं तथा मजबूर दुकानदार एवं उपभोक्ताओं को अपने मनमर्जी रेट पर बिक्री कर रहे हैं। नगरीय एवं ग्रामीण लोगों ने जिला दंडा अधिकारी मऊगंज खाद्य सुरक्षा अधिकारी मऊगंज अनुविभागीय अधिकारी हनुमना से यह मांग है कि चिन्हित स्थानों में जहां-जहां गैस सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही है उस दुकान में दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# हनुमना में आज बाबा साहब की जयंती मनाएगी कांग्रेस



## मुख्य अतिथि होंगे प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के हनुमना में कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती समारोह 14 नवंबर 2026 को क्षेत्र के मोटवा बाईपास में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संवाददाता को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों से जारी है, कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवलाल साकेत अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिलाल कोल जिला कांग्रेस अध्यक्ष मऊगं, गोविंद नारायण तिवारी जनपद पंचायत अध्यक्ष हनुमना सहित कई अन्य शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर अपील की गई है कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह में पहुंचने की अपील की गई है बताया गया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इसवर्ष भी हर्षउल्लास के साथ मनाया जाएगा।

## डॉ. अम्बेडकर जयंती पर होगा विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**मऊगंज जागरण।** मऊगंज जिले में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि विशेष ग्राम सभा में डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की चर्चा की जाएगी। ग्राम सभा में महिला सशक्तिकरण, स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था, जल संरक्षण के कार्यों, सामाजिक कल्याण की योजनाओं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की सूची का वाचन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण



**मऊगंज, जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने निर्माणाधीन नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों के लिए बनाए जा रहे आवासीय भवनों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जनसुनवाई हाल, आगंतुक दीर्घा तथा अन्य कक्षों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नवीन कलेक्ट्रेट भवन का उद्देश्य आम जनता को एक ही छत के नीचे पारदर्शी और सुगम प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि बेहतर कार्यसंस्कृति के अनुरूप एक गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा तैयार हो। निरीक्षण के दौरान एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, परियोजना क्रियान्वयन इकाई के कार्यपालन यंत्री, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित

**मऊगंज, जागरण।** पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी मनीष पटेल पिता अच्छेलाल पटेल निवासी ग्राम ढनढन डाड़ी टोला की गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा की है। आरोपी की गिरफ्तारी कराने अथवा इस संबंध में सूचना देने वाले को नगद इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार वितरण में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक मऊगंज का होगा। इनाम की घोषणा पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्रमांक 80 ए में निहित प्रावधान के तहत की गई है।

# छात्र-छात्राओं को मिलने वाले भोजन की राशि गटक रहे छात्रावास अधीक्षक

## जिला संयोजक की मेहरबानी से ग्रामीण छात्रावासों में व्यापक भ्रष्टाचार

**हनुमना, नि.प्र.।** रीवा जिला से पृथक नवीन जिला मऊगंज के विकासखंड हनुमना के ग्रामीण क्षेत्र मुख्य रूप से पिपराही, जडकुड में जो छात्रावास संचालित है, वहां भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। संवाददाता को ग्रामीण बालक-बालिकाओं के अभिभावकों ने बताया कि छात्रावास के अधीक्षक एवं अधीक्षाकाएं शासन के नियम अनुरूप 3 वर्षों से ऊपर कार्यरत हैं और छात्रावासों के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता हो रही है, शासन के नियमों के अनुरूप कोई भी कार्य नहीं हो रहा है, बच्चों को सुविधायुक्त भोजन, कपड़े, तेल, साबुन आदि व्यवस्थाओं की मार छात्र और छात्राओं को झेलनी पड़ रही है। इन छात्रावास में अधीक्षक स्थानीय निवासी होने के कारण इनका विरोध ग्रामीण बच्चे या अभिभावक करने में असमर्थ हैं। विरोध करने पर भी इनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती। अभिभावकों ने संवाददाता से बात करते हुए आरोप लगाया कि इन छात्रावासों के संचालकों को जिला संयोजक का संरक्षण प्राप्त है जिस कारण छात्रावास के अधीक्षाकाएं या अधीक्षक के ऊपर कोई भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाती और शासन के गाइडलाइन के अनुसार सभी छात्रावास में 3 साल ही नियमावली अधीक्षक कार्यरत है फिर भी ग्रामीण छात्रावास में 3 वर्षों से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी इन छात्रावास के अधीक्षक को उनके मूल पद में नहीं भेजा जा रहा है। अभिभावकों ने जिला अधिकारी मऊगंज एवं जिला संयोजक से यह मांग है कि ग्रामीण छात्रावास में 3 वर्षों से अधिक हो चुके कार्यरत अधीक्षक का स्थानांतरण कर मूल पद में किया जाए एवं छात्रावास में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए।

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण: कलेक्टर



**मऊगंज, जागरण।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता से कराएं। गत छः माह से अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण कराएं। साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों में विभागीय पक्ष को सुदृढ़ रूप से प्रस्तुत करने के लिए जवाब दावा समय-सीमा में प्रस्तुत करें। राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण होने से आमजन को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी तथा प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ होगा। कलेक्टर ने बटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि इनका निराकरण निर्धारित प्रक्रिया एवं समय-सीमा में करें। विभिन्न शासकीय विभागों और कार्यालयों के लिए लंबित भूमि आवंटन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। बैठक में लंबित सीएम मॉनिटरिंग के प्रकरणों, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की प्रगति तथा स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा स्वामित्व योजना के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर लंबित शिकायतो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं। बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए उन्होंने सभी विभागों को डिजिटल कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने केंद्र निर्धारण एवं किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र किसान शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, जिले के सभी राजस्व अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएच-135बी के निर्माण में इंजीनियर और ठेकेदार मिलकर बदल रहे सड़क की चौड़ाई

## पटवारी ने किया था सीमांकन लेकिन अब इंजीनियर और ठेकेदार कर रहे नया निर्धारण

**जवा ब्यूरो।** रीवा जिले के सिरमौर से डभौरा एनएच-135 बी सड़क निर्माण कार्य हेतु सड़क के पूर्व दिशा एवं पश्चिमी दिशा में सीमा का निर्धारण हेतु सड़क को बीचो-बीच दोनों तरफ नपाई का कार्य कर सीमांकन सहित नक्शा मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने संवाददाता को बताया कि सड़क के सीमांकन कार्य में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों की अनदेखी कर अपने चहेतों को लाभान्वित करने हेतु सड़क के बीचों बीच दोनों किनारे तरफ हो रही नपाई सीमांकन कार्य पर अतरैला बाजार वासियों सहित ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जवा को ज्ञापन सौंपकर सड़क सीमांकन कार्य निष्पक्ष तरीके से कराएं जाने की मांग की है। बाजार वासियो का संवाददाता से कहना है कि नेशनल हाईवे 135बी सिरमौर से डभौरा सड़क सीमांकन कार्य में भारी अनियमितता की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीच सड़क से पूर्व दिशा की तरफ बीच सड़क से चौड़ाई लगभग 34 फीट रखी जा रही है, जबकि बीच सड़क से पश्चिमी दिशा दूसरी तरफ केवल 26 फीट मापी जा रही है। जिससे नाराज बाजार वासियो ने एसडीएम जवा को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सड़क की दोनों ओर बराबर-बराबर माप कर निष्पक्ष तरीके से निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 15 दिन पहले अतरैला हल्का पटवारी द्वारा बीच सड़क से दोनों तरफ 30-30 फीट मापकर सड़क निर्माण हेतु सीमांकन निर्धारण किया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद इंजीनियर और ठेकेदार द्वारा उस मापदंड को बदल दिया गया वा बीच सड़क से एक तरफ 35फिट एवं एक तरफ 26 फिट माप का कार्य किया जा रहा है जो पूर्णतया गलत है। इससे लोगों में असंतोष बढ़ गया है। बाजार वासी सुरेंद्र दास तिवारी, राजेश्वर प्रसाद मिश्रा, रजनीश गुप्ता, रोहित प्रसाद गुप्ता, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, प्रभु दयाल गुप्ता, हरि शरण मिश्रा, सहित कई ग्रामीणों ने एकजुट होकर शासन-प्रशासन से निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

# बीआरसीसी कार्यालय त्योंथर बना भ्रष्टाचार का अड्डा

**त्योंथर ब्यूरो।** त्योंथर का बीआरसीसी कार्यालय इन दिनों भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरा हुआ है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां पूरा प्रशासनिक सिस्टम मानो आंख मूंदकर बैठा है। दो शिक्षकों द्वारा सोशल मीडिया पर उजागर किए गए मामलों ने न केवल विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि नीचे से ऊपर तक जवाबदेही का तंत्र लगभग निष्क्रिय हो चुका है। शिक्षक समायोजन योजना द्वारा वेतन वसूली में गड़बड़ी और सपोर्टिंग सामग्री द्वारा शासकीय राशि में कथित घोटाले के आरोप कोई साधारण शिकायत नहीं है। ये सीधे-सीधे उस व्यवस्था पर चोट हैं, जो बच्चों के भविष्य और शिक्षा के नाम पर चल रही है। संवाददाता को स्थानीय लोगों ने आगे बताते हुए कहा कि सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब एक शिक्षक ने पारदर्शिता के तहत बिल-वाउचर मांगे, तो उसे जानकारी देने के बजाय धमकाने की कोशिश की गई। यह दर्शाता है कि कार्यालय में नियम नहीं, बल्कि दबाव और डर का शासन चल रहा है। और तो और, बीआरसीसी से जुड़े कर्मचारियों के परिजनों के माध्यम से शासकीय राशि के उपयोग के आरोप इस बात की ओर इशारा करते हैं कि हितों का टकराव खुलेआम नजरअंदाज किया जा रहा है। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप देने जैसा है। लोगों ने प्रश्न दागते हुए कहा कि सबसे बड़ा सवाल अब प्रशासनिक अधिकारियों पर खड़ा होता है—क्या जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई करेंगे, या फिर फाइलों में दबाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?

# गांव चलो-बस्ती चलो अभियान में दिखा भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह



**गुढ़, नि.प्र.।** गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत शक्ति केंद्र बदवार, दुआरी, जरहा, तमरा देश एवं पुरवा के विभिन्न बूथों और गांवों में भाजपा कार्यकताओं ने व्यापक जनसंपर्क किया । इस दौरान शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात कर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया गया। अभियान के दौरान चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता ने किया। यह अभियान 8 अप्रैल 2026 से 12 अप्रैल 2026 तक लगातार संचालित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, काशीनाथ पटेल, मंडल उपाध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा, पूर्व सरपंच रामायण सिंह, सरपंच शिवेंद्र सिंह, सरपंच विनय जायसवाल, जगन्नाथ पटेल, विधानसभा आईटी सेल प्रभारी राजबहोर कुशवाहा, संतोष द्विवेदी, ददन प्रसाद पाण्डेय, संतोष कुमार द्विवेदी, प्रभात तोमर, संजय जायसवाल, मदन गोपाल अग्निहोत्री, अमृत लाल गुप्ता, रघुनाथ पटेल, दिवाकर सिंह, शिवधर द्विवेदी, चंद्रमणि यादव, शिवेंद्र उपाध्याय, हरीश कुमार पाण्डेय, अमरबहादुर सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर को कोटि-कोटि नमन

न्याय, समानता और समरसता के मूल्यों से सशक्त होता मध्यप्रदेश



## 136वीं जयंती समारोह

14 अप्रैल, 2026
डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)
जिला इंदौर

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

“भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के समाज कल्याण के लिए किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता बाबासाहेब की न्याय, समानता और समरसता की विरासत हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी।”

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपनों को समर्पित विकास

**आस्था से जुड़ाव**

बाबासाहेब से जुड़े महू, दिल्ली, नागपुर, मुंबई और लंदन में स्थित 5 ऐतिहासिक स्थल मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल

**वैश्विक आस्था और अध्ययन का केंद्र महू**

स्मारक, संग्रहालय, सभागार, स्वागत द्वार एवं अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च सेंटर का विकास

**सम्मान का प्रतीक नामकरण**

महू रेलवे स्टेशन का नाम 'डॉ. अम्बेडकर नगर'

**युवा स्व-रोज़गार उद्यम को नई उड़ान**

डेयरी इकाई के लिए कामधेनु योजना में ₹42 लाख तक ऋण

आर्थिक कल्याण योजना में ₹1 लाख तक अनुदान

संत रविदास स्व-रोज़गार योजना में ₹1 लाख से ₹50 लाख तक सहायता

उद्योग उदय योजना के माध्यम से MSME को वित्तीय सहयोग

**शिक्षा में उत्कृष्टता का सम्मान**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना
10वीं-12वीं में प्रोत्साहन पुरस्कार

उच्च शिक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप

**पर्यावरण और विरासत का संगम**

सागर में 25वां डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य घोषित

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

D - 11005/26

# जेल में बंद कैदी की उपचार के दौरान एसजीएमएच में मौत

## परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया हंगामा



जागरण, रीवा

सीधी जेल में बंद कैदी लल्लू साकेत को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल में रेफर किया गया था जहां उपचार के दौरान कैदी की मौत हो गई। कैदी की मौत पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप सोमवार को अस्पताल में जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि कैदी की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों की अभद्रता भी सामने आई है। मिली जानकारी के मुताबिक कैदी की सुरक्षा में तैनात तीन पुलिस कर्मी प्रधान आरक्षक उदय राज सिंह, आरक्षक मनीष तिवारी और एएसआई नर्मदा प्रजापति अस्पताल में थे, जो नशे की हालत में थे। इस पूरे मामले में अस्पताल अधीक्षक ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए है।

**डस्टबिन में यूरिन करते आरक्षक का वीडियो वायरल :** संजय गांधी अस्पताल में सीधी से कैदी को लेकर आए आरक्षक का वार्ड के अंदर डस्टबिन में यूरिन करते वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में आरक्षक मनीष तिवारी अस्पताल की डस्टबिन में यूरिन करते नजर आ रहा है। इस दौरान अन्य मरीज सहित उनके परिजन भी मौजूद दिखाई पड़ रहे हैं। वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों के परिजनों की मानें तो पुलिस कर्मी रात में नशे की हालत में थे, एक ने अपनी वर्दी उतारकर बॉटल के स्टैंड में टंगा दी वहीं दूसरा डस्टबिन में जाकर मरीज और उनके परिजनों के सामने ही यूरिन करने लगा । बताया गया कि इस दौरान पुलिस कर्मी की यह हरकत देख वार्ड में मौजूद लोगों द्वारा उसका वीडियो बना लिया गया जो अब सोशल मीडिया में वायरल है। अस्पताल अधीक्षक राहुल मिश्रा ने बताया कि पुलिसकर्मी नशे में बताए गए हैं, जिस पर कार्रवाई की जा रही है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311


# सोहागी टोल प्लाजा में किसान नेता और टोल कर्मचारियों के बीच हुआ विवाद

## घटना का वीडियो वायरल, बिना भुगतान काफिला निकलने पर बनी विवाद की स्थित



**जागरण, रीवा।** प्रयागराज हाईवे के सोहागी घाटी पर स्थित बंसल टोल प्लाजा पर कर्मचारियों और किसान नेता के काफिले के बीच रविवार की सुबह टकराव की स्थिति निर्मित हो गई। टोल कर्मचारियों के मुताबिक वाद विवाद करते हुए काफिले में शामिल लोग जबरन टोल प्लाजा के बैरियर खोलकर वहां से निकल गए। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के किसान नेता का गई गाड़ियों में काफिला उत्तर प्रदेश से रीवा की ओर आ रहा था। इस दौरान जैसे ही सोहागी घाटी के बंसल टोल प्लाजा पर काफिला पहुंचा तो प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें रोक लिया और टोल शुल्क की मांग करने लगे। इस दौरान कई वाहनों में मौजूद लोग वाहनों से नीचे उतरे और जबरन टोल प्लाजा के बैरियर को हटाते हुए सभी गाड़ियों को निःशुल्क निकलवा दिया। इस बीच टोल कर्मियों ने वाहनों को रोकने का प्रयास किया तो टकराव की स्थिति निर्मित हो गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल साइट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# डॉ. अंबेडकर जयंती पर केंद्रीय जेल से 13 आजीवन कारावास के बंदी होंगे रिहा

**रीवा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी गई सजा में छूट का लाभ पाकर केंद्रीय जेल रीवा के 13 बंदी 14 अप्रैल को रिहा किए जाएंगे। जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर राज्य शासन ने इन बंदियों की रिहाई के आदेश जारी किए हैं। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि रिहा होने वाले अधिकांश बंदियों ने जेल में रहते हुए विभिन्न स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। यह प्रशिक्षण जेल से बाहर जाने के बाद उनके पुनर्वास और गरिमामय जीवन यापन में सहायक सिद्ध होगा। रिहा होने वाले बंदियों को उनके रिहाई प्रमाण-पत्र के साथ-साथ उनके द्वारा जेल में किए गए कार्य के पारिश्रमिक की बैंक पासबुक भी प्रदान की जाएगी। सभी बंदियों के परिजनों को उनकी रिहाई की सूचना पहले ही भेज दी गई है ताकि वे उन्हें लेने जेल पहुंच सकें। रिहा होने वाले 13 बंदी विभिन्न जिलों से संबंधित हैं, जिनमें सीधी के तीन, शहडोल के छः, सिंगरौली के दो तथा अनूपपुर और उमरिया के एक-एक बंदी शामिल हैं।

# 22 पेटी अंग्रेजी और देसी शराब के साथ 1 गिरफ्तार



**जागरण, रीवा।** जिला आबकारी टीम द्वारा सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुठिला में एक मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में शराब की खेप जब्त की है। मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई सहायक आबकारी अधिकारी डीपी सिंह और गोकुल प्रसाद मेघवाल के नेतृत्व में की गई। बताया गया कि सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुठिला निवासी पुष्पेंद्र वर्मा 37 वर्ष के घर में दबिश देकर 17 पेटी देशी और पांच पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा कुल 22 पेटियों में 198 बल्क लीटर शराब जब्त करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर आरोपी पुष्पेंद्र वर्मा को पकड़ा है।

## पानी में डूबने से दो की मौत, सड़क के किनारे एक शव मिला

# दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया युवक डूबा, मौत

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करहिया घाट की घटना, परिवार में छाया मातम



**जागरण, रीवा।** सोमवार को पानी में डूबने से दो की मौत हो गई जबकि एक शब सड़क के किनारे मिला। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत करहिया स्थित बीहर नदी में नहाने गए युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई है। युवक दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। नदी की गहराई में फंसे युवक को बचाने का आसपास के लोगों ने प्रयास किया लेकिन वो सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना पुलिस पुलिस की एफआरवी व चीता मोबाइल टीम भी मौके पर पहुंची थी। नदी में पानी का तेज बहाव था, जिसे बंद कराया जा रहा था, उसी दौरान युवक का शव नदी में मिल गया जिसके बाद उसे संजय गांधी अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। नदी में डूबने वाला युवक करहिया निवासी 21 वर्षीय युवक मनीष कुमार साहू पिता रामकुमार साहू बताया गया है। घटना सोमवार दोपहर की है। बताया जा रहा है कि युवक पड़ोस में रहने वाले अपने दोस्त बेटू यादव के साथ बीहर नदी में नहाने गया था। दोनों दोस्त नदी में नहा रहे थे, तभी मनीष अचानक से नदी की गहराई में चला गया गहरे पानी में डूबने लगा, इस दौरान दोस्त ने पहले तो अपने स्तर पर बचाने की का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हुआ है।

# शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का बढ़ा दबाव, दुर्घटना से बचने पुलिस ने दी समझाइश, लगाए रेडियम



**जागरण, रीवा।** बायपास में पुल क्षतिग्रसत होने के बाद शहर के अंदर भारी वाहनों को दबाव बढ़ गया है। सड़क किनारे बड़ी संख्या में भारी वाहन नो एंट्री के इंतजार में खड़े रहते है। चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने सोमवार को सड़क किनारे खड़े भारी वाहन के चालकों को दुर्घटनाओं से बचाव के लिए समझाइश दी, साथ ही ऐसे वाहनों में रेडियम भी लगाये गए। उन्होंने भारी वाहनों को उचित स्थान पर खड़े होने के साथ ही सड़क पर नहीं खड़े करने को कहा साथ ही नो एंट्री के बाद ही शहर के अंदर से वाहनों को गुजरने के लिए निर्देशित किया। गौरतलब है कि शहर के चोरहटा और रतहरा में इस समय भारी वाहनों की लंबी कतार देखी जा रही है। बायपास मार्ग में पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद से यह स्थित बनी है। रात में भारी वाहनों की लंबी कतार शहर के अंदर से होकर गुजर रही है, जिससे रात के समय सड़कों पर कई जगह जाम जैसी स्थित भी देखने को मिल रही है।

# बावली में डूबने से किसान की मौत



गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लौरी नंबर 2 में बीती शाम एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। खेत में कार्य के दौरान बावली के पास गए किसान का पैर फिसल गया, जिससे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अच्छे लाल साकेत पिता संतु साकेत 47 वर्ष रविवार की शाम करीब 5 बजे खेत में गेहूं की फसल काट रहे थे। इसी दौरान पास स्थित बावली में वे पानी लेने गए थे और हादसे का शिकार हो गए। अचानक अच्छे लाल का पैर फिसला और वो पानी की गहराई में समा गए। बताया गया कि कीचड़ और पानी की गहराई के चलते वे खुद को संभाल नहीं सके जिससे डूबने से उनकी जान चली गई। घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे उन्हें तत्काल सहायता नहीं मिल सकी। जब देर शाम तक वे घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई और गांव के लोगों के साथ उनकी तलाश शुरू की गई। रातभर परिजन और ग्रामीण खेतों व आसपास के इलाकों में उनकी खोज करते रहे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे खेत के पानी में उनका शव बावली में उतराता दिखा। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गढ़ थाना प्रभारी अवनीश पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पानी में डूबने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# ससुराल गए युवक की संदेहास्पद मौत



शहर के घोघर मोहल्ले के रहने वाला युवक ससुराल गया था जहां उसकी संदेहास्पद मौत हो गई। बताया गया कि रायपुर कर्चुलियान में युवक की ससुराल थी। ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह रायपुर पुलिस को एक अज्ञात युवक के बेहाशी हालत में सीतापुर मोड़ में पड़े होने की सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहले तो युवक की शिनाख्तगी नहीं हो सकी जिसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवक के संबंध में सूचना वायरल करवाई। बताया गया कि दोपहर को युवक के परिजनों का पता लग गया, जिसके बाद मृतक की पहचान चंदन पासी पिता रामसिया पासी 34 वर्ष निवासी घोघर के रूप में की गई है। रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि युवक की मौत के कारण फिलहाल अभी स्पष्ट नही है, पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे। पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।


विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एकिजमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियां Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

GANDHI ADARSH HR. SEC. SCHOOL, RATAHRA, REWA
37 वर्षों से संचालित विश्वास का प्रतीक
ENGLISH MEDIUM Nursery to 12th Bio, Maths, Com.
हिन्दी माध्यम कक्षा 6वीं से 12वीं तक बायो, मैथ्स, कामर्स, (आर्ट) संकाय
ADMISSION OPEN Session- 2026-27
• Bus Facility Available. • fully Smart Classes.
Cont. - 9229488345, 9424787885, 9039974644

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एम्ब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एम्ब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन
एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एवं महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
रीवा में 19 अप्रैल 2026
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
डॉ. अखिलेश दुबे
एम.डी., डी.एम. कार्डियोलॉजी एम्स नई दिल्ली
(गोल्ड मेडलिस्ट), एफ.ई.एस.सी., एफ.एस.सी.ए.आई. (USA)
कंसल्टेंट - इंटरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट, डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ कार्डियोलॉजी
पता - गोयल मार्केट, (बाल भारती स्कूल के बगल में) डॉ. संजय मिश्रा की क्लिनिक में, सिरमौर चौराहा, रीवा-486001
समय: सुबह 10:00 से 3:00 तक
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें :- 7000598450,8839604296,8305923943,8109456222

आवश्यकता है
पतंजलि पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल
गढ़, जिला-रीवा (म.प्र.) अंग्रेजी माध्यम
विद्यालय में योग्य, समर्पित शिक्षकों की आवश्यकता है, इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 25.04.2026 तक अपने शैक्षणिक योग्यता+अनुभव प्रमाण-पत्र के साथ विद्यालय कार्यालीन समय सुबह :08 बजे से 01 बजे दोपहर तक संपर्क करें।
अनुभवी प्रशिक्षित शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी। वेतन योग्यतानुसार
रिक्त पदों की सूची
विषय: भौतिक विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, हिन्दी, विज्ञान, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर
संपर्क नं.: 9131132609, 9340750093

डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन)
DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
उपलब्ध सुविधाएं
पता: श्रवण कुमारी स्कूल के पास,गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

K.V.M. CONVENT HR. SEC. SCHOOL
हाउसिंग बोर्ड बोदाबाग रीवा । मो. 9425185999
ADMISSION FEE FREE Nur.To 12th
K.V.M. KIDS PLAY SCHOOL
अरूण नगर खदान रोड रीवा । मो.: 9244305610
ADMISSION OPEN Session: 2026-27 Nursery To 12th
आवश्यकता है
Science/English, Expert Principal एवं इंगलिश मिडियम में योग्य, अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति सुबह 8 बजे से 2 बजे तक स्कूल ऑफिस में बायोडाटा जमा कर सकते है।
संपर्क करें-
K.V.M. CONVENT HR. SEC. SCHOOL
हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोदाबाग रीवा 9425185999

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

महर्षि बाल विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय
द्वारिका नगर रीवा (म.प्र.)
अंग्रेजी माध्यम
प्रवेश प्रारंभ सत्र-2026-27
आवश्यकता है
अंग्रेजी माध्यम शिक्षकों के लिए
गणित, बायो, भौतिकी, लेखाकर्म, मैनेजमेंट, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र एवं अंग्रेजी इन सभी विषयों के लिए अंग्रेजी माध्यम शिक्षकों की आवश्यकता है
(विशेष: किंडर गार्डन शिक्षकों की आवश्यकता है- 02 पद)
समय: प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 02 बजे तक संपर्क करें
संपर्क सूत्र:- 07662-359715, 9399146622

मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

TAKSHSHILA INTERNATIONAL HIGH SCHOOL, CHORGADI
एडमिशन फ्री 30.04.2026 तक
ADMISSION OPEN
Session-2026-27 Class-Nursery To 10th
Skill-Based Learning for a "Skills for today, success for tomorrow!"
At our school, learning goes beyond textbooks.
We prepare students to think, create, explore, and apply knowledge in real life
A place where every child learns with confidence, creativity & curiosity!
+919685673776, 9203102430 | Near Ramjanki Temple Chorgadi Rewa (M.P.)

REWA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi | Affiliation No.- 1031367
Where Every Student is Valued ..... Science, Art, Commerce
ADMISSION OPEN 2026-27 Nursery to 12th
Call: 9806154224, 8120154224
Add.: Ward 15, Gadariya, Ratahara, Rewa (M.P.)
Email: ripsrewaschool@gmail.com

विंध्य के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.पी.सी. द्विवेदी
एम.एस. (नेत्र)
सेवानिवृत्त एवं पूर्व विभागाध्यक्ष
का नया पता
समय: सुबह 10 बजे से 2 बजे तक
जूनियर MIG-3 हेडगेवार नगर कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने, रीवा
आस्था मेडिकल स्टोर, ढेकहा तिराहा, रीवा
समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
8966825155,7225925922,9179687302



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com